e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 200
सुविचार
सफलता खुशी का कारण नही है, बल्कि खुशी सफलता का कारण है।
# प्रभात मंत्र
रविवार
23.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23




## रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची :** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर ईडी के विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए दोनों की याचिका को खारिज कर दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

### संसद में मणिपुर को लेकर पीएम के बयान पर अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली :** संसद के मॉनसून सत्र में मणिपुर की घटना को लेकर हंगामा लगातार जारी है. विपक्ष इस घटना को लेकर प्रधानमंत्री के बयान को लेकर अड़ा हुआ है. विपक्ष ने 24 जुलाई को संसद के दोनों सदनों के फ्लोर लीडर की सुबह 10 बजे एक अहम बैठक बुलाई है. पीएम के बयान की मांग को लेकर ही सोमवार को सुबह 10.30 बजे विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के सांसद संसद भवन में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करेंगे.संसद की कार्यवाही गुरुवार और शुक्रवार को भी मणिपुर के मुद्दे पर हंगामे की भेंट चढ़ गई. विपक्ष की मांग है मणिपुर के हालात को लोकसभा और राज्यसभा में नियम 267 के तहत बहस हो. हालांकि सरकार नियम 176 के तहत चर्चा कराना चाहती है.संसद की कार्यवाही गुरुवार और शुक्रवार को भी मणिपुर के मुद्दे पर हंगामे की भेंट चढ़ गई. विपक्ष की मांग है मणिपुर के हालात को लोकसभा और राज्यसभा में नियम 267 के तहत बहस हो. हालांकि सरकार नियम 176 के तहत चर्चा कराना चाहती है.

### हाजीपुर से मैं ही चुनाव लडूंगा, दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती : पशुपति पारस

**पटना :** केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के अनुसार चिराग पासवान भले ही एनडीए की बैठक में शामिल हुए हों लेकिन वे अभी विधिवत रूप से इसके सदस्य नहीं हैं और यही कारण है कि एनडीए संसदीय दल की बैठक में उन्हें नहीं बुलाया गया. पारस ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही. पशुपति पारस ने हाजीपुर संसदीय सीट को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि इस सीट को छोड़ने का सवाल नहीं होता. चिराग के साथ फिर राजनीतिक मेल मिलाप पर उन्होंने अपनी पुरानी बात दोहराई कि दिल टूट जाने पर फिर नहीं जुड़ता.

### दो और अमरनाथ यात्रियों की मौत, इस साल मृतकों की संख्या 36 हुई

**श्रीनगर :** श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा पर गए दो और तीर्थयात्रियों की शनिवार को मौत हो गई। इसके बाद इस साल की तीर्थयात्रा के दौरान अब तक मरने वालों की संख्या 36 हो गई है। दोनों तीर्थयात्री राजस्थान के निवासी थे। मृतकों की पहचान फतेह लाल मनारिया (पवित्र गुफा में मृत्यु) और मांगी लाल (बालटाल आधार शिविर में मृत्यु) के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि उनकी उम्र 60 वर्ष थी। अधिकारियों ने बताया कि फतेह लाल मनारिया की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई लेकिन मांगी लाल की मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है। इन दो मौतों से इस साल अब तक यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या 36 हो गई है।

सीएम ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण का किया शुभारंभ

# कुशल युवाओं का झारखंड बनायेंगे : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री बोले : आपके पास हुनर होगा तो आपकी बाजार में डिमांड होगी, रोजगार के मिलेंगे बेहतर विकल्प**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आज जमाना तकनीक का है। बदलते वक्त के साथ तकनीक भी बदल रही है। ऐसे में हर इंसान को हुनरमंद होना होगा। अगर आपके पास हुनर होगा तो बाजार में आपकी डिमांड भी होगी और रोजगार के बेहतर विकल्प और अवसर भी मिलेंगे, वरना जमाने से आप काफी पीछे रह जाएंगे। ऐसे में आप अपने हुनर को निखारें और अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज राजधानी रांची के आर्यभट्ट सभागार में में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता तथा परिवहन भत्ता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि कौशल विकास से जीवन में बदलाव के साथ ऊर्जा का संचार होता है एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की शक्ति मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यहां के ग्रामीण नौजवानों के स्किल डेवलपमेंट के लिए यह योजना शुरू की है । पहले जहां आपको कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। वहीं, अब आपको अपने प्रखंड में ही खोले जा रहे बिरसा केंद्र में अपनी इच्छा के अनुरूप फील्ड में स्किल डेवलपमेंट का कोर्स निशुल्क कर सकेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशल युवाओं का झारखंड बनाने का हमारा संकल्प है। इस कड़ी में साक्षर, निरक्षर, कम पढ़े लिखे और उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं के स्किल को निखारने के लिए सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना वजह समय और करियर बर्बाद नहीं हो, आपको हर हाल में अपने आप को निखारना होगा।

**बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्ति, निजी क्षेत्रों में भी हजारों युवाओं को मिला रोजगार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही हैं। कई विभागों में हजारों पद भरे जा चुके हैं ।अनेक पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। अभी 26 हजार शिक्षकों के लिए विज्ञापन निकल चुका है । ऐसे में जहां देशभर में सरकारी नियुक्तियां सिकुड़ रही है, हम बड़े पैमाने पर युवाओं को बहाल कर रहे हैं । उन्होंने यह भी कहा कि निजी क्षेत्रों में भी अब तक 20,000 से ज्यादा युवाओं को सरकार के प्रयासों से रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। हमारा प्रयास हर हाथ को काम देना है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा,श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा,झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के मिशन डायरेक्टर सुनील कुमार,श्रम विभाग के अपर सचिव अमित प्रकाश और पवन कुमार मौजूद थे।



**स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा का खर्च दे रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने राज्य के बच्चे- बच्चियों से कहा कि आप अपने पढ़ाई पर ध्यान दें। आपकी पढ़ाई का सारा खर्च सरकार वाहन करेगी। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा तक का खर्च सरकार वाहन कर रही है । इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के साथ मेडिकल- इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए भी सरकार आर्थिक सहयोग कर रही है।

**क्या है बिरसा योजना**

मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखंड स्तर पर कौशल विकास का प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना है। इस योजना के पहले चरण में अस्सी प्रखंडों में बिरसा केंद्र खोले जा रहे हैं। यहां युवाओं को निशुल्क कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को एक हजार रुपए रोजगार प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा, जबकि युवतियों, दिव्यांगों और परलैंगिको के लिए यह राशि एक हजार पांच सौ रूपए प्रति माह होगी। इसके अलावा गैर आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को एक हजार रूपए प्रतिमाह परिवहन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में 1 वर्ष तक रोजगार भत्ता भी दिया जाएगा।

# पीएम मोदी ने 70 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले में 70,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। यह भर्ती सरकारी विभागों और संगठनों में हुई है। पीएम ने इस मौके पर कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में जब देश विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, आपका सरकारी नौकरी में आना बहुत बड़ा अवसर है। ये आपके परिश्रम का परिणाम है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत सिर्फ 9 वर्षों में दुनिया की 10वीं अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बना गया है। आज हर विशेषज्ञ ये कह रहा है कि कुछ ही वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा।

मोदी ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में सभी देशवासियों ने अगले 25 वर्ष में भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जैसे आपके जीवन में अगले 25 साल महत्वपूर्ण हैं वैसे ही भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं।

पीएम ने कहा कि आज दुनिया में भारत के प्रति जो विश्वास और आकर्षण बना है, भारत की महत्वता बनी है, हम सबको मिलकर इसका पूरा लाभ उठाना है। अर्थव्यवस्था में बैंकिंग सेक्टर की भूमिका का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि आज भारत उन देशों में से एक है, जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है। मगर 9 वर्ष पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। जब सत्ता का स्वार्थ राष्ट्रहित पर हावी होता है, तब कैसी बर्बादी होती है, इसके देश में कई उदाहरण हैं। पीएम मोदी ने कहा कि फोन बैंकिंग घोटाला ने बैंकिंग क्षेत्र की रीढ़ की हड्डी को तोड़ दी है। उन्होंने बताया कि साल 2014 में हमने बैंकिंग क्षेत्र को पुनर्जीवित करना शुरू किया।

हमने देश के सरकारी बैंकों के प्रबंधन को मजबूत किया। छोटे-छोटे बैंकों को मिलाकर एक बड़े बैंक की स्थापना की गई। सरकार ने दिवालिया संहिता लागू किया, जिससे कि अगर कोई भी बैंक भविष्य में बंद होता है तो उन्हें कम नुकसान का सामना करना पड़े।

# बांग्लादेश : तालाब में गिरी बस, 17 की मौत



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में एक यात्री बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी और 24 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश के झलकाठी जिले में यह हादसा हुआ। 60 से अधिक यात्रियों से भरी एक बस भंडरिया से बरिशाल जा रही थी। अचानक झलकाठी में चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गयी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि गोताखोरों ने 17 शवों को निकाला है और पुलिस क्रेन भारी बारिश के कारण पानी से भरे तालाब से बस को निकालने की कोशिश कर रही है। पुलिस उप निरीक्षक गौतम कुमार घोष ने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि बस के अंदर और शव फंसे होने की आशंका है। हादसे में 24 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से बीस का इलाज झलकथी के मुख्य सरकारी अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना में घायल हुए यात्री रसेल मोल्लाह ने बताया कि वे ड्राइवर सीट के ठीक बगल में बैठे थे।

चालक ने बस चलाते समय सावधानी नहीं बरती।उन्होंने बताया कि चालक लगातार अपने सहायक से बातें कर रहा था और उसे अधिक यात्रियों को बैठाने के लिए कह रहा था।

मोल्लाह ने दुर्घटना में अपने पिता को खो दिया जबकि उनके बड़े भाई लापता हैं। स्वास्थ्य केंद्र के एक डॉक्टर ने कहा कि हम जिन मरीजों का इलाज कर रहे हैं, उनके पेट में अत्यधिक पानी है, क्योंकि बस तालाब में गिर गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट एवं पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने पलामू में की पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू :** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोली व पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ अंशुमन पाण्डेय ने शनिवार को सोन नदी के बीच मुख्य धारा में उत्तर कोयल सोन व सरस्वती नदी के संगम पर स्थापित बाबा दशिशानाथ महादेव का घंटो विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किया एवं वहाँ के मनोरम दृश्य को बारीकी से देखा। आचार्य पंडित पुरुषोत्तम पाठक ने दोनों माननीय न्यायाधीश को पूजा अर्चना करायी। दोनों न्यायाधीशों ने सोन व कोयल नदी के संगम पर स्थित इस स्थान के प्राकृतिक बनावट पत्थरों के चट्टानों एवं दो नदियों के संगम व वातावरण को देखकर मंत्रमुग्ध हो गये।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोली ने कहा कि इस स्थान की चर्चा कई धर्म गर्न्थो में भी है।

दोनों न्यायाधीश के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय था। सुरक्षा को लेकर कैमुर पहाड़ी से लेकर सोन नदी तक चारों तरफ पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया था। दोनों न्यायाधीश सोन नदी में नाव से गये। सोन नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि हो जाने के कारण लगभग 200 मीटर तक पानी में पैदल चलकर बाबा दशशिशा नाथ महादेव के स्थान तक पहुंचे और घंटो विधि विधान से पूजा अर्चना की। मौके पर नौहट्टा राजकीय अस्पताल द्वारा प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक राजू रंजन की देखरेख स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ राजीव रंजन, जयंत कुमार, निशा कुमारी उपस्थित थे।

राकेश कुमार पाण्डेय ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोली, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ अंशुमन पाण्डेय और रोहतास के पुलिस अधीक्षक विनीत को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा, एएसपी सीओ राम प्रवेश राम, नौहट्टा थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव,चुटिया थानाध्यक्ष मंगल सिंह, अवर निरीक्षक निखिल राय, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी, नितेश पाण्डेय, त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, रामनारायण पाण्डेय, विद्यार्थी पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, श्रीकांत कुमार, बबलु चौधरी, बेसलाल चौधरी, अजित पाण्डेय, प्रदीप चौधरी, नितेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



# भारत से हज पर जाने वाले यात्रियों में 155 का हुआ निधन, बेतहाशा गर्मी से हाजी हुए बेहाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जाने वाले भारतीय हज यात्रियों की वतन वापसी हो चुकी है। अलबत्ता दीगर इंबारकेशन प्वाइंट्स पर हाजियों की वापसी का सिलसिला अभी भी जारी है, जो 2 अगस्त तक चलेगा। इस बार की हज यात्रा तमाम हाजियों के लिए अतीत का हिस्सा बन चुकी हैं। भारत से हज पर जाने वाले 155 यात्रियों का इंतकाल भी हुआ है। सऊदी अरब में भारतीय हज यात्रियों को साफ-सफाई, पानी, खाने और

**हज यात्रा से पहले ही इंतकाल कर गए 39 यात्री, 116 की मृत्यु हज अदायगी के बाद हुई**

चिकित्सा जैसी कई तरह दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बहुत से हाजियों के दिलो-दिमाग पर अब भी ऐसी बुरी यादें ताजा हैं। हालांकि, वापसी के साथ ही यह मामला शांत हो चुका है। सकुशल अपने घरों को वापसी के बाद अब उन्हें केन्द्र सरकार और हज कमेटी ऑफ इंडिया आदि से भी कोई गिला-शिकवा नहीं रहा। हज यात्रा-2023 के



दौरान भारत से जाने वाले 155 हज यात्रियों की बीमारी आदि के कारणों से मौत होने की खबरें हैं। मरने वालों में दिल्ली से जाने वाली 2 महिलाएं भी शामिल हैं। हज यात्रा के दौरान मरने वालों में 130 हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए जाने वाले यात्री हैं, जबकि दीगर 25 प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के माध्यम से जाने वाले यात्री शामिल हैं। 39 यात्री हज की अदायगी से पहले ही इंतकाल कर गए, जबकि 116 की मृत्यु हज की अदायगी के बाद हुई है। सऊदी अरब के कानून के तहत हज यात्रा के दौरान मरने वाले यात्रियों को जन्नत-उल-बकी व अन्य कब्रिस्तानों में दफन किया जाता है। इस बार भारत से 175025 हज यात्री गए थे। इनमें 139419 यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए, जबकि 35606 यात्री प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के माध्यम से यात्रा पर गए थे।

# इसरो और नौसेना ने मिशन गगनयान के लिए पूरे किये हार्बर रिकवरी परीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इसरो और भारतीय नौसेना ने 'मिशन गगनयान' के लिए विशाखापत्तनम हार्बर में मानव अंतरिक्ष मिशन क्रू मॉड्यूल रिकवरी और लिफ्टिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसरो ने यह परीक्षण विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के एक जहाज पर किये हैं। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। मिशन गगनयान की क्रु रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में पहले चरण का परीक्षण दिया गया है। विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में बंदरगाह परीक्षणों की शुरुआत के साथ गगनयान मिशन का रिकवरी परीक्षण संचालन दूसरे चरण में प्रवेश कर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय नौसेना ने संयुक्त रूप से 20 जुलाई को परीक्षण वाहन के पहले विकास मिशन के दौरान पुनर्प्राप्ति कार्यों के लिए पहचाने गए जहाज के साथ परीक्षण किया। विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में इसरो और भारतीय नौसेना ने गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल मॉकअप का उपयोग करके बंदरगाह पुनर्प्राप्ति परीक्षण आयोजित किए। यह प्रशिक्षित टीम अब आने वाले महीनों में इसरो के 'मिशन गगनयान' की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी।

# सिराज अहमद हत्या कांड का नगर उंटारी पुलिस ने किया खुलासा

➲सिराज अहमद की हत्या में उसकी पत्नी के दोनों भाई ही थे शामिल
➲पारिवारिक विवाद के कारण सिराज अहमद का किया गया था हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विगत 14 जुलाई को भवनाथपुर-नगर उंटारी मुख्य मार्ग तुलसी दामर घाटी के पास भवनाथपुर के कोडिनेटर सिराज अहमद की हत्या प्रि-प्लान कर, उसके अपने दो साले ने पारिवारिक विवाद के कारण किया था। उक्त जानकारी श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने अपने अनुमंडलीय कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हत्या के बाद उसके भाई इसरार अंसारी के आवेदन पर नगर उंटारी थाना में 15 जुलाई को कांड संख्या 104/2023, धारा 302/120 (बी)/201भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर,उच्च पदाधिकारियों के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद हत्या कांड में संलिप्त दो लोगो को गढ़वा थाना क्षेत्र के फरठिया स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए दोनो युवकों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है।हत्या के संबंध में जानकारी देते हुए पकड़े गए युवको ने बताया कि मृतक सिराज अहमद द्वारा उनकी बहन को नही रखने के कारण उसके ससुराल वाले परेशान थे।ऊपर से मृतक सिराज अहमद द्वारा पिछले दिनों कोर्ट में केस भी कर दिया गया था।जिससे ससुराल वाले और भी गुस्से में थे। मृतक से खैर खाये उसकी पत्नी के भाई 28 वर्षीय टीपू सुल्तान तथा 24 वर्षीय इमरान अंसारी दोनो ने उसकी हत्या करने का योजना बनाया। इसके लिए दोनों हफ्तों उसकी रेकिंग किया और विगत 14 जुलाई को तुलसी दामर घाटी में सुनसान जगह पर गाड़ी रोक कर उसकी हत्या कर दिया। दोनो को माननीय न्यायालय में उपस्थान के लिए भेजा जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस हत्या में कुछ और लोग भी शामिल है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। छापेमारी टीम में पु0आ0नि0 सह थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पु0आ0नि0 राहुल कुमार, पु0आ0नि0कुमार विक्रम सिंह, पु0आ0नि0 चंद्रदेव कुमार, पु0आ0नि0 सुनील कुमार दास, स0आ0नि0 श्रीकांत पांडेय सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# बिजली करंट की चपेट में आने से एक कि मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंधी पंचायत के टोला गोबरदाहा में बिजली करंट की चपेट में आने से भोला राम (50) की मौत हो गया। घटना के सूचना पाकर खरौंधी पुलिस मौके पर पहुँच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक अपने चापाकल पर स्नान करने गए हुए थे। ऊपर से गुजर रहे 440 वोल्ट करंट के तार अचानक तार टूट कर गिर जाने से भोलाराम बिजली तार के चपेट में आ गए। फिर गांव के ही कुछ लोगों ने देखा कि चापाकल पर भोलाराम पड़े हुए हैं तो ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें निजी क्लीनिक में ले गए। जहां उन्हें चिकित्सक उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस घटना से परिजन सदमे में हैं। उनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस मौके पर जिला परिषद धर्मराज पासवान, विधायक प्रतिनिधि उपेंदर दास, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, बाबूलाल पासवान शशि पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 100 बच्चियों का चयन रोजगार के लिए किया गया



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कौशल विकास केंद्र के एसडीसी भवन में झारखंड कौशल विकास योजना के तहत रोजगार मेला का आयोजन मिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त लगभग एक सौ बच्चियों का चयन रोजगार के लिए किया गया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी,डीएसओ नीरज कुमार, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, रमना मुखिया दुलारी देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, टंडवा मुखिया सन्तोष सिंह, स्टेट हेड अभिषेक त्रिपाठी, अरविंद तिवारी, प्रियांशु कुमार ठाकुर, लक्ष्मी गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर उंटारी विंढमगंज मुख्य मार्ग पर महदेईया स्थित शंकर प्रताप देव महाविद्यालय के निकट पिकअप व ऑटो के आमने सामने हुई टक्कर में दो नाबालिग सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज निवासी बिंदु राम व उसकी 4 वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी, पुरैनी ग्राम निवासी प्रभात पटेल, हलिवंता ग्राम निवासी संतोष पासवान के नाम शामिल है।

बटाने नदी पर अधूरा पुल का होगा निर्माण, दर्जनों गांव के लोगों को होगा लाभ

# जनता की परेशानी देख पुल निर्माण को दिलाई स्वीकृति : कमलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** विधानसभा क्षेत्र के बटाने नदी के अधूरे पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति मिल गई है शीघ्र ही निविदा निकल जायेगी। इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हरिहरगंज प्रखंड के तुरी पंचायत के लोगों को बटाने नदी पार कर प्रखंड मुख्यालय आना पड़ता है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए उन्होंने काफी प्रयास कर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति दिलाया है। पुल का निर्माण एक करोड़ पन्द्रह लाख की लागत से किया जायेगा। पूर्व के संवेदक को काली सूची में डाल कर नये सिरे से निविदा निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।श्री सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र के हरेक गांव की समस्याओं से अवगत हैं। एक एक कर समाधान किया जा रहा है। जनता की बैठक कर विधायक कोटा की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबका काम और सबको सम्मान एनसीपी का मूल मंत्र है। ज्ञात हो कि दौरे के क्रम में तुरी पंचायत की ग्रामीण जनता ने सूर्या सिंह को अधूरे पुल की जानकारी दी थी।उधर पुल निर्माण को स्वीकृति मिलने की खबर से तुरी पंचायत के ग्रामीणों में हर्ष है। वहीं तुरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव व ग्रामीणों ने हरिहरगंज - हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें जिनसे उम्मीद थी, उन्होंने पुल निर्माण की दिशा में कुछ नहीं किया। जबकि वर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह हरेक गांव के विकास के प्रति गंभीर हैं।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के टीकर पर टोला में शनिवार के सुबह दो पक्षो से बीच जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बलराम कुमार पिता रामेश्वरी साह, प्रकाश कुमार पिता गिरेंद्र कुमार व छोटू कुमार पिता बैजनाथ साह का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, यहाँ चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर एक पक्ष के छोटू कुमार ने बताया कि टीकर टोला स्थित खरीदी गई मेरे जमीन में दूसरे पक्ष के रामरती साह द्वारा जबरन मकान बनाया जा रहा है, इसे लेकर मेरे द्वारा शुक्रवार को श्रीबंशीधर अनुमंडल कार्यालय में उक्त जमीन पर धारा 144 किया गया था। इसकी प्रति स्थानीय थाना और अंचल कार्यालय को भेजी गई थी, इसके बावजूद विपक्षियों के द्वारा सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हुए शनिवार को उक्त जमीन में मकान का निर्माण कराया जा रहा था, जब हमलोग उन्हें उस जमीन में मकान बनाने से मना करने पहुंचे तो पहले से मौजूद रणविजय साह, दिग्विजय साह, ओमप्रकाश साह, परमल साह पिता रामरती साह तथा परशु साह आक्रोशित हो गए तथा हमलोगो के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने स्थानीय थाने में नामजद आरोपियों के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर मामले की जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

## शोहदाए कर्बला कॉफ्रेंस कल




**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड क्षेत्र अंतर्गत डेवडर में एक दिवसीय शोहदाए कर्बला कॉफ्रेंस का आयोजन कल यानी 24 जुलाई दिन सोमवार को किया जायेगा जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है उक्त जानकारी देते हुए हाफिज आलमगीर ने बताया की सोमवार को शाम 7 बजे से डेवडर मदरसा के प्रांगण में जलसा का आयोजन किया जायेगा जो रात्रि 2 बजे तक चलेगा जलसे में गढ़वा जिला के 8 महिला मोकर्रेरा अपने साथियों के साथ इस्लामिक गजल नाते खानी और शायरी के मध्यम से लोगोँ को आपसी प्रेम भाईचारे के साथ रहना और देश प्रेम की भावना को जगायेंगी।

## पलामू प्रमंडल से अपराधी जल्द होंगे तड़ीपार, लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी होंगे निलंबित : आईजी राजकुमार लकड़ा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू प्रमंडल में अपराध और आपराधिक घटनाओं में शामिल अपराधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी। खासकर हत्या, आर्म्स सहित लूट की वारदात में शामिल अपराधियों पर नकेल कसने की बड़ी तैयारी चल रही है. इन अपराधियों को तड़ीपार करने के साथ ही सीसीए भी लगाया जाएगा। पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने तीनों जिलों के एसपी को जल्द से जल्द सभी अपराधियों की सूची तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. उन्होंने बताया कि पुलिस अपराध और आपराधिक घटनाओं पर अंकूश लगाने के लिए पूरी तरह से गंभीर है. बड़े कांडो में शमिल अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से जुटी हुई है। आईजी राजकुमार लकड़ा ने 3 जिले के एसपी से कहा है कि जल्द थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के निष्पादन करने, फरार आरोपी की गिरफ्तारी, वारंट-कुर्की जब्ती की कार्रवाई को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया तीनों जिलों के सभी लंबित मामलों की हर हफ्ते जानकारी लेंगे और रिव्यू करेंगे, अगर जो भी थाना प्रभारी व इंस्पेक्टर इसमें दोषी पाए जाएंगे, उन्हें तुरंत निलंबित किया जायेगा फिर उन पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# यूनिवर्सल सेवा समिति द्वारा रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**छतरपुर :** छतरपुर के युवा भी अब स्किल्ड हो रहे हैं और उनका प्लेसमेंट भी दूसरे राज्यों में होने लगा है। सरैडीह रोड स्थित यूनिवर्सल सेवा समिति के कैम्पस में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमुन शामिल हुए। इस मौके पर संस्थान के छात्रों ने नृत्य और गीत प्रस्तुत किया। स्वागत गीत के साथ पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर यूनिवर्सल सेवा समिति के तत्वाधान में सैंपलिंग टेलर और इलेक्ट्रॉनिक्स के युवाओं के बीच पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के आये वरीय अधिकारी एमडी आलम की उपस्थिति में प्लेसमेंट के लिये मुख्य अतिथियों द्वरा ऑफर लेटर और सर्टिफिकेट बांटे गए। इस अवसर पर आयोजिय कार्यक्रम में सैकड़ो युवाओं को सम्बोधित करते हुए युवा समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने कहा कि रोज़गार परक शिक्षा से ही इलाके का कायाकल्प सम्भव है, अपने भाग्य के निर्माता खुद बनें युवा उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग प्रोफेशनल बन कर अपने परिवार और इलाके की तस्वीर बदल सकते हैं।

## पीड़ित परिवार से मिल विधायक ने दी सांत्वना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के सरजा गांव घटित घटना में शनिवार को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पीड़ित परिवार से मिलकर अपने दुख संवेदना प्रकट की और कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम आपके साथ हैं तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन को कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत जल्द से जल्द 4 लाख रु पीड़ित परिवार को दिलाएं। इस पर वीडियो ने कहा कि जल्दी ही कागजी प्रक्रिया कर पीड़ित परिवारों को पैसा भेज दिया जाएगा। विधायक पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग भी किया। विधायक आलोक कुमार चौरसिया विद्यालय में आकर मामले की जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने कहा कि इस विद्यालय को सरकारी करण करने के लिए सदन में मामला उठाएंगे और मध्यान भोजन जल्द ही शुरू करवाएंगे। यह विद्यालय अति सुदूरवर्ती और आदिवासी बहुल क्षेत्र है जिसमें गरीब बच्चों को लाभ मिल सके। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधानाध्यापक और शिक्षक पीड़ित परिवारों घर जाकर अपनी संवेदना प्रकट की और कहा कि देश के चार होनहार छात्रा नहीं रहे इसका दुःख विद्यालय परिवार को भी है तथा विद्यालय परिवार में भी आर्थिक सहयोग राशि दी। गुरुवार की शाम स्कूल से छुट्टी के बाद 4 बच्ची अपने घर नहीं पहुंचे रात में खोजबीन के बाद स्कूल के पीछे तालाब में शव पाया गया था।

## एसपी ने किया शाहपुर मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी के कार्यालय का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा,झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा और अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर शाहपुर इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा एकबाल कुरैशी ने मुख्य अतिथि एसपी झामुमो जिलाध्यक्ष और अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर मुहर्रम इंतेजामीया कमिटी के पूर्व जेनरल खलीफा जिशान खान और पूर्व पलामू सदर हाजी शमीम अहमद उर्फ ललन को पगड़ीपोसी माला पहनाकर और तलवार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अन्य लोगों की भी पगड़ीपोसी की गई। मौके पर एसपी ने शायरी में कहा कि जन्नत की आरजू में कहा जा रहे हैं लोग जन्नत तो कर्बला में खरीदी हुसैन ने दुनिया ओ आखिरात में जो रहना है चैन से जीना अली से सीखो मरना हुसैन से। एसपी ने कहा कि प्रशासन के लिए हिंदू मुस्लिम, सिख सभी बराबर है। किसी भी कार्यकर्म में पुलिस प्रशासन की जरूरत पड़ेगी तो उसके लिए प्रशासन हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम को मुछ की लड़ाई नहीं बनाना है। सभी विवादों को निपटा कर आपसे सौहार्द के साथ मनाना है।

## मणिपुर की घटना को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत के प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज वामपंथी पार्टियों ने जिसमें सीपीआई भाकपा माले सीपीएम , इप्टा, एआईएसएफ, एवं आयशा ने भाजपा शासित प्रदेश मणिपुर में लगातार हो रही आगजनी बलात्कार हत्या के खिलाफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन छः मुहान पर किया। पुतला दहन से पहले नुक्कड़ सभा किया गया जिसकी अध्यक्षता भाकपा माले के जिला सचिव आर एन सिंह ने किया एवं संचालन भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने किया । मौके पर भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि मोदी जी की डबल इंजन की सरकार मणिपुर में चल रही है इसके बावजूद आज 80 दिनों से मणिपुर जल रहा है लेकिन देश के गृह मंत्री और देश के प्रधानमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसी परिस्थिति में आज आम नागरिकों बेटी बहू माताओं का चलना मुश्किल हो गया। मणिपुर के मुख्यमंत्री देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और मणिपुर में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू हो। इप्टा के उपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल की स्थित बनी हुई है।भाकपा माले के जिला सचिव आर एन सिंह सिंह ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है भाकपा माले के रविन्द्र भूइंया ने कहा कि संविधान को मिटाया जा रहा है ऐसी परिस्थिति में आम आम को सड़क पर उतरने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है देश फासीवादी ताकतों की ओर बढ़ रहा है ऐसी परिस्थिति में वामपंथी पार्टियों का नारा मोदी हटाओ देश बचाओ आज जरूरत बन गई हैं । मौके पर ,के डी सिंह, इप्टा के उपेन्द्र मिश्रा, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, अखिल भारतीय नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर नसीम राइन, मृत्युंजय तिवारी, आशीष पांडे, योगेंद्र सिंह, ललन कुमार सिन्हा, आलोक कुमार तिवारी, सोनू कुमार, रंजीत सिंह, सोनू अहमद, बबन राम, प्रभु कुमार शर्मा, अश्विनी त्रिपाठी, पवित्र पांडे, भाकपा माले के सुरेंद्र पासवान, रविन्द्र भूइंया,पवन कुमार सरफराज आलम, एआईएसएफ के जिला अध्यक्ष रजनीश दुबे,पिरयांशु आनंद,कौशल किशोर,फैज खान, संदीप कुमार नीरज मेहता,गौतम कुमार,तिहाड़ी मजदूर के राजीव कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम व कर्मियों पर हमला करने वाले लोगों पर हो कार्रवाई, नहीं तो करेंगे आमरण अनशन : मणिभूषण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद स्थित गोदरमा कला कब्रिस्तान से लेकर छठ घाट तक होने वाले पीसीसी सड़क निर्माण की जांच करने पहुंचे सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम व अन्य कर्मियों के उपर एक विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया। जिसमें नगर आयुक्त सहित अन्य नगर परिषद कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो एक सोची समझी साजिश थी। हमला में शामिल लोगों पर कार्रवाई हो नहीं तो एक बार फिर से आमरण अनशन किया जाएगा। सहायक नगर आयुक्त एक कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार अधिकारी हैं। जो सदैव नगर परिषद क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। विकास विरोधी इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। जिसे लक्ष्य बनाकर सुनियोजित रूप से जानलेवा हमला किया गया। उक्त बातें युवा समाजसेवी मणि भूषण पांडेय ने कहा। वे शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करें पलामू पुलिस अधीक्षक व उपाधीक्षक लिखित आवेदन दी गई हैं। अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया जाना कहीं से भी बर्दाश्त करने लायक नहीं है। कहा कि गोदरमाकला गांव में कराए जा रहे पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य को नगर परिषद के द्वारा अगले आदेश तक बंद करने हेतु निर्गत पत्र के विरोध में उनके द्वारा आमरण अनशन की गई थी। जिसकी सूचना उपायुक्त पलामू, पुलीस अधीक्षक पलामू, अनुमण्डल पदाधिकारी पलामू, सहायक नगर आयुक्त व रेहला थाना प्रभारी को दिया था। जिसके बाद 17 जुलाई से आमरण अनशन शुरू कर दी गई थी। सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर आमरण अनशन पर बैठे पांडेय को समझाने का प्रयास किया। नहीं मानने की स्थिति में 18 जुलाई को एक बार फिर से कार्य प्रारंभ करने का पत्र निर्गत किया गया। साथ ही इसकी सूचना रेहला थाना को भी दी गई। इसके बाद आदेशानुसार संवेदक के द्वारा 19 जुलाई को सुबह करीब 7.30 बजे सें बाद थाना के गश्ती दल की उपस्थिति में कार्य को प्रारंभ कराया गया। साथ हीं लगभग 11:00 बजे सहायक नगर आयुक्त सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अनशनकारी मणिभूषण पांडेय को समझाकर अनशन तोड़वाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच एक सोची समझी साजिश के तहत 70 से 80 की संख्या में अपराधिक तत्व की महिला, पुरुष व बच्चें पहुंचे।

# कार्यकर्ताओं के दम पर हीं भाजपा बनी है विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : रामचंद्र चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** भाजपा नगर मंडल कार्यसमिति की बैठक हरहेपा चौक के पास हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंच मोर्चा प्रतिनिधि, बुथ अध्यक्ष, अभियान समिति के टोली व सोशल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के मुख्य बतौर अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी की रीढ़ होते है। कार्यकर्ताओं के दम पर हीं भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। ऐसे में कार्यकर्ताओं का सम्मान बेहद जरूरी है। इस दौरान भाजपा के नीति सिद्धांतो में विश्वाश व श्री चंद्रवंशी में आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया?। सभी को विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इससे पहले श्यामाप्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्र, देवनाथ यादव, बिरेंद्र चंद्रवंशी, कौशल बक्सराय, देवनारायण सिंह, बेबी देवी, किरण शर्मा, अर्चना देवी, ज्वाला गुप्ता, गोपाल सोनी, रजनीश चंद्रवंशी, सुरेंद्र राम, सुनील चौधरी, सचितानंद मेहता, उखमजी यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय स्टेट बैंक ने तीन वाटर प्यूरीफायर प्रदान की

**रांची।** भारतीय स्टेट बैंक महिला समिति, पटना के सौजन्य से विकास भारती संस्थान , बरियातू रोड, रांची को तीन वाटर प्यूरीफायर प्रदान की गई।इस मौके पर विकास भारती संस्थान की ओर से पद्मश्री अशोक भगत एवं भारतीय स्टेट बैंक महिला समिति,पटना की ओर से अध्यक्षा विभा दीक्षित, रजनी बोस, स्वभिना मोहपात्रा, सुमन तरागी, दिव्या जैन, सविता सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं। एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,रांची की ओर से अरुण कुमार मिश्रा, आरएमसीसी शाखा के अरूण कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मरांडी ने 12वीं तक की शिक्षा क्षेत्रीय-स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का किया स्वागत

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय, स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा, स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत। मरांडी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से स्थानीय, क्षेत्रीय भाषाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा। इससे झारखंड की स्थानीय और जनजातीय भाषाएं और पल्लवित-पुष्पित होंगी।

# मुख्यमंत्री से नागपुरी फिल्म नासूर के निदेशक ने मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नागपुरी फिल्म नासूर के निदेशक राजीव सिन्हा, अभिनेता विवेक नायक, अभिनेत्री शिवानी गुप्ता एवं साउंड डिजाइनर मनोज कुमार प्रेमी ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री के समक्ष नागपुरी फिल्म के निर्माता एवं निदेशक राजीव सिन्हा एवं अन्य कलाकारों ने झारखंड में फिल्म निर्माण से संबंधित संभावनाओं और समस्याओं के संबंध में अपनी बातें रखीं। मौके पर नागपुरी फिल्म ÷नासूर÷ की टीम ने मुख्यमंत्री को नागपुरी फिल्म नासूर की पटकथा के संबंध में जानकारी दी कि नासूर फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित एक नागपुरी फीचर फिल्म है। वर्तमान समय में भी झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डायन-बिसाही के नाम पर निर्दोष महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है। कभी-कभी उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह समस्या नासूर की तरह आज भी जिंदा है। अखबारों में आए दिन इस प्रकार की खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। नागपुरी फिल्म नासूर उपरोक्त समस्या को ही उजागर करती है। नासूर फिल्म समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है। फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगाई गई और लगातार 3 सप्ताह तक चली। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा, बेहद पसंद किया और अपना प्यार भी दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरुक किया जा सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने नागपुरी फिल्म नासूर की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं तथा इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से यथोचित मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सांसद श्री विजय हांसदा भी उपस्थित थे।

# मुहर्रम की जुलूस में गंजेड़ी, शराबी आया नजर तो उस अखाड़े पर लगेगा प्रतिबंध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुहर्रम पर्व को लेकर झारखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के डीजीपी और सभी जिलों के एसपी के साथ बैठक किये थे और जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का दिशा निर्देश भी दिए थे । इसी आदेश का पालन करते हुए झारखंड के डीजीपी अजय सिंह ने सभी एसपी को अपने जिला में सभी थाना प्रभारियों एवं थाना क्षेत्र के सामाजिक एवं गणमान्य लोग सहित मुहर्रम जुलूस, अखाड़े धारियों एवं खलीफओं के साथ बैठक करने और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने के लिए विचार विमर्श करने को कहा गया था। इस दौरान सख्त निर्देश दिया गया था , कि जुलूस में किसी भी तरह की आग, ट्यूब लाइट जैसे जानलेवा खेल पर रोक रहेगी। साथ ही किसी भी जुलूस में शराबी, गंजेड़ी सहित असामाजिक तत्वों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दी गई है। बताया गया है कि यदि किसी जुलूस



में शराबी, गंजेड़ी , असामाजिक तत्व नजर आए या किसी ने इस की सूचना दी तो उस जुलूस को आने वाले समय में उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा और उसके खलीफा पर भी का कार्रवाई की जायेगी। इसी उद्देश्य को लेकर लोअर बाजार थाना परिसर में थाना क्षेत्र के सभी खलिफा, पंचायत, संगठन, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों के साथ थाना प्रभारी दयानंद ने बैठक की। मुहर्रम का जुलूस पूर्व की तरह निर्धारित मार्ग से ही शांतिपूर्ण तरीके से निकाली जाएगी इस पर सहमति जताई गई । जुलूस निकलने से पहले थाना को सूचित किया जाएगा। इस बैठक में शराबी, गंजेड़ी , नशाखोर किसी भी जुलूस में नहीं होंगे इस पर भी बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी सहमति दर्ज कराई। किसी भी समस्याओं को लेकर थाना को सूचित करने का भी निर्देश जारी किया है।

वहीं कई जगहों पर सीसीटीवी भी लगाई गई है। कुछ सिटी सीसीटीवी भी लगेगी। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अलावा भी विजिलेंस, सीआईडी की टीम, ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। इस बैठक में मौलाना तहजीब उल हसन, फराज अब्बास ,अकीलुर्रहामान, डा जितेंद्र गुप्ता, नंदू ,गोपाल ,भास्कर वर्मा, काजिम,अफरोज ,बुलंद ,आदिल, परवेज, इस्लाम, रजी अहमद ,सागर कुमार ,शकील खान, कासिम सहित कई लोग शामिल थे।

# मैदान कर्बला में झूठ और सच की जंग थी: मौलाना तहजीबुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोई भी इंसान एक दूसरे इंसान से नफरत नहीं करता। बल्कि उस इंसान में पाई जाने वाली बुरी आदत व बुरे काम से नफरत करता है। इस बुराई में सबसे बड़ी बुराई का नाम है झूठ।

मैदान ए कर्बला में दो शाहजादो की जंग नहीं थी। बल्कि सच और झूठ की जंग थी। उक्त बातें झारखंड राज्य हज समिति के सदस्य व मस्जिद जाफरीया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने कही। वह शनिवार को मस्जिद जाफरिया में शहीदाने करबला की तीसरी मजलिस को संबोधित कर रहे थे। तुराबी, कासिम अली, अमीर गोपालपुरी ने की और पेशखानी आमोद अब्बास, हसनैन रांची, हाशिम अली , सोजखानी यावर हुसैन ने किया।

# रांची : पीसीएफ परिसर में किया गया वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पीसीएफ परिसर में शनिवार को वृक्षारोपण वृहद रूप में आयोजित किया गया। इस मौके पर पीसीएफ के सभापति वाल्मीकी जी त्रिपाठी, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रह कर पौधे लगाये गए।

सभापति पीसीएफ द्वारा प्रत्येक मण्डल स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसमें क्षेत्र के संचालक भी उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी उप मह प्रबन्धक (प्रशासन) नागेंद्र शर्मा ने दी।



# मणिपुर की घटना सभ्य समाज की पहचान नहीं : मो शाहिद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। यह घटना सभ्य समाज की कभी नहीं हो सकती। यह बातें एआईएमआईएम के जिला महानगर अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी ने शनिवार को कही।

उन्होंने घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिस देश में माता मरियम, माता सीता और माता हलीमा को उच्च दर्जा प्राप्त हो, जिस देश में महिलाओं को दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती के रूप में पूजा जाता हो, उसी देश में महिलाओं को निर्वस्त्र कर शर्मसार करना विकृत मानसिकता को दर्शाता है। इस घटना से मन आहत और विचलित है। कहने को कोई शब्द नहीं बच गया है। उन्होंने कहा स्थानीय प्रशासन और केंद्र सरकार इस घटना की समय रहते यदि रोकने का प्रयास करती तो सम्भवतः मणिपुर में इस तरह की घटना नहीं घटती। गौरतलब हो कि जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी और मणिपुर जल रहा था उसी वक्त स्वर्ण पदक विजेता मैरी कॉम केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मदद की अपील की थी। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा था मेरा राज्य जल रहा है, कृपया इसे बचा लें लेकिन अफसोस की बात है कि केंद्र की मोदी सरकार और मणिपुर राज्य की सरकार ना तो मेरी कौम के पत्र पर ध्यान दिए और ना ही मणिपुर को जलने से बचाया।

# कांग्रेस ने मणिपुर के सीएम को हटाने और राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल हटाने और पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। सिन्हा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर मणिपुर के लोगों की दुर्दशा पर राजनीति करने का आरोप लगाया।उन्होंने ने कहा कि मोदी सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती। क्योंकि, वे अक्षमता, हिंसा के लिए षड्यंत्रकारी उकसावे, रैंक की उदासीनता और लापरवाही के दोषी हैं। मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की गुहार लगा रहे हैं लेकिन उन्होंने लोगों को सिर्फ पीठ दिखाई है। उन्होंने कहा कि क्या पिछले 80 दिनों से राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दंगे हो रहे हैं? क्या इन राज्यों में गांव जलाए जा रहे हैं? क्या इन राज्यों में 50 हजार लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं? सशस्त्र उग्रवादी विद्रोही समूह इन राज्यों में 4500 गंभीर हथियार लूटकर एक-दूसरे पर गोलीबारी कर रहे हैं?

सिन्हा ने यह भी आरोप लगाया कि राजस्थान में जो कुछ भी हुआ वह एबीवीपी ने किया था। सरकार ने दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। मणिपुर सरकार को 1000 लोगों की भीड़ में से चार लोगों को गिरफ्तार करने में 77 दिन लग गए। उन्होंने यह भी सवाल किया कि मणिपुर सरकार, गृह मंत्रालय, पीएमओ, डब्ल्यूसीडी मंत्री, एनसीडब्ल्यू, एनएचआरसी इतने लंबे समय तक मणिपुर पर क्यों सो रहे थे। जब देश की महिलाएं ही सुरक्षित नहीं है, तो देश सुरक्षित कैसे होगा।

# रंगदारी मांगने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले संतोष कुमार ने मामला दर्ज कराते हुए बताया था कि मकान की ढलाई के लिए मिक्सर मशीन भाड़े पर देते हैं और इस दौरान तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और ढ़लाई के लिए मशीन मिक्सर की मांग की, देने की बात कही तभी तीनों युवकों ने फायरिंग कर दी। जिसमें संतोष जख्मी हो गया। रिम्स में भर्ती कराया गया। मामले के उद्भेदन के लिए



एसएसपी किशोर कौशल ने ग्रामीण एसपी के निर्देश में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रवीण कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसमें रातू थाना प्रभारी सपन महथा, पुलिस अवर निरीक्षक अंजन कुमार ,महानंद कुमार, शेखर कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम द्वारा अभियान चलाई गई जिसमें से तीन युवकों की गिरफ्तारी की गई। संजय भगत जिला लोहरदगा, राजेंद्र महली और उमेश जो गुमला का रहने वाला है । इन लोगों ने पांच लाख की रंगदारी मांगी थी इस बात का उन्होंने स्वीकार भी किया है।

# एसपी नौशाद आलम को सलेक्शन ग्रेड में मिली प्रोन्नति, मिल रही बधाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीआईजी इंद्रजीत महथा और एसपी नौशाद आलम को सलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिली है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी किए गए अधिसूचना के मुताबिक रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित नौशाद आलम और एसटीएफ डीआईजी के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा को भारतीय पुलिस सेवा के सेलेक्शन ग्रेड के वेतन माह लेवल 13 पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति प्रदान की गई है। इस मौके पर नौशाद आलम को उनके कार्यालय में कार्यालय में पदस्थापित सभी कर्मचारियों ने बुके देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने कहा कि देर रात तक टीम ने काम किया और इन सभी के सहयोग से काम बेहतर हुआ, कई गहरे से गहरे मामले कई पेंडिंग मामले का उद्भेदन किया है।

## जनता को दिग्भ्रमित कर रही हेमंत सरकार बालमुकुंद सहाय

**रांची :** भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार के खाते में पिछले वर्षो के स्वीकृत आवास के पैसे पड़े हुए हैं लेकिन लगभग 75 हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लंबित है। पूरे प्रदेश में जिस प्रकार से बालू की तस्करी हो रही उससे सरकारी योजनाओं का निर्माण प्रभावित है। सहाय ने कहा कि जो राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं को समयबद्ध पूरा कर रहे हैं वहां केंद्र सरकार अविलंब नई योजनाओं को स्वीकृति देती है।

# योगा प्रतियोगिता में मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थी बने विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** कार्उसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के रांची जोन योगा कंपटीशन का आयोजन श्याम लोंग के कार्मेल स्कूल में शनिवार को किया गया। इसमें रांची के सभी आईसीएसई बोर्ड के अंतर्गत आने वाले स्कूलों ने भाग लिया। मेटास एडवेंटिस्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों में आयोजित योग प्रतियोगिता में 21 मेडल जीता। साथ ही विद्यालय महिला और पुरुष दोनों वर्ग में विजेता रहा।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडीडी नायडू ने सीआईएससीई कॉउंसिल को योग को विषय के रूप में शामिल करने पर धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही साथ बच्चों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी स्कूल को निवेदन किया कि अपने विषय में योग को जरूर शामिल करें। क्योंकि, योग बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है ।



योग शिक्षिका राफिया नाज ने कहा कि यह परिणाम बच्चों के मेहनत का नतीजा है। जो विजेता रहे उनको बहुत बधाई और जो विजेता नहीं रह पाए उनको भी बधाई। क्योंकि, उन्हें बेहतर करने का एक मौका मिला है। उन्होंने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि हम और हमारा देश स्वस्थ रह सके।

**ये रहे विजेता:** शुभम कुमार, ऋतुराज भास्कर दिव्या माझी, चंचल मुंडा, युवराज भास्कर, खुशबू कुमारी, अंकित कुमार, अनुराग गंजू, विष्णु कुमार, मुफीद अंसारी और अनामिका बेसरा।

# अपराधियों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जा रहा है : डीएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडप मे पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डीएसपी हटिया राजा मित्रा, विशेष अतिथि के रूप मे डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत, एकता ग्रुप के डायरेक्टर सतीश श्रीस्ताव, भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा,समाज सेवी राणा जफर अली आदि मौजूद रहे।

**डीएसपी ने कहा:**

हटिया डीएसपी हटिया राजा कुमार मित्रा ने पुलिस पब्लिक रिपोर्टर और डोरंडा वासियों से कहा अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। अपराधियों को चिन्हित कर करवाई किया जा रहा है।वही ऐसे कार्यकम लगातार होने चाहिए ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बड़ता है साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच दूरी कम होती है। डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने कहा की नशा को दूर करने के प्रति हम अग्रसर है। पुलिस और जनता के बीच आपसी तालमेल एवम सहभागिता बढ़ाने हेतु थाना मे शांति समिति का गठन किया गया है। भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने प्रशासन से ये मांग किया की डोरंडा थाना क्षेत्र के कुछ महत्वपूर्ण जगहों पर टीओपी का निर्माण भी करवाए जिससे अपराधियों पर अंकुश लगाने मे पुलिस को आसानी होगी। एकता ग्रुप के डायरेक्टर सतीश श्रीवास्तव, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी, मौलाना मनिरुद्दीन, डोरंडा, भाजपा नेता नजीबुल्लाह खान, डोरंडा महावीर मंडल के पप्पू वर्मा, पूर्व पार्षद कौशल किशोर महली, समाजसेवी शंभू गुप्ता, अफजल आदि ने मंच पर बैठे पुलिस अधिकारियों से सवाल किए जिसका जवाब पुलिस अधिकारियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के प्रदान प्रधान संपादक मो सरफराज कुरैशी, संपादक मो शाहिद खान, ब्यूरो हेड समीर, ब्यूरो चीफ संदीप कुमार मिश्रा, अमित कुमार वर्मा, वरीय संवाददाता मो इरशाद कुरैशी, प्रियंका सिंह, अनु सिंह, इबरार गद्दी, नबो दत्ता, छायाकार जयप्रकाश जायसवाल, रोहित पांडेय, रवि राम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**महत्वपूर्ण बिंदु जिसपर चर्चा हुई**

- पुलिस व पब्लिक के बीच कैसे रिश्तों मे मजबूती लाया जाए।
- जनता कैसे बिना डर और संकोच के थाने मे अपनी समस्या लेकर पहुंचे।
- अपराध पर अंकुश कैसे लगाया जाए।
- युवाओं को नशे से दूर कैसे रखे।
- लोग आपस मे कैसे मिल जुल कर सभी पर्व त्यौहार मनाए।

# 7 वां रोजगार मेला में झारखंड के तीन सौ युवाओं को दी गई नियुक्ति पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को रांची के सीसीएल सभागार में 7वां रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सरकारी नौकरियों में चयनित 70,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र को लेकर देशभर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी लगभग 300 युवाओं को नियुक्ति पत्र दी। आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भाजपा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा कि आप जहां भी काम करें इस बात का ध्यान रखें, आपके कार्यो से लोगों की समस्या कम हो। नियुक्ति पत्र देने के बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया था कि 10,00000 लोगों को नौकरी देंगे ,उसी के तहत आज देश के 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया। वहीं युवाओं को रोजगार देने के काम किया गया है।

# चान्हो प्रखंड के विभिन्न पंचायत में विधायक ने जनहित योजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत मे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आज़ जनहित दर्जनों योजनाओं का शिलान्यास किया। जिससे आम जनों क़ो दूरगामी लाभ मिल सके। ज्ञात हो की पुरे झारखण्ड प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना चल रहा है इसी करम क़ो आगे बढ़ाते हुई मांडर विधायक ने आज़ रोल पंचायत में इस जनआकांक्षाओ से जुड़े योजना का शिलान्यास किया और एक जनसभा क़ो सम्बोधित किया साथ ही कार्य कर रहीं एजेंसी क़ो सख्त निर्देश भी दिया की इस योजना का लाभ एक एक घर क़ो मिले और कोई भी परिवार इससे अछूता ना रहे और किसी भी प्रकार की कमी होती है तो



एजेंसी स्वयं इसका जिम्मेवार होगा, लापरवाही कतई बर्दास्त नही किया जायेगा क्योंकि जनता ने हमें काम करने के लिए चुन कर भेजा है, हम रात दिन मेहनत उनकी आकांक्षाओ क़ो पूरा करने में लगा रहे है और उसका लाभ हमारे क्षेत्र की जनता क़ो सीधी मिलनी चाहिए। बताते चले की स्थानीय विधायक पुरे विधानसभा में चल रहीं सभी योजनाओं पर अपनी पैनी नज़र बनाई हुई है ताकी कार्य समय सीमा में हो सके और क्षेत्र की जनता लाभांवित हो सके इसलिए वे जन जीवन मिशन जैसे महत्वकांक्षी योजना का शिलान्यास पुरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार शिलान्यास कार्यक्रम कर रहीं है। मौक़े पर मुखिया, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, कार्यकर्ता इरशाद खान, प्रमोद लाल, शशि साहू, चरवा , मन्ना जी, सुनील लकड़ा, बसंत राम, पंचायत अध्यक्ष रामनंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत एनएच75 से योदया उरांव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कहा यह हमारी वर्षो पुरानी मांग थी रोड जर्ज़र होने के कारण गांव के ग्रामीणों को आवागमन मे बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, इसके निर्माण हो जाने से अब हम ग्रामीणों को कठिनाइयों का समाना नही करना पड़ेगा। कार्यक्रम मे विधायक ने उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र का विकास के लिए लगातार बहुत सारे योजनाओं को धरातल पर उतार रही हुँ, ताकि क्षेत्र के साथ साथ मांडर विधानसभा की जनता का भी विकास हो सके। कार्यक्रम मे विधायक ने झारखंड सरकार के द्वारा जनता हित मे जो जो योजनाओं को लाया गया है उसकी भी जानकारी ग्रामीणों को दी गयी ताकि उन योजनाओं का लाभ ग्रामीण उठा सके। मौक़े पर जिला परिषद, स्थानीय मुखिया प्रकाश जी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, पार्टी कार्यकर्ता नसीम अंसारी, आबिद अंसारी, सेरोफिना मिंज, सरिता तिग्गा, होसे उरांव, तबारक खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** सिकिदिरी थाना में शनिवार को थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि, पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा, युवा कांग्रेस नेता अमाल खान,पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा, बिनोद रजवार,उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उप प्रमुख मुंतजिर अहमद रजा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिलजुलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मोहर्रम पर्व मनाए। जुलूस पारंपरिक हत्यारों के साथ ही निकालें। प्रतिबंधित हथियार और



असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को देंगे। वहीं थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने कहा कि हर प्रकार के समाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। जुलूस पूर्व से निर्धारित रास्तों से ही चलेंगे। और जुलूस में किसी प्रकार की आपत्तिजनक गाना नहीं बजाएंगे। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष और लाइसेंसधारी इस बात का खास ख्याल रखेंगे, की कोई अप्रिय घटना न घटे। पुलिस प्रशासन आपके साथ है। बैठक में मुख्य रूप से शेख असगर, खालिक खान,अलिम अंसारी, शेख सजुद्दीन, खुर्शीद आलम, असगर अंसारी, मंसूर अंसारी, शेख रफीक, अनवर अंसारी, मुबारक अंसारी, महमूद खान, आदि उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का जीर्णोद्धार किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** राहे प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के आग्रह पर रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो के निर्देशानुसार राहे प्रखण्ड के डोकाद पंचायत के वर्षो से क्षतिग्रस्त मुख्य नहर का जीर्णोद्धार जेसीबी से करवाया गया। विदित हो कि पिछले दिनों स्थानीय किसानों ने अपनी इस समस्या को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों के समक्ष रखा था और आग्रह किया था कि किसी भी तरह से इस मुख्य नहर की मरम्मति करवा दी जाय। किसानों ने प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को बताया था कि मुख्य सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त रहने की वजह से सैकड़ों किसानों के खेतों में बारिश के पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा था जिसका असर उनके फसलों पर पड़ रहा था। प्रखण्ड कमिटी की तत्परता के कारण ही इस मुख्य सिंचाई नहर का जीर्णोद्धार हुआ। इससे स्थानीय किसानों में हर्ष की लहर है तथा उन्होंने कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद दिया । ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी के ही कार्यकाल में हरित क्रांति के लाने के उद्देश्य से पुरे पांच परगना क्षेत्र के सोनाहातु, राहे, सिल्ली,तमाड़ एवं बुण्डू में सिंचाई नहर का जाल बिछाया गया था।इस मौके पर राहे प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी के प्रदीप गोस्वामी, त्रिलोचन महतो, कृष्ण चटर्जी, राजेश्वर सिंह, कृष्णा अहीर, भुपाल महतो एवं प्रभाकर मिश्रा आदि कांग्रेस नेताओं ने इस काम को कराने में सहयोग दिया।

## 62 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया अयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित 62वी सुब्रतो मुखर्जी कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता एस एस +2 उच्च विद्यालय स्टेडियम ओरमांझी में प्रखंड स्तरीय टुर्नामेंट का फाईनल मैच 14 वर्ष बालक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय आराकेरम बनाम उत्क्रमित मध्य विद्यालय मयापुर के बीच खेला गया। जिसमें आराकेरम ने निर्धारित समय में मयापुर को 2-0 से पराजित किया। 17 वर्ष बालक में एस एस +2 उच्च विद्यालय ओरमांझी बनाम अब्दुल कयुम विद्यालय इरबा के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने ईरबा को 2-0 से पराजित किया। वही बालिकाओं मे टिकैत उमराव सिंह शेख भिखारी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय ओरमांझी बनाम मध्य विद्यालय चकला के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने चकला को ट्राब्रेकर में 4-3 से पराजित किया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र शाही मानकी एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। वही जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, टुंडाहुली के मुखिया रमेश बेदिया, तोहिद अंसारी ने विजेता एवं उप विजेताओं को शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा देवी, बीपीओ रीना यादव, उमर अंसारी, असद, विरेन्द्र महतो, नन्दकिशोर, सुरेन्द्र महतो, रमेश कुमार महतो आदि का सराहनीय भुमिका रही।

## सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड गोला-चारु पथ तुम्बाटा़ड के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। युवक ओरमांझी थाना क्षेत्र के गुरगांई बुढ़ीबागी गांव निवासी रामकुमार गंझू पिता रामधन गंझू के परिवार को जब जानकारी मिली, तो परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल एंव पुरे गांव में सन्नाटा छा गया। बताया जाता है कि मृतक रामकुमार गंझू अपने मित्र अर्जून गझू के साथ अपने केटीएम बाइक में सवार होकर गोला-चारु पथ होते हुए रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच तुम्बाटाड़ के समीप बाईक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे बाईक चला रहे युवक रामकुमार गझू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठ युवक को मामूली चोट आई। जिसको ईलाज के लिए गोला भेजा गया। घटना की सुचना मिलते ही दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं स्थानीय लोग की मदद से पहुंचाकर रजरप्पा पुलिस को सुचना दी। रजरप्पा थाना के एएसआई रामबृक्ष कुमार पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया एंव 22 जुलाई दिन शनिवार को अंतिम संस्कार भेड़ा नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का अभार व्यक्त किया

**बेड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के बेड़ो व बारीडीह पाड़हा जतरा को राजकिय मेला घोषित करने की मांग पर अभार व्यक्त किया है. ज्ञात हो की विधायक शिल्पी ने उपायुक्त राँची को पत्र लिखकर बेड़ो व बारीडीह पाड़हा जतरा को राजकिय मेला घोषित करने की है। जिसपर प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय में बैठक कर अभार व्यक्त किया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष करमा उराँव ने कहा कि बेड़ो और बारीडीह पाड़हा जतरा के राजकिय मेला होने से क्षेत्र के आदिवासीयों के साथ-साथ मुलवासीयों की समाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में बल मिलेगी। पाड़हा जतरा आदिवासीयों और मुलवासीयों के परंपरा, लोक संस्कृति, जीवनयापन से जुड़ा है। हमलोग विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के राजकिय मेला घोषित करने की मांग पर उनको धन्यवाद देते हैं और दिल से अभार व्यक्त करते हैं।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शालिनी अस्पताल एवम उषा मार्टिन फाउंडेशन के तत्वाधान मे हरि नगर टाटीसिल्वे मे नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया । स्वास्थ की जाँच शालिनी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक अगस्टिन गुड़िया ने किया। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि उषा मार्टिन फाउंडेशन कि ओर से लगातार नामकुम एवम अंगडा प्रखण्ड मे स्वास्थ कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिनसे सैकडो ग्रामीण लाभांवित हो रहे है। इस अवसर पर शिशिर कुमार भगत, अजित कुमार महतो, संपूनानंद महतो, रामदेव राय, शैलेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## बीएलओ पर्यवेक्षक व बीएलओ को संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के लिए प्रशिक्षण मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सह बीडीओ खलारी की अध्यक्षता में बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को घर-घर सर्वे करने का प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें बताया गया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्रों में एक-एक घर जा कर मतदाता सूची संग्रहण का कार्य करेंगे. सर्वेक्षण के बाद वैसे सभी योग्य नागरिक जो 1 अक्टुबर 2023 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो या



01.01.2024, 01.04.2024, 01.07.2024, 01.10.2024 को 18 वर्ष के होंगे उन सभी का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए प्रपत्र 6 में आवेदन लेंगे. साथ ही मतदाता सूची में वैसे मतदाताओं का नाम जो मृत हैं अथवा स्थायी रूप से स्थानान्तरित हो चुके हैं उनका प्रपत्र 7 में विलोपन के लिए आवेदन प्राप्त करेंगे. वहीं बताया गया कि वैसे मतदाता जिनकी प्रविष्टियों में कोई अशुद्धि हो या दिव्यांग के रूप में चिन्हित करना हो तो वैसे मतदाताओं से प्रपत्र 8 में आवेदन लेंगे. प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ लेखराज नाग ने सभी बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को विस्तार पूर्वक घर-घर सर्वेक्षण एवं उससे संबंधित प्रपत्रों के बारे में बताया.

## परियोजना कार्यालय के पीछे बस्ती में घरों की हुई मापी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर शुक्रवार को परियोजना कार्यालय के पीछे बस्ती में प्रबंधन के द्वारा कई घरों की मापी की गई.परियोजना कार्यालय के पीछे ढुब बस्ती में घरों के मालिकों की उपस्थिति में सर्वे विभाग की टीम ने घरों की मापी की गई.उसके बाद घरों में नम्बरिंग भी किया गया.ज्ञात हो कि रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर परियोजना कार्यालय के पीछे की ढुब बस्ती के घरों को हटाया जाना है, इसी क्रम में घरों के मुआवजे के लिए उनकी मापी कर मेजरमेंट बनाया जाएगा. सिविल अधिकारी उज्ज्वल कुमार, सर्वेयर सतपाल सिंह की देखरेख में मापी की जा रही है.प्रबंधन ने कहा कि घरों की मापी करने में सभी विस्थापित प्रबंधन को काफी सहयोग कर रहे है .इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के रोहिणी शाखा सचिव अमृत भोगता, कार्यकारी अध्यक्ष शिवनाथ भोगता एव मापी करने वाले सर्वे टीम के बिरेन कुमार पासवान, अमित कुमार तथा ग्रामीण विजय गंझू, गरजा गंझू,मुन्ना गंझू आदि मौजूद थे.

## सीसीएल सीएमडी डा.बी वीरा रेड्डी का एनके एरिया दौरा, खदानों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी ने शनिवार को सीसीएल के एनके क्षेत्र का दौरा किया. डकरा पहुंचे सीसीएल सीएमडी का महाप्रबंधक संजय कुमार ने बुके देकर स्वागत किया. जिसके बाद ड़करा वीआईपी क्लब में सीएमडी ने महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना के पदाधिकारी एवं सभी विभाग के प्रमुखों के साथ बैठक की.बैठक के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से क्षेत्र का प्रजेंटेशन पेश किया गया. जिसके बाद सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने सभी अधिकारियों के साथ डकरा, रोहिणी, केडीएच, पूर्णाडीह परियोजना का निरीक्षण किया.इस दौरान अधिकारियों से कोयला उत्पादन उत्पादकता की जानकारी ली. वहीं एरिया की एकमात्र भूमिगत खदान चूरी परियोजना अंदर जाकर



कोयला उत्पादन की तकनीक को देखा. इस मौके पर महाप्रबंधक संजय कुमार, जीएम ऑपरेशन केके झा, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, जेके सिंह, अनुज कुमार , नरेश सिंह राणा, निशांक प्रकाश, सुजीत रंजन, सुजय चट्टोपाध्याय समेत कई अधिकारी मौजूद थे.


## कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

**Walk In Interview**

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक 23(5) ब योजना दिनांक 20.05.2022 एवं उप निदेशक सह राज्य नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड रांची के पत्रांक 53(UH) दिनांक 03.07.2023 के आलोक में लातेहार जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में अटल मुहल्ला क्लिनिक वार्ड नं0 02 बानपुर के संचालन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं डुरूआ वार्ड नं0 04 तथा बानपुर वार्ड नं0 02 में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, (BAMS/BHMS/BUMS) को सेवा प्राप्त करने के लिए जिला स्तर पर निजी चिकित्सा पदाधिकारी को सूचीबद्ध किया जाना है। इसके लिए Walk In Interview दिनांक 04.08.2023 को सिविल सर्जन कार्यालय लातेहार में पुर्वाहन् 11:00 बजे से निर्धारित किया जाता है।

**क) पद का नाम:– चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) आवश्यक अहर्ता एवं शर्तें।**

| क0 | विवरण | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री। (कोविड 19 के दौरान सेवाएँ देने वाले चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाएगी।) |
| 02 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी।) |
| 03 | मानदेय | प्रतिमाह रू0 36400.00(1400.00 / प्रति दिन) |
| 04 | कार्य का समय | 08.00 बजे पूर्वाहन् से 12.00 बजे मध्याहन् तक या अपराह्न 04.00 बजे से रात्री 08.00 बजे तक |
| 05 | Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 06 | प्रकाशित विज्ञापन को जिला लातेहार के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है। | |

**क) पद का नाम :–चिकित्सक आयुष (BAMS/BHMS/BUMS) आवश्यक अहर्ता एवं शर्ते।**

| क0 | विवरण | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से (BAMS/BHMS/BUMS) की डिग्री। (कोविड 19 के दौरान सेवाएँ देने वाले चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाएगी।) |
| 02 | उम्र सीमा | अधिकतम 60 वर्ष । |
| 03 | मानदेय | प्रतिमाह रू0 20000.00 (बीस हजार) रू0 मात्र अधिकतम। |
| 04 | कार्य का समय | 08.00 बजे पूर्वाहन् से 12.00 बजे मध्याहन् तक या अपराह्न 04.00 बजे से रात्री 08.00 बजे तक |
| 05 | Walk In Interview में उपस्थित होने के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 06 | प्रकाशित विज्ञापन को जिला लातेहार के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है। | |

**नोट:– सूचिबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।**

**अटल क्लिनिक के लिए सूचीबद्ध चिकित्सकों के लिए कुल रिक्तियां :–**

चिकित्सक (एम0बी0बी0एस0) :– 01 (एक) अटल क्लिनिक, बानपुर ।

चिकित्सक (आयुष) :– 02 (दो) अटल क्लिनिक, बानपुर एवं डुरूआ स्टेशन।

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय सभागार लातेहार में दिनांक 04.08.2023 को पुर्वाह्न 11:00 बजे से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 303035 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – **DOPR/DE/KHUNTI/17/2023-24**

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | प्रखण्ड अड़की अन्तर्गत पंचायत नौढ़ी के ग्राम कुजियाम्बा में पशुपति पुरान के घर से मंडप होते हुए नदी तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 817000.00 | 16500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 2 | रनियाँ | प्रखण्ड रनियाँ अन्तर्गत पंचायत ताम्बा में ग्राम हारासुकु में कमला देवी के घर पीपल पेड़ के पास से फ्रॉंसिस तोपनो के घर तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 817300.00 | 16500.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 3 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड के तोरपा–तपकरा पुख्य पथ कमड़ा मोड़ से ग्राम कमड़ा सिरका टोली के राफेल सोय के घर तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 980800.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 4 | मुरहू | मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कूड़ापूर्ति के ग्राम सैको में ग्रामीण बैंक (सैको बाजार में) से पौलुस मुण्डा के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 980800.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 माह |
| 5 | कर्रा | कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत बमरजा के ग्राम बमरजा साहु टोली में पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1144200.00 | 23000.00 | 2500.00 | 02 माह |

नोट :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 25.07.2023 के अपराहृण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 01.08.2023 के अपराहृण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 02.08.2023 अपराहृण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.08.2023 अपराहृण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी

PR 303009 (District)23-24*D

## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 610 दिनांक 27.05.2020 के आलोक में लोहरदगा जिला के मत्स्य कषकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 के लिए भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु निम्नलिखित योजनाओं में आवेदन आमंत्रित किये जाते है ।

उक्त योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है । इस योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जाना है । लाभुक जनित योजनाएँ निम्नाकिंत है :–

1. 2020–21

| क0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | कोटिवार रिक्तियॉ | | सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | (सं0में) | 25.00 | सामान्य | 1 | 10.00 |
| 2 | नये रियरिंग तालाब निर्माण (नर्सरी / बीज रियरिंग तालाब) | (हे0में) | 7.00 | अनु0जाति | 1 | 4.50 |
| 3 | बायोफ्लोक तालाब का निर्माण (04 लाख प्रति हे0 इनपुट सहित) | 0.1 हे0 | 14.00 | सामान्य | 1 | 5.60 |
| 4 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 25 टैंक वाले मध्यम् बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 25.00 | अनु0जाति | 1 | 15.00 |
| 5 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 उचाई के 07 टैंक वाले छोटे बायोफ्लॉक की स्थापना | सं0में | 7.50 | सामान्य | 1 | 3.00 |
| | | | | अनु0जाति | 1 | 4.50 |
| | | | | महिला | 2 | 4.50 |
| 6 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्सा भी) | सं0 में | 3.00 | सामान्य | 2 | 1.20 |

2. 2021–22

| क0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | कोटिवार रिक्तियाँ | | सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Establishment of RAS (with I tank of 100 m $^3$) | (सं0में) | 7.50 | अनु0जनजाति | 1 | 4.50 |
| | | | | महिला | 1 | 4.50 |

3. 2022–23

| क0 | योजना का नाम | ईकाई | ईकाई लागत (लाख में) | कोटिवार रिक्तियाँ | | सरकार द्वारा अनुदानित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Biofloc ponds for freshwater areas including inputs of Rs. 4 Lakh/Ha | (सं0में) | 14.00 | अनु0जनजाति | 2 | 8.40 |
| | | | | महिला | 1 | 8.40 |
| 2 | Establishment of Biofloc(7 Tanks of 4m dia and 1.5 m high) culture system | (सं0में) | 7.50 | अनु0जनजाति | 3 | 4.50 |

**नोट–** लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (**DPR**) अपने खर्च पर बनवाकर जमा **करना होगा।**

**उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु लोहरदगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृशकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन 14.08..2023 तक आमंत्रित किये जाते है । आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में नि:शुल्क उपलब्ध है ।**

**NOTE : - प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अंशदान पूर्व व्यय किया जाना है, उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा। इस हेतु आवेदक / लाभुक को शपथ–पत्र देना होगा कि अपना अंशदान लगाने में सक्षम हूँ ।**

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा ।

PR.NO.303014 Lohardaga(23-24):D

### कुचाई सीएचसी में मंत्री व विधायक ने किया डिजिटल एक्स रे मशीन का उद्घाटन

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है राज्य सरकार : चंपई सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नया डिजिटल एक्स रे मशीन लगाया गया. शनिवार को अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन व स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने डिजिटल एक्स रे मशीन का उदघाटन किया. मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जनजातीय क्षेत्र में लोगों के स्वस्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हेतु कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे है. आने वाले दिनों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को ओर अधिक मजबूत किया जायेगा, ताकि गांव कस्बो में रह रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सके. मंत्री चंपई सोरेन ने पूर्व के सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने झारखंड के संसाधनों का दोहन किया, परंतु यहां आदिवासी-मूलवासियों के हित में कोई कार्य नहीं किया.

#### हेमंत सरकार ग्रामीण क्षेत्र में दे रही है बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : गागराई

स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कोरोना काल में कुचाई सीएचसी के तत्कालिन चिकित्सक डॉ शिव चरण हांसदा ने उत्कृष्ठ कार्य किया है. उन्होंने कहा कि ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिलने लगी है. पिछले साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष फोकस रख कर हुए कार्य किया है. इस दौरान मुख्य रुप से जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिप सदस्य जींगी हेंब्रम,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत मुर्मु, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) अनूप सिंहदेव,भरत सिंह मुंडा,सानंद आचार्य, घनश्याम सोय, राहुल गोप आदि उपस्थित थे.

## संगठन मजबूती को जामबनी में अखिल भारतीय झारखंड पार्टी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की जामबनी गांव में शनिवार को अखिल भारतीय झारखंड पार्टी का एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष यादव राय के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विजय दास एवं विशिष्ट अतिथियों में केंद्रीय संगठन सचिव गुरुचरण दास, जिलाध्यक्ष धरम पाल सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष जॉन कच्छप उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी संगठन मजबूत बनाने हेतु आपस में विचार विमर्श किया। प्रदेश अध्यक्ष विजय दास ने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान चलाते हुए जल्द से जल्द प्रत्येक बूथों पर बूथ कमेटी का गठन करें। उन्होंने प्रत्येक बूथों में पुरूष व महिलाओं की 20 सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष अमित टुड्डू, सचिव नीलकमल महतो, सह सचिव गिरिधारी सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### उप विकास आयुक्त ने की जल शक्ति अभियान व जलछाजन के योजनाओं की समीक्षा बैठक

# प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण व रिचार्ज पर जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिले में जल शक्ति अभियान की प्रगति एवं जलछाजन की योजनाओं की समीक्षा बैठक उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा किया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, सोशल फॉरेस्ट्री के डीएफओ, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने डीएफओ- सोशल फॉरेस्ट्री को पर्यावरणीय तथा सामाजिक व ग्रामीण विकास के उद्देश्य से वनों का रोपण, संरक्षण, प्रबंधन तथा ऊसर भूमि पर ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं, जरूरत है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर बेहतर तरीके से कार्य किए जाएं । सामाजिक वानिकी से वनों का प्रबंधन और संरक्षण के साथ-साथ बंजर भूमि का वनीकरण होगा,



जिसका उद्देश्य पर्यावरण के साथ-साथ ग्रामीण विकास में मदद करना है। वहीं ईंधन के लिए लकड़ी, चारा और घास का वृक्षारोपण विकसित करके पारंपरिक वन क्षेत्रों पर दबाव कम किया जा सकेगा।

**जिले में जलछाजन से जुड़ी परिसंपत्तियों का ब्यौरा जुटाने का दिया गया निर्देश :** उप विकास आयुक्त ने प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं उन्हें रिचार्ज करने पर जोर देते हुए कहा कि जल शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य ही वर्षा जल का प्रबंधन और संरक्षण तथा प्राकृतिक स्रोतों को रिचार्ज करना है । उन्होने पिछले 2 वर्षों में जलछाजन से जुड़ी योजनाओं जैसे तालाब, डोभा, चेकडैम, ट्रेंच कम बंड, मेढ़बंदी, सोक पीट, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग आदि परिसंपत्तियों का एक विस्तृत रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया । उप विकास आयुक्त ने कहा कि इन योजनाओं का बहुपयोगी उद्देश्य रहा है, गिरते भू-गर्भ जलस्तर को बचाने तथा जल को लेकर सभी ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर बनें, वर्षा जल पर आश्रित नहीं रहें इसलिए जरूरी है कि हम प्राकृतिक रूप से मिल रहे जल को संग्रहित एवं उनके स्रोतों को संरक्षित करें ।

## जॉली ग्रुप ने किया सावन महोत्सव का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जॉली ग्रुप द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन एक होटल में किया गया,जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया एवं सावन के संगीत पर नृत्य का जमकर लुत्फ उठाया। उक्त अवसर पर अनेक कार्यक्रम जैसे हॉजी, घंटी एवं सावन का झुला के कार्यक्रम का भी आनन्द उठाया। हॉजी में किरण एवं राजेश्वरी विजयी रहें। घंटी में प्रिति एवं ज्योति विजयी रहीं। उक्त कार्यक्रम में सभी महिलाएँ हरे रंग की साड़ी एवं श्रृंगार में उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सावन क्वीन के रूप में आशा सिंह का चयन हुआ और उन्हें सावन क्वीन की क्राउन पहनाया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जॉली शुक्ला, वंदना मिश्रा, सुचित्रा गुप्ता, प्रमिला सिंह, पूनम रे एवं विनिता मिश्रा सहित अन्य महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## करीम सिटी कॉलेज मानगो कैम्पस में डीएलएड के लिए नामांकन शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैम्पस) में डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) वर्तमान सत्र (2023-2025) में छात्र-छात्राओं का नामांकन प्रारंभ हो गया है। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने दी। उन्होंने बताया कि यह दो साल का शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स है जिसको पूरा कर लेने के बाद प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त होता है। यह बात हम सभी जानते हैं कि शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। इस कोर्स में वे सभी विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं जिन्होंने कला, विज्ञान तथा वाणिज्य में इंटरमीडिएट पास कर लिया है। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत तथा ओबीसी/एससी/ एसटी के लिए 45 प्रतिशत होना चाहिए तथा उनकी आयु 1 जुलाई 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। डीएलएड करने का एक बड़ा फायदा यह है इसके बाद विद्यार्थी इग्नू द्वारा बीएड तथा एमएड बहुत ही आसानी के साथ कर सकते हैं तथा स्कूली शिक्षण व्यवस्था में किसी भी सतह पर सफल शिक्षक बन सकते हैं।

## राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी का पुरेंद्र ने किया स्वागत



**आदित्यपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी के जमशेदपुर आगमन पर परिसदन में राजद के प्रदेश महासचिव सह आदित्यपुर नगर परिषद के पुरेंद्र नारायण सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस मौके पर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने जमशेदपुर सहित कोल्हान में राजद की गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में पुरेंद्र नारायण सिंह से जानकारी प्राप्त की। पुरेंद्र ने कोल्हान में राजद के संगठन की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पुरेंद्र नारायण सिंह ने राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी से कोल्हान के 4 सीटों- मझगांव, जगन्नाथपुर, जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी से 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद प्रत्याशी उतारने की मांग की। पुरेंद्र नारायण सिंह ने जमशेदपुर पूर्वी या जमशेदपुर पश्चिम से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने की भी इच्छा व्यक्त की. साथ ही पुरेंद्र नारायण सिंह ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का कार्यक्रम आदित्यपुर में आयोजित कराने हेतु अनुरोध किया।

## केपीएस गम्हरिया में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईसीएसई के वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा में किसी भी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सत्र 2022-23 में कक्षा नर्सरी से नवम तक मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ एस. एस. रज्जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक शरत चन्द्रन, एकेडमिक निदेशक लक्ष्मी शरत चन्द्रन भी मौजूद थे। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों की ओर से रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई।

# वंचित सभी सुयोग्य लोगों का बनेगा आयुष्मान कार्ड : एडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला में 21 जुलाई से 04 अगस्त कर आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा । पखवाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार तथा जन जन तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मौके पर निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एमजीएम उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी, एसीएमओ डॉ



आलोक रंजन महतो, डीआरसीएचओ डॉ रंजीत पांडा तथा अन्य मौजूद रहे। जागरूकता रथ ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों को इस अभियान की जानकारी देगी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ऐसे लाभार्थियों को चिह्नित किया जाएगा जो आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं लेकिन अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका। उन्होने बताया कि कि पखवाड़ा के दौरान लाभुकों को सूचित करते हुए सहिया/ स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पीडीएस डीलर, सीएचओ, आयुष्मान मित्र, सीएससी(प्रज्ञा केन्द्र) एवं अन्य के माध्यम से घर-घर जाकर एवं पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा । गुलाबी, पीला और हरा राशन कार्डधारी के लाभुक ई- केवाईसी के माध्यम से बिल्कुल निश्शुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं । इस योजना से आच्छादित परिवार एक साल में 5 लाख रूपए तक का बिल्कुल मुफ्त में उपचार सभी निबंधित अस्पतालों में करा सकते हैं । आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा।

# जुगसलाई में बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालुगण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को पूतना उद्धार, माखन चोरी लीला, भगवान की अनेकों बाल लीलाएं, गिरिराज धरण लीला सहित छप्पन भोग दर्शन के प्रसंग का व्यास पीठ से भागवताचार्य डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर ने सुंदर व्याख्यान किया। कथाव्यास की वाणी से बाल कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा एवं इन्द्र के मान मर्दन की दिव्य कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर भगवान गिरिराज महाराज के समक्ष सुंदर छप्पन भोग के दर्शन कराए। पंचम दिवस आनंद एवं उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। आरती के पश्चात सभी को छप्पन भोग का दिव्य प्रसाद वितरित कराया गया। छठवें दिन रविवार 23 जुलाई को कथावाचक श्री कृष्ण रूकमणि विवाह महोत्सव का प्रसंग सुनायेंगें।



# आजसू प्रधान कार्यालय चिलगु में ग्राम प्रभारी का हुआ चयन, सैकड़ों लोग शामिल हुए आजसू में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल के चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में आज आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप के अध्यक्षता में ग्राम प्रभारी का चयन किया गया जिसमे मुख्य रूप से आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो उपस्थित थे। वही आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने बताया कि केंद्रीय कमिटी के निर्देश अनुसार ग्राम प्रभारी का चयन सर्वसमिति से किया गया है। आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए ग्राम प्रभारी का चुनाव किया गया है चुनाव के दौरान ग्राम प्रभारी का मुख्य भूमिका रहता है। काठजोड़ ग्राम से बुद्धेश्वर सिंह सरदार, तुलिन से गौतम प्रामाणिक, कदमझोर से नीमाई सिंह सरदार, बागालडीह से अनील सिंह सरदार, भुईयाडीह से



अनादी तांतुबाई, कारनीडी से संतोष लायेक, सालगाडीह से भास्कर कुम्हार, चिलगुडीह से डाँ चरण हॉसदा, चाकुलिया से शक्ति महतो, गुरुपदो मार्डी, चिलगु से संतोष प्रमाणिक, जोनोडीह से रुहीदाश माझी, माकूला से मृतूंजय सिंह सरदार को ग्राम प्रभारी के रूप चयन किया गया। इस बीच इचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा।

# थमने का नाम नहीं ले रहा हाथियों का उत्पात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। 10-12 कि संख्या में हाथियों का झुंड गुदड़ी के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। हाथियों का झुंड क्षेत्र में प्रवेश करते ही दो दिनों से लगातार घरों को क्षतिग्रस्त कर अनाजों को अपना निवाला बना रहा है, जिससे क्षेत्र में लोग दहशत के साए में जी रहे हैं। हाथियों का झुंड दो ग्रुप में बंटा हुआ है। 4-5 हाथियों ने शुक्रवार की देर रात को टीकर के बनकाठी में दो घरों को तोड़कर घर में रखे धान व चावलों



को चट कर गया। हाथियों ने रबनी गोराई व विनोद गोराई का घर को तोड़कर धान,चावलों को अपना निवाला बनाया। हाथियों ने फोतु गोराई,भंदो घोष ,मनोरथ गोराई सहित कय किसानों का खेत में लगे धान के बीचड़ों को भी पैर से रौंदकर नष्ट कर दिया। सुचना मिलते ही शनिवार को ग्राम प्रधान मानीक गोराई व समाजसेवी अजय साव गांव पहुंचकर क्षतिग्रस्त घरों का जायजा लिया। वहीं उन्होंने मोबाइल पर वनपाल को घटना का जानकारी दिया एवं पीड़ित परिवारों को क्षतिग्रस्त घरों का जल्द मुआवजा देने व हाथियों को भगाने का मांग किया।

# बिरसा योजना का हुआ उद्घाटन, तकनीकी शिक्षा से होगा झारखंड का विकास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना का उद्घाटन टीएसएसपी लिमिटेड के सीईओ आलोक जयसवाल व एएन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्या मीस मिताली ने फीता काटकर किया। वहीं उन्होंने मशीन चलाकर बिरसा योजना का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक व युवतियों को मुख्यमंत्री द्वारा रांची में आनलाइन उद्घाटन समारोह का



सीधा प्रसारण भी प्रोजेक्ट के माध्यम से दिखाया गया। मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना के माध्यम से पुरूष व महिलाओं को सिलाई व इलेक्ट्रिशियन की तीन महिने का प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाने के लिए विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट कराने की एक राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा रांची में आनलाइन उद्घाटन के बाद पुरे झारखंड में एक साथ शुभारंभ किया गया। वहीं प्रशिक्षण हेड प्रांसु प्रसाद ने बताया बेरोजगारों को तीन माह का अलग अलग ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान छात्रबृती भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद झारखंड सरकार की ओर से विभिन्न कल कारखानों में प्लेसमेंट दिया जाएगा। मौके पर जिला कौशल विकास पदाधिकारी रवि जी, टेक्नोवेल साफ्टवेयर सोलुशन प्राइवेट लिमिटेड के आलोक जयसवाल, रिसोर्स मैनेजर संजीव कुमार, सेंटर हेड पूर्णिमा कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# युवती का शव सड़क पर रख लोगों ने लगाया जाम, छेड़खानी करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र भालुबासा हरिजन बस्ती की रहने वाली युवती गौरी मुखी ने शुक्रवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद जब परिजनों को शव मिला तो उन्होंने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों की मांग है कि युवती के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजे। इन लोगों का कहना है कि सीतारामडेरा थाने के पूर्व चालक राखी मुखी, बिंदिया मुखी और परेश मुखी समेत अन्य लोग युवती के साथ छेड़खानी करते थे। इसी के चलते उसने फांसी लगाई है। इन लोगों का कहना है कि सीतारामडेरा थाना पुलिस पीड़ित पक्ष की सुनवाई नहीं कर रहा था। थाने के पूर्व चालक के कहने पर पुलिस युवती की मां और अन्य परिजनों को फर्जी मामले में फंसा कर जेल भेज रहा था। इसी के चलते गौरी ने फांसी लगाई है। परिजनों का कहना है कि आरोपी दारू बेचते हैं और दारू पिला कर लोगों को पीड़ित युवती के घर पर भेज कर कुछ दिनों पहले मारपीट भी की थी। शव के साथ सड़क जाम लगने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है।







# महिलाओं को सशक्त बनाने व समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए आरएसबी ट्रांसमिशन की एक पहल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश की ऑटोमोटिव उद्योग की अग्रणी आरएसबी ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शुरू की गई 'एक पहल' इनिशिएटिव के एनुअल डे के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह लैंगिक समानता और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका उद्देश्य महिला कर्मचारियों और समुदाय की महिलाओं को सशक्त बनाना है। 8 जुलाई 2020 को शुरू हुई यह पहल एक समावेशी और सशक्त कार्य वातावरण बनाने के लिए आरएसबी ट्रांसमिशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आरएसबी समूह में ह्यूमन रिसोर्स की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर निर्मला बेहरा के नेतृत्व में एक पहल के हिस्से के रूप में आयोजित प्रभावशाली सेशंस की एक श्रृंखला आयोजित की गई। ये सत्र पहल के चार स्तंभों, अर्थात् सामुदायिक सेवा, सुरक्षा, शिक्षा और विकास, और स्वास्थ्य और स्वच्छता पर केंद्रित थे। आरएसबी समूह के अध्यक्ष आर.के. बेहरा के दूरदर्शी सोच की उपज, एक पहल जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके उत्थान के लिए उनकी दृष्टि और प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। इस महत्वपूर्ण अवसर के दौरान, आरएसबी समूह के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एस.के. बेहरा ने अपना विचार साझा करते हुए कहा कि, उनकी अंतर्दृष्टि ने ऐसे माहौल को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित किया जहां महिलाएं उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें। आरएसबी ट्रांसमिशन अपने कार्यबल में महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में सराहनीय प्रगति कर रहा है, और आर.के. बेहरा और एस.के. बेहरा की प्रेरणादायक जोड़ी इस प्रयास में मार्गदर्शक बनी हुई है। महिलाओं को सशक्त बनाने के अलावा, आरएसबी ट्रांसमिशन पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से समग्र विकास को बढ़ावा देने में विश्वास करता है।

## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन की सीमाएं

यह हमारा सरोकार नहीं है कि विपक्ष को गठबंधन के मोर्चे तक लाने वाले नीतीश कुमार 'इंडिया' से नाखुश हैं और असहज भी हैं। खुद उन्होंने ऐसी अटकलों को खारिज किया है और दोहराया है कि विपक्ष एकजुट आगे बढ़ेगा और 2024 की लड़ाई जीतेगा। अलबत्ता विपक्षी गठबंधन के कुछ चेहरे और बयान दो दिन में ही सार्वजनिक होने लगे हैं कि राज्यों के राजनीतिक गठबंधन और उनके संतुलन भिन्न होते हैं, लिहाजा राज्यों में चुनावी गठबंधन स्थानीय नेता और काडर ही तय करेंगे। बड़ा सहज सवाल है कि राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' की स्थापना के तुरंत बाद, बेंगलुरु में ही, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी को यह बयान देने की क्या जरूरत थी कि पश्चिम बंगाल में हम लोकतंत्र की हत्या करने वाली तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं कर सकते? येचुरी अपनी पार्टी के शीर्षस्थ नेता हैं, लिहाजा उनके बयान के मायने समझे जा सकते हैं। कुछ ऐसे ही बयान पंजाब से आए हैं, जिनमें राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके पार्टी प्रवक्ता कह रहे हैं कि हमने राज्यों के सामंजस्य को एक तरफ रखा है। 'इंडिया' की लड़ाई देश, संविधान, लोकतंत्र बचाने की है। उसके मद्देनजर ही समविचारक दल एक साझा मंच पर जमा हुए हैं और यह मोर्चा बना है। हम एक हकीकत स्पष्ट कर दें कि न तो देश को कुछ हुआ है और न ही संविधान, लोकतंत्र खत्म होने जा रहे हैं। इनसे ज्यादा शक्तिशाली देश में और कोई ताकत नहीं है। प्रधानमंत्री भी हैं, तो इन्हीं की व्यवस्था के मुताबिक हैं। फिजूल मिथक थोपे जा रहे हैं। देश की विभिन्न सरकारों ने, अपने-अपने कालखंड में, ऐसे निर्णय जरूर लिए होंगे, जिनके मद्देनजर तत्कालीन विपक्ष ने भ्रामक व्याख्याएं कर जनता को डराया होगा! हमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का 'आपातकाल' वाला तानाशाही ऐलान कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि तब पहली और आखिरी बार संविधान, लोकतंत्र बंधक बना लिए गए थे। न्यायपालिका में मनमाफिक हस्तक्षेप किए गए, भारतीय प्रेस परिषद को भंग कर उस पर ताले लटका दिए गए, विपक्ष के नेताओं और कुछ पत्रकारों को 19 महीने तक जेल में ठूंस दिया गया था। हम न तो अतीत को दोहराने के पक्षधर हैं और न ही प्रधानमंत्री मोदी को एक लचीला, समावेशी, सभी की सुनने वाला राष्ट्रीय नेता मानते हैं। फिलहाल देश का यथार्थ यह है कि संविधान, लोकतंत्र, अदालत, संवैधानिक संस्थाएं और समग्रता में भारत देश खतरे में नहीं है। यदि 'इंडिया' की गठबंधनकारी दलीलों को सुनें, तो संविधान और लोकतंत्र के लिए, राज्यों की जनता भी, वोट देगी। वे लोग 'इंडिया' को वोट देंगे अथवा तितर-बितर, विरोधाभासी दलों के पक्ष में मतदान करेंगे? यदि देश का जनमत ही विभाजित होता है, तो फिर विपक्ष की साझा, सामूहिक लड़ाई का निष्कर्ष क्या रहेगा? हमारा सवाल यह भी है कि कहीं 'इंडिया' गांठों वाला गठबंधन तो साबित नहीं होगा? अंतर्विरोधों की स्थितियां और भी हैं। मसलन-शरद पवार, लालू यादव, अखिलेश यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन आदि विपक्ष के बड़े नेताओं को, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, बोलने का मौका नहीं दिया गया। स्टालिन की पार्टी द्रमुक 23 लोकसभा सांसदों के साथ दक्षिण भारत की सबसे बड़ी और 'इंडिया' की दूसरे स्थान की पार्टी है। स्टालिन का रुख पटना, बेंगलुरु में एक जैसा ही रहा है। राजनीतिक और चुनावी सवाल यह भी है कि 'इंडिया' का सीधा मुकाबला भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए से है और यह हिंदी पट्टी में कड़ा मुकाबला दिखेगा। तो उन राज्यों, इलाकों में 'इंडिया' की स्वीकृति कितनी होगी? दरअसल हम देश को 'इंडिया' और 'भारत' में बांट कर देखने के आदी नहीं हैं। हमारी शहर बनाम गांव वाली सोच भी नहीं है। यह जरूर मानते हैं कि हमारे गांव अब भी बहुत पिछड़े हैं। तो फिर अंग्रेजी बनाम हिंदी से उनके क्या सरोकार हो सकते हैं? 'इंडिया' और 'भारत' के मायने उनके लिए देश से ही हैं, जिसके हम सभी नागरिक हैं। बहरहाल 'इंडिया' मीडिया में छपने लगा है और नई दिल्ली के बाराखंभा रोड के थाने में एक शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

बड़ा सहज सवाल है कि राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' की स्थापना के तुरंत बाद, बेंगलुरु में ही, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी को यह बयान देने की क्या जरूरत थी कि पश्चिम बंगाल में हम लोकतंत्र की हत्या करने वाली तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं कर सकते? येचुरी अपनी पार्टी के शीर्षस्थ नेता हैं, लिहाजा उनके बयान के मायने समझे जा सकते हैं। कुछ ऐसे ही बयान पंजाब से आए हैं, जिनमें राज्य में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके पार्टी प्रवक्ता कह रहे हैं कि हमने राज्यों के सामंजस्य को एक तरफ रखा है। 'इंडिया' की लड़ाई देश, संविधान, लोकतंत्र बचाने की है। उसके मद्देनजर ही समविचारक दल एक साझा मंच पर जमा हुए हैं और यह मोर्चा बना है। हम एक हकीकत स्पष्ट कर दें कि न तो देश को कुछ हुआ है और न ही संविधान, लोकतंत्र खत्म होने जा रहे हैं। इनसे ज्यादा शक्तिशाली देश में और कोई ताकत नहीं है। प्रधानमंत्री भी हैं, तो इन्हीं की व्यवस्था के मुताबिक हैं। फिजूल मिथक थोपे जा रहे हैं।

## ईरान के बादशाह नादिरशाह के 1739 के हमले ने तो दिल्ली में मुगल सत्ता के केन्द्र को हिला कर रख दिया था

# महाराजा रणजीत सिंह का योगदान

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

सप्त सिन्धु की सातवीं नदी सरस्वती अरसा पहले सूख गई थी, लेकिन आदि बद्री में उसका स्रोत अभी भी बचा हुआ है। घग्घर और टांगरी नदी सरस्वती नदी के बचे हुए अवशेष ही हैं। लेकिन अनेकों आक्रमणकारियों के हमलों के कारण यह भौगोलिक रूप से तो विद्यमान रहा, परन्तु राजनीतिक व सांस्कृतिक रूप से खंड खंड हो गया। इस क्षेत्र में 1699 में दशगुरु परम्परा के दशम गुरु श्री गोविन्द सिंह जी ने देश धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। गोविन्द सिंह जी द्वारा गठित खालसा पंथ ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। खालसा पंथ ने विदेशी मुगल सत्ता से लोहा लेने की सुप्त ताकत को पुनः जागृत कर दिया। कालान्तर में इस चेतना एवं जागृति को राजौरी-पुंछ के बन्दा बहादुर ने धार दी। उसने 1710 में सरहिन्द को जीत कर सदियों से पराजित हो रहे सप्त सिन्धु क्षेत्र में नई जान डाल दी।

विशाल सप्त सिन्धु क्षेत्र अपने आप में पूरे पश्चिमोत्तर भारत को समेटे हुए है। बस इतना ध्यान रहना चाहिए कि पश्चिमोत्तर भारत से अभिप्राय 15 अगस्त 1947 के पहले के भारत से है। इस विशाल क्षेत्र में सैकड़ों नदियां और नाले हैं, लेकिन वे सभी सतलुज, व्यास, जेहलम, रावी व चिनाब इत्यादि नदियों में मिल जाते हैं और ये पांचों नदियां सिन्धु नदी में मिलती हैं। इस प्रकार विशाल सिन्धु नदी अन्त में समुद्र में मिल जाती है। सप्त सिन्धु की सातवीं नदी सरस्वती अरसा पहले सूख गई थी, लेकिन आदि बद्री में उसका स्रोत अभी भी बचा हुआ है। घग्घर और टांगरी नदी सरस्वती नदी के बचे हुए अवशेष ही हैं। लेकिन अनेकों आक्रमणकारियों के हमलों के कारण यह भौगोलिक रूप से तो विद्यमान रहा, परन्तु राजनीतिक व सांस्कृतिक रूप से खंड खंड हो गया। इस क्षेत्र में 1699 में दशगुरु परम्परा के दशम गुरु श्री गोविन्द सिंह जी ने देश धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की थी। गोविन्द सिंह जी द्वारा गठित खालसा पंथ ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। खालसा पंथ ने विदेशी मुगल सत्ता से लोहा लेने की सुप्त ताकत को पुनः जागृत कर दिया। कालान्तर में इस चेतना एवं जागृति को राजौरी-पुंछ के बन्दा बहादुर ने धार दी। उसने 1710 में सरहिन्द को जीत कर सदियों से पराजित हो रहे सप्त सिन्धु क्षेत्र में नई जान डाल दी। लेकिन ईरान के बादशाह नादिरशाह के 1739 के हमले ने तो दिल्ली में मुगल सत्ता के केन्द्र को हिला कर रख दिया था। इसके परिणामस्वरूप सत्ता की केन्द्रीय व्यवस्था छिन्न भिन्न होने लगी। लाहौर के मुगल सूबेदार जकरिया खान की मौत के बाद उसके बेटों में ही घमासान होने लगा। लेकिन इन जकरिया खानों की विदेशी सत्ता से ही स्वतंत्र होने की चिंगारी सप्त सिन्धु क्षेत्र/पंजाब में भी प्रज्वलित होने लगी थी। अब तक इस क्षेत्र में खालसा पंथ अपनी जड़ें जमा चुका था। 'प्रत्येक घर का बड़ा बेटा खालसा पंथ का', यह भावना तो गुरु गोविन्द के समय में ही पनपने लगी थी। यही कारण था कि नादिरशाह के हमलों से जो अव्यवस्था पैदा हुई थी, उसके परिणामस्वरूप सप्त सिन्धु/पंजाब क्षेत्र में भी



खालसा पंथ के शक्ति केन्द्र दिखाई देने लगे थे। इन्हें मिसल कहा जाता था। लेकिन इसी अव्यवस्था का लाभ अफगानिस्तान का अहमद शाह अब्दाली ने भी उठाया। उसने मुगलों का स्थान लेने के लिए 1747 से लेकर 1767 तक भारत पर आठ बार हमले किए। लेकिन इसका सर्वाधिक दंश पंजाब/सप्त सिन्धु क्षेत्र को ही झेलना पड़ा। मिसलों के सरदारों से जगह जगह अब्दाली के सैनिकों की झड़प होती रहती थी। इन मिसलों में से एक मिसल चढ़त सिंह की भी थी। चढ़त सिंह के पूर्वज गुजरांवाला के सुकरचक गांव के थे। इसलिए यह मिसल सुकरचकिया के नाम से प्रसिद्ध हुई। इधर सप्त सिन्धु क्षेत्र में अहमद शाह अब्दाली के सैनिकों से पंजाब भिड़ रहा था, उधर कुछ अरसा पहले हिन्दुस्तान में व्यापार करने के लिए आई ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी का भी अठारहवीं सदी के मध्य में ही भारत के राजनीतिक क्षितिज पर उदय हो रहा था। 1757 में प्लासी की लड़ाई में मीर जाफर की सहायता से बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को परास्त कर अंग्रेजों ने भी यहां यूनियन जैक गाड़ दिया था और अब वे देश भर में अपने पैर पसारते पसारते सप्त सिन्धु क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे। इन्हीं दिनों इस क्षेत्र में महाराजा रणजीत सिंह (1780-1839) का राजनीतिक क्षेत्र में उदय होता है। रणजीत सिंह यदुवंशी भट्टी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। सप्त सिन्धु क्षेत्र, जैसा कि ऊपर संकेत दिया गया है, राजनीतिक रूप से अनेक छोटे छोटे क्षेत्रों में विभाजित था। सतलुज तक तो अंग्रेजों ने कब्जा कर ही लिया था। रणजीत सिंह समझ गए थे कि यदि अंग्रेजों से मुकाबला करना है तो सप्त सिन्धु क्षेत्र के एकीकरण की ओर कदम बढ़ाना होगा। अब तक पंजाब में मिसलों के नाम से स्थानीय शक्ति केन्द्र आकार लेने लगे। इनमें भंगी, कन्हैया, रामगढिया, सिंहपुरिया, सुकरचकिया, आहलूवालिया, नकई, डल्लेवाला, निशानवालिया, करोडसिंघिया, निहंग मिसल, फुलकियां, फैजलपुरिया मिसलें महत्वपूर्ण थीं। अपने पिता की मौत के बाद रणजीत सिंह 1792 में सुकरचकिया मिसल के सरदार बन गए थे। उन दिनों लाहौर में भंगी और कन्हैया मिसल का कब्जा था। रणजीत सिंह ने सबसे पहले इसी ओर ध्यान दिया। अन्ततः 1799 में उसने लाहौर के किले पर कब्जा कर लिया और स्वयं को पंजाब का नरेश घोषित कर दिया। इस प्रकार सप्त सिन्धु के एकीकरण का अभियान 1799 में ही शुरू हो गया था। विधाता ने रणजीत सिंह को उच्चकोटि की बुद्धि दी थी और साथ ही उसके अन्दर साहस, वीरता तथा युद्ध कौशल पर्याप्त मात्रा में था। उसने देखा कि अंग्रेज कोलकाता से चलकर यमुना के तट तक आ पहुंचे हैं और दूसरी ओर काबुल नरेश शाहजमां ने पंजाब पर फिर से अपना आधिपत्य जमाने के लिए हाथ-पैर मारना शुरू कर दिया है। उसने सोचा कहीं ऐसा न हो कि अपनी जन्मभूमि को स्वतंत्र करवाने का शुभ कार्य जो कि खालसा पंथ ने आरम्भ किया हुआ था, रुक जाए और हमारी आठ सौ साल की पुरानी पराधीनता चिरस्थायी हो जाए। अतएव वह इस बात पर कटिबद्ध हो गया कि किसी प्रकार भी हो, इन दुर्लभ छोटी छोटी रियासतों को समाप्त करके पंजाब में एक शक्तिशाली राष्ट्रीय सत्ता स्थापित कर दी जाए, जिससे कोई भी विदेशी आक्रमणकारी अब इस ओर आंख उठा कर न देख सके। इसके लिए उसने परम्परागत तौर तरीके छोड़ कर वे नए तरीके भी अपनाए जिससे वह शक्तिशाली अंग्रेजों का भी सामना कर सके। यही कारण था कि उसने अपने राज्य की सेना ईस्ट इंडिया कम्पनी की सेना की तर्ज पर प्रशिक्षित की और प्रशिक्षण के लिए विदेशी प्रशिक्षकों का उपयोग भी किया। 1808 तक आते आते रणजीत सिंह ने जेहलम और सतलुज के बीच के सभी क्षेत्रों का एकीकरण करने में सफलता प्राप्त कर ली। इधर महाराजा रणजीत सिंह सप्त सिन्धु क्षेत्र के एकीकरण के प्रयास में लगे हुए थे, उधर ईस्ट इंडिया कम्पनी धीरे धीरे पंजाब की ओर सरक रही थी। एक दूसरे की शक्ति तौलने का प्रयास हो रहा था। दोनों की अपनी सीमाएं थीं। दरअसल इसी काल में यूरोप में फ्रांस और इंग्लैंड में घमासान छिड़ा हुआ था। ब्रिटेन को खतरा था कि हो सकता है फ्रांस भारत पर भी हमला कर दे। यह खतरा और बढ़ गया जब 1807 में रूस और फ्रांस में सन्धि हो गई। अंग्रेजों ने अनुमान लगाया कि यदि महाराजा रणजीत सिंह से समझौता हो जाए तो फ्रांस के हमले की स्थिति में वे अंग्रेजों का साथ देंगे। रणजीत सिंह की रणनीति थी कि यदि अंग्रेज सतलुज को अपने राज्य की सीमा मान लेते हैं तो वे निश्चिंत होकर नदी के दक्षिण स्थित क्षेत्रों का एकीकरण कर, एक ताकतवर शक्ति केन्द्र की स्थापना कर सकेंगे। कम्पनी ने समझौते के लिए बातचीत करने के लिए चाल्ज मैटकाफ को अपना राजदूत नियुक्त किया। महीनों तक दोनों पक्षों में बातचीत चलती रही। रणजीत सिंह ने बातचीत के दौरान ही मालवा की रियासतों को अपने राज्य में मिलाना शुरू कर दिया। कम्पनी ने भी अपने सैनिक सतलुज नदी की ओर भेजने शुरू कर दिए। रणजीत सिंह ने इसका उत्तर अपने सैनिक सतलुज के पार भेज कर दिया।

# क्या शिक्षा विभाग राज्य में खेलों को बढ़ावा देगा?

हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है। खेलों से नियमित रोजी रोटी मिलने वालों को चाहिए कि वे नमक का कुछ तो हक अदा करें। अगर खिलाड़ी के रूप में नहीं हो सकता है तो प्रशिक्षण व प्रबंधन तो आसानी से हो ही सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण के अंतर्गत तीन प्रतिशत पदों पर भर्ती करती है। शिक्षा विभाग में अब तक सैंकड़ों प्रवक्ता, प्रशिक्षित स्नातक व अन्य पदों पर खेल आरक्षण से शिक्षक नियुक्त हैं। हिमाचल प्रदेश का हर बच्चा विद्यालय जा रहा है। वैसे तो विद्यालय में विद्यार्थियों की फिटनेस व खेलों के लिए शारीरिक शिक्षा का शिक्षक नियुक्त होता है, मगर वह हर खेल के लिए प्रशिक्षण नहीं दे सकता है।

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने दो वर्ष पहले अपने पूर्व में रहे खिलाड़ी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के लिए एक पत्र निकाला था। इस पत्र में शिक्षा निदेशालय ने शौकिया प्रशिक्षण करवाने वाले इच्छुक शिक्षकों व कर्मचारियों के नाम मांगे थे ताकि उन्हें प्रशिक्षण सुविधाओं वाली जगहों पर नियुक्त किया जा सके। मगर आज तक भेजे गए उन नामों का कुछ पता नहीं चला कि उनका क्या हुआ। अब फिर एक पत्र शिक्षा निदेशालय की तरफ से निकला है। उसमें आज शिमला में संयुक्त निदेशक हायर एजुकेशन की अध्यक्षता में खेलों के उत्थान के लिए बनाई गई कमेटी की बैठक हो रही है जो राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर राय देगी। हिमाचल प्रदेश में सैंकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है। खेलों से नियमित रोजी रोटी मिलने वालों को चाहिए कि वे नमक का कुछ तो हक अदा करें। अगर खिलाड़ी के रूप में नहीं हो सकता है तो प्रशिक्षण व प्रबंधन तो आसानी से हो ही सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण के अंतर्गत तीन प्रतिशत पदों पर भर्ती करती है। शिक्षा विभाग में अब तक सैंकड़ों प्रवक्ता, प्रशिक्षित स्नातक व अन्य पदों पर खेल आरक्षण से शिक्षक नियुक्त हैं। हिमाचल प्रदेश का हर बच्चा विद्यालय जा रहा है। वैसे तो विद्यालय में विद्यार्थियों की फिटनेस व खेलों के लिए शारीरिक शिक्षा का शिक्षक नियुक्त होता है, मगर वह हर खेल के लिए प्रशिक्षण नहीं दे सकता है। भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए किशोरावस्था से ही सही तकनीक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बढ़ जाता है। अरबों की आबादी में किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का प्रारंभिक स्तर से होना बेहद अनिवार्य हो जाता है जो सही उम्र में सही तकनीक सिखा कर भविष्य में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। हिमाचल प्रदेश में खेल प्रशिक्षण के लिए शुरू से वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है जिससे बाद में प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठतम परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतने लंबे खेल प्रशिक्षण को प्राप्त कर कुछ एक खिलाड़ी ही अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाते हैं। हिमाचल प्रदेश में विद्यालय स्तर पर शारीरिक शिक्षकों की कमी सबके सामने है। विद्यालय जीवन ही वह समय है जब खिलाड़ी तकनीक को सीख रहा होता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण के लिए विद्यालय खुलने से पहले व बंद होने के बाद हिमाचल प्रदेश में शारीरिक शिक्षकों को छोड़ कर अन्य विषयों के शिक्षक जो पूर्व में अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, अपने पढ़ाई के कार्य के साथ साथ विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम पूर्व में रोशन करते रहे हैं और वर्तमान में कर भी रहे हैं। हमीरपुर शहर के वरिष्ठ माध्यमिक कन्या राजकीय विद्यालय में चार दशक पूर्व नियुक्त प्रयोगशाला सहायक अमरनाथ शर्मा ने हमीरपुर से महिला हाकी के लिए निचले स्तर पर बहुत अच्छा काम किया था। इस तरह और कई नाम हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी के साथ खेल प्रशिक्षण में भी सराहनीय कार्य किया है। वर्तमान में बिलासपुर जिले के दूरदराज मोरसिंघी गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैण्डबाल खिलाड़ी स्नेह लता के प्रशिक्षण कार्यक्रम से राष्ट्रीय स्तर पर हर आयु वर्ग की महिला प्रतियोगिताओं में हिमाचल विजेता है। पिछले एशियाड में भारतीय महिला हैण्डबाल टीम में चार खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश से थी। इस साल की राष्ट्रीय महिला हैण्डबाल प्रतियोगिता की विजेता हिमाचल प्रदेश की टीम में अधिकांश खिलाड़ी मोरसिंघी नर्सरी से हैं। स्नेह लता की पहली नियुक्ति शिक्षा विभाग में सोलन जिले के नवगांव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई थी। उसी समय से स्नेह लता ने हैण्डबाल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। एक दशक पूर्व हमीरपुर जिले के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककडयार में नियुक्त प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक कुलवीर सिंह ने एथलेटिक्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। उसके अच्छे परिणाम रहे थे, मगर बाद में ऐसी जगह ट्रांसफर हो गई जहां प्ले फील्ड व समय की दिक्कत के कारण उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया। हमीरपुर में आज अपने समय के स्टार धावक अनिल शर्मा व रजनीश शर्मा जो दोनों ही प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक के पद पर शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, अपनी ड्यूटी के बाद शाम के समय अणु सिंथेटिक ट्रैक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए हुए हैं। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में कई खेलों के खिलाड़ी शिक्षक के पदों पर नियुक्त हैं। पिछले कई सालों से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट में नियुक्त प्रशिक्षित कला स्नातक अध्यापक पुनित सैनी फुटबॉल के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं।

## देश दुनीया से

# आरक्षण का जिन्न

शाम को बेटा घर लौटा तो बेहद अनमना था। मुझे चिंता हुई और उसके पास जाकर बालों में हाथ फेरकर मैंने पूछा-'क्यों बेटा, क्या बात है? तुम इतने परेशान क्यों हो? हौसला रखो, तुम्हारी नौकरी जल्दी ही कहीं न कहीं लग जाएगी। इतना पस्त होने की आवश्यकता नहीं है।' बेटा उदास भाव से बोला-'पापा आरक्षण का जिन्न बोतल से फिर बाहर आ गया है। रही-सही आशा और धूमिल हो गई। अब ये प्रतियोगी परीक्षाएं देने का क्या लाभ है? आरक्षण में इन सवर्णों की तो दुर्गति हो गई है। प्राइवेट सेक्टर तक में इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। आपकी अकेली पांच हजार की पेंशन से यह घर चलेगा कैसे?' एक पल को तो मैं सन्न रह गया। फिर संयत स्वर में उसे मैंने ढाढस दिया-'घबराओ नहीं बेटा, आरक्षण राजनीति का भाग बन गया है, जिसे राजनेता अपने-अपने शासनकाल में वोट बैंक सुनिश्चित करने को काम में लेते रहते हैं। तुम तो अपनी परीक्षाओं की तैयारी करो। मैरिट के आधार पर तुम्हारा सिलेक्शन कहीं न कहीं हो जाएगा।' बेटा बेचैनी से खड़ा हो गया और कमरे में व्यग्रता से टहलता हुआ बोला-'पापा, परीक्षाओं को जाने दो। मुझे एक सलाह चाहिए और वह यह कि क्या मैं समुद्री डाकू बन जाऊं?' मुझे हृदयाघात सा हुआ। मैं बोला-'यह तुम आज कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हो? मैं तुम्हारा आशय समझा नहीं!' 'इसमें नहीं समझने की क्या बात है पापा। आजकल समुद्री डाकुओं की मांग फिर सिर उठा रही है। मुझे एक जगह से ऑफर मिला है कि मैं चाहूं तो एक गिरोह में शमिल हो जाऊं!' बेटे ने कहा तो मैं बोला-'पढ़े-लिखे नौजवान हो। समुद्री डाकू बनने का काम हमारा नहीं है। आरक्षण से इतना मत डरो। सरकार पिछड़ों को आगे लाना चाहती है, लाने दो। तुम इतना बुरा विचार मत पालो।' बेटा बोला-'आप आरक्षण की तरफदारी कर रहे हैं। पिछड़ों को आगे लाने के लिए मैरिटोरियस लोगों के पेट पर लात मारी जाएगी? आपकी पेंशन से बंटता क्या है? सिवाय रूखा-सूखा भोजन और अभावों की लम्बी फेहरिस्त के, मुझे समुद्री डाकू बन जाने दीजिए, विद इन नो टाइम इस घर के हालात न बदल दूं तो मेरा नाम बदल देना। पापी पेट के लिए अच्छे और बुरे में से एक को तो चुनना ही होगा। लूटपाट, हत्या और डकैती में ही अब कैरियर बचा है पापा। मुझे मत रोकिए, मुझे बन जाने दीजिए।' बेटे की बात सुनकर एक पल को मैं निरुत्तर हो गया। समझ में नहीं आया कि उसे क्या जवाब दूं? मैं हिम्मत करके धीरे से बोला-'नहीं यह ठीक नहीं है।' यह कहकर मैं दूसरे कमरे में चला गया। इसके दो दिन बाद ही बेटा घर से लापता हो गया। मैं घबरा गया। मैंने उसे खूब ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला। रो-धोकर मैं चुपचाप बैठ गया। पत्नी का हाल-बेहाल था। मुझे रह-रहकर आशंका होती थी कि कहीं वह समुद्री डाकुओं के गिरोह में तो शामिल नहीं हो गया? एक दिन यही आशंका सच्चाई में बदल गई, जब तक मोटी रकम का चैक मेरे नाम से डाक से मिला। मुझे लगा, बेटा सही कहता था कि आरक्षण के जिन्न का बोतल से निकलना ठीक नहीं है!

बेटा उदास भाव से बोला-'पापा आरक्षण का जिन्न बोतल से फिर बाहर आ गया है। रही-सही आशा और धूमिल हो गई। अब ये प्रतियोगी परीक्षाएं देने का क्या लाभ है? आरक्षण में इन सवर्णों की तो दुर्गति हो गई है। प्राइवेट सेक्टर तक में इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। आपकी अकेली पांच हजार की पेंशन से यह घर चलेगा कैसे?' एक पल को तो मैं सन्न रह गया। फिर संयत स्वर में उसे मैंने ढाढस दिया-'घबराओ नहीं बेटा, आरक्षण राजनीति का भाग बन गया है, जिसे राजनेता अपने-अपने शासनकाल में वोट बैंक सुनिश्चित करने को काम में लेते रहते हैं। तुम तो अपनी परीक्षाओं की तैयारी करो। मैरिट के आधार पर तुम्हारा सिलेक्शन कहीं न कहीं हो जाएगा।' बेटा बेचैनी से खड़ा हो गया और कमरे में व्यग्रता से टहलता हुआ बोला-'पापा, परीक्षाओं को जाने दो। मुझे एक सलाह चाहिए और वह यह कि क्या मैं समुद्री डाकू बन जाऊं?' मुझे हृदयाघात सा हुआ। मैं बोला-'यह तुम आज कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हो? मैं तुम्हारा आशय समझा नहीं!' 'इसमें नहीं समझने की क्या बात है पापा। आजकल समुद्री डाकुओं की मांग फिर सिर उठा रही है।

## कुछ अलग

# नई टीम के साथ भाजपा

विधानसभा चुनाव में सत्ता गंवा चुकी भाजपा ने खुद को मुकम्मल करने के इरादे से अपनी टीम को नए स्वरूप में पेश किया है। पार्टी ने 17 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों की टीम में आठ पुरानों को छोडक़र नौ नए चेहरों पर भरोसा जता कर, आगामी चुनाव की हसरतों में शक्ति का संचार किया है, तो पार्टी पदाधिकारियों की नई पेशकश में अपने ही इरादों को साधा है। अतीत के जिन सबकों में पुनः डा. राजीव बिंदल की रहनुमाई में प्रदेश भाजपा का दस्तूर बनाना शुरू किया, उन्हीं के दबाव में पार्टी अपना दौर बदल रही है। संगठनात्मक तौर पर भाजपा की शक्ति का आलम यह है कि यहां राजनीति में रणनीति रोजाना रूप धारण करके चुनाव की अभिलाषा को पूर्ण करती है। पार्टी ने सत्ता की क्षतिपूर्ति के हिसाब से चंद चेहरे बदले, तो जहां विधानसभा चुनाव से आहत नहीं हुई वहां पुराने मोहरों पर भी भरोसा कायम रखा। जाहिर है पार्टी आइंदा अपनी टीम को नई घुट्टी पिलाना चाहती है, तो यह कांग्रेस की वर्तमान सत्ता और सत्तारूढ़ दल की हैसियत की आजमाइश भी होगी। चौबीस घंटे काम के मोर्चे पर भाजपा का शृंगार बाकी सभी दलों से भिन्न है और इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में यह पार्टी अपने सियासी अमल और अमला दुरुस्त कर रही है। त्रिलोक कपूर का पुनः महामंत्री बनना, भाजपा की मिट्टी और मिट्टी के लाल की बड़ी निशानी है। कहना न होगा कि पूर्व की सत्ता में भाजपा जहां आत्ममुग्ध थी, वहां अब विपक्ष में भाजपा कहीं अधिक सक्रिय, तीव्र और गहरी सियासत को तरजीह दे रही है। बेशक रिवाज बदलने के नारे के नीचे भाजपा का कद अगर उस समय पिचक गया तो यह उस समय के नेतृत्व का भी खोट रहा और यह भी कि जिन परिस्थितियों में तब डा. बिंदल की भूमिका को नगण्य किया, वह भी खरा साबित नहीं हुआ। सत्ता में पार्टी का साथ चलना अकसर भ्रमित होता है, क्योंकि सरकार के आचरण में यह दंभ भर जाता है कि वह ही अकेले राजनीति का पूरा खेत जोत लेगी, परंतु जो पक्ष नजरअंदाज हो जाता है, वही खाई खोद देता है। डा. बिंदल की दक्षता इन खाइयों या कुछ नेताओं के घाव भरने में अगर सफल होती है, तो ये प्रयोग नई संजीवनी लेकर आएंगे, वरना राजनीतिक खुशफहमियां तो पहले भी रही हैं। डा. बिंदल ने अपनी बिसात बिछाते हुए कुछ घोड़े और कुछ हाथी, ऊंट तथा प्यादे चुने हैं। यह भाजपा की मानसिकता में नई ऊर्जा और नए संकल्प भरने के साथ-साथ क्षेत्रीय संतुलन भरने की कवायद हो सकती है। विडंबना यह केवल भाजपा की ही नहीं, बल्कि हर सरकार की हैसियत में जब कुछ हेवीवेट नेता नजर आते हैं, तो क्षेत्र विशेष या तो पूर्ण प्रभुत्व के मद में डूब जाते हैं या किसी इलाके को माइनस करके जीतने का अभियान बना दिया जाता है। भाजपा की पिछली तमाम सरकारों या यूं कहें कि शांता कुमार के दौर के बाद आई तमाम सत्ताओं ने कांगड़ा माइनस करके खुद को अव्वल बनाने का सोचा, तो सत्ता की सियासत बार-बार हारी। ऐसे में सवाल अब बिंदल के उस करिश्मे को देख रहे हैं, जो समूचे प्रदेश की व्याख्या में समाधान, सम्मान और संरचना करेंगे। पिछले चुनाव में भाजपा का जहाज कांगड़ा के रूठे पानी में डूबा तो खुड्डेलाइन लगे नेताओं के अभिशाप की कहानी स्वीकार करनी होगी। यह कहानी किशन कपूर, रमेश धवाला, सरवीण चौधरी या विपिन सिंह परमार का बोरिया बिस्तर गोल करने जैसी साजिश का पटाक्षेप करती है। ऐसे में रूठे दिल मिलाने, खोए हुए स्वाभिमान जगाने और भाजपा की चुनावी जीत की परंपराओं को जगाए रखने की पहल में डा. राजीव बिंदल को उत्साह से देख रहे समर्थक को फिर से कितना साथ ले जाती है यह टीम, देखना होगा। भाजपा की टीम का शृंगार भले ही विपक्ष की पोशाक में नजर आए, लेकिन वर्तमान सत्तारूढ़ कांग्रेस को भी अपनी संरचना में संतुलन पैदा करने की आवश्यकता दिखाई दे रही है।

## नागरिक बोध

# साफगोई बरते सरकार

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के वायरल हुए विडियो ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां तक कह दिया कि हम सरकार को थोड़ा वक्त दे रहे हैं, वह कदम उठाती है तो ठीक वरना हम खुद कदम उठाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मीडियाकर्मियों से बातचीत में इस पर गहरा दुख और गुस्सा जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से पूरा देश शर्मसार होता है। उन्होंने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में कानून व्यवस्था की स्थिति दुरुस्त करने में कोई कोर-कसर बाकी न रखें। इसमें दो राय नहीं कि विडियो के जरिए जिस तरह की घटना सामने आई है, वह वीभत्स है। लेकिन विडियो भले अब वायरल हुआ हो, यह घटना आज की नहीं बल्कि 4 मई की है। और, ढाई महीने पहले की इस घटना में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी भी गुरुवार को हुई जब मणिपुर प्रशासन पर चौतरफा दबाव पड़ा। ध्यान रहे, यह अपनी तरह का इकलौता मामला नहीं है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की भी कई घटनाएं राज्य में इस बीच हुई हैं। 3 मई से ही मणिपुर में हिंसा, लूट, आगजनी का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अब तक नहीं थमा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुछ समय पहले शांति प्रयासों के



तहत तीन दिन वहां रहकर आए थे, लेकिन इसका भी कोई ठोस असर नहीं दिखा। जो शांति समितियां केंद्रीय गृहमंत्री की पहल पर बनाई गई थीं, वे कोई खास परिणाम नहीं दे पाईं। वहां न केवल राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं बल्कि इंटरनेट पर रोक जैसी वजहों से सभी सूचनाएं भी बाहर नहीं आ रहीं। फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों के खिलाफ भी पुलिस केस हो गए। विदेश यात्रा से लौटने के बाद प्रधानमंत्री ने मणिपुर के हालात पर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। दरअसल, सरकार की ओर से राज्य में शांति कायम करने की और क्या कोशिशें हो रही हैं और पिछले प्रयासों का क्या असर हुआ है, इस बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। जब संसद का मॉनसून सत्र शुरू हुआ तो यह उम्मीद की जा रही थी कि कम से कम सदन में इस पर गंभीर चर्चा होगी, जिसमें सबकी साझा चिंता झलकेगी और सरकार के प्रयासों की दिशा स्पष्ट होगी। लेकिन पहले दिन जहां विपक्ष प्रधानमंत्री के बयान की मांग करते हुए हंगामा करता रहा, वहीं सत्ता पक्ष ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि विपक्ष तय कर चुका है कि संसद में कामकाज नहीं चलने देगा। यह स्थिति वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

## ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकेंगे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज :** प्रखण्ड के गिदोबर स्थित प्राइवेट भवन में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना एवं रोजगार प्रोत्साहन भत्ता से युवक एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य एक सेंटर का विधिवत ऑन लाइन उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोगता, एवं विभागीय सचिवों की गरिमामय उपस्थित में किया गया। इस ऑन लाइन उद्घाटन समारोह में जिले के डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, बीडीओ अभिषेक पांडे, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी एवं ट्रेनर और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवक एवं युवतियां उपस्थित थे। कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोगता के प्रयास से ही सेंटर का खुलना संभव हो सका है। इस सेंटर पर ग्रामीण क्षेत्र के युवक एवं युवतियां नेशनल कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर सवलंबी बन सकेंगे। इस सेंटर पर सहायक इलक्टिशियन, सहायक ब्यूटी थैरेपी, और होम हेल्थ एलायड जैसे प्रशिक्षण प्राप्त कर सवन्य जहां सवलंबी बन सकेंगे वहीं देश हित में अपना योगदान दे कर राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभा सकेंगे। इसके अतिरिक्त नर्सिंग, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, सिलाई और प्लंबिंग का प्रशिक्षण देने का मंसूबा है।

# जिप सदस्य संतोषी शेखर ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण जताई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** बरवाडीह पश्चिमी क्षेत्र के जीप सदस्य संतोषी शेखर ने शनिवार को बेतला पंचायत के ग्राम अखरा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां के विधि व्यवस्था को देख नाराजगी व्यक्त की जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र का खिड़की दरवाजे सही नहीं पाया गया जिसमें खिड़की दरवाजे आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ सुथरा नहीं देखी गई साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र की विधि व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं थी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। क्यों कि आंगनबाड़ी केंद्र का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना होता है। जिससे बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उन्हें साफ-सुथरा रहने की शिक्षा देना भी जरूरी है। केंद्र में देखने को नहीं मिलता उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को निर्देश दिया कि ससमय आंगनबाड़ी केंद्र को खोलकर नियमित रूप से संचालित करें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। मौके पर वार्ड सदस्य राजेंद्र परहिया, कमलेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# अपर समाहर्ता व भू अर्जन पदाधिकारी जनता दरबार में आमजन की समस्याओं से हुए रूबरू



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल एवं भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रक मालिकों ने महाप्रबंधक को लिखा पत्र

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में संचालित अम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के विस्थापित एवं प्रभावित वाहन मालिकों ने ट्रक भाड़ा में वृद्धि कराने को लेकर परियोजना क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र देते हुए पूरे मामले से अवगत कराया। ट्रक मालिकों ने भाड़ा वृद्धि को लेकर कहा है कि निर्धारित भाडा बोर्ड से 10 प्रतिशत की वृद्धि अगर 15 दिनों के अंदर नहीं की जाती है, तो हम सभी ट्रक मालिक बाध्य होकर एक अगस्त से ट्रकों का परिचालन अम्रपाली कोल परियोजना से बंद करवा दिया जाएगा। ट्रक मालिकों ने अपनी पीड़ा बताते हुए पत्र में लिखा है कि, निरंतर बढ़ते हुए महंगाई में ट्रक के टायर सहित सभी पार्ट पुर्जे का दाम अत्याधिक बढ़ चुका है। दूसरी ओर निर्धारित भाड़ा में भी कोल व्यवसायियों की मनमानी से कम भाड़ा दिया जा रहा है। जिससे इनकी स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। ना सही से गाड़ी का किस्त जमा हो पा रहा है, ना ही गाड़ी का सही से मेंटेनेंस हो पा रहा है। इस भयानक स्थिति को देखते हुए ट्रक मालिकों ने अपनी मांग को लेकर अम्रपाली चंद्रगुप्त के महाप्रबंधक को पत्र लिखा है। साथ ही साथ पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त चतरा, पुलिस अधीक्षक चतरा, चतरा सांसद, सिमरिया विधायक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को भी दिया है।

# वन क्षेत्र को उजाड़ कर खेती करने वाले 13 लोगों पर मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू थाना क्षेत्र के ग्राम विश्रामपुर व बारा मे वन क्षेत्र को उजाड़कर अवैध तरीके से खेती करने वाले 13 लोगों पर भारतीय वन अधिनियम 1927धारा 33 के तहत मामला दर्ज किया गया है. इस संबंध में वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर विजय शंकर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिबला पंचायत अंतर्गत विश्रामपुर ग्राम में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए लवकुश सिंह, विनय उरांव, लुरक लोहरा सहित 13 अतिक्रमणकारियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं कई ग्रामीणों को समझाया गया और उन्हें चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में इस तरह का अपराध ना करें अन्यथा नियम संगत कानुनी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान समय में वन संपदा की रक्षा करना हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। जिससे ग्रामीण वासियों के पशुओं के लिए चरागाह की उचित व्यवस्था एवं ग्रामीणों को वनोपज का उचित लाभ मिल सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। इधर भाटचतरा, बारा डहर, चैनपुपुर वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले को हिदायत देते हुए दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से बताया है कि यदि वन क्षेत्र मे जंगल उजाड़ कर खेती करते पकड़े गए तो वन अधिनियम के तहत शख्त से शख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रकृतिक को सुरक्षित रखने के लिए सभी ग्रामीणो से विभाग को सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रकृतिक के बिना मानव जीवन को जीना मुश्किल है इसलिए आप सभी जंगल उजाड़ने छोड़कर भविष्य के लिए घर-घर पेड़ अवश्य लगाएं।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय में पत्रकारिता के विभिन्न आयाम विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय में शनिवार को पत्रकारिता के विभिन्न आयाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना समेत जिले के कई पत्रकार शामिल हुए। कार्यशाला में बेहतर काम कैसे किया जाए इस पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता सह वरीय पत्रकार सुनील कुमार ने कहा कि बदलते समय के साथ पत्रकारिता करने का ट्रेंड चेंज करना होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की खबरो के साथ पॉजिटिव खबर पर भी लोगों को काम करनी चाहिए। उन्होंने लातेहार के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिलने की भी बात उठाई। जिस पर जनसंपर्क पदाधिकारी ने पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाने की बात कही। मौके पर वरीय पत्रकार आशीष टैगोर, संजीव गिरी, संजीत गुप्ता, राजीव मिश्रा, पंकज गुप्ता विवेक सिन्हा रामकुमार, संजय प्रजापति, दीपक मिश्रा, रूपेश अग्रवाल,नीतीश कुमार नीरज शिन्हा राहुल पाण्डे समेत अन्य पत्रकारों के अलावा जनसंपर्क कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# वर्षा के इंतजार में हैं किसान, बेरुखी मौसम से किसान मायूस

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):**अनुमण्डल क्षेत्र में इन दिनों बेरुखी मौसम से किसान आहत है। किसान कर्ज महाजन कर जहां अपने खेतों में धान का बिचड़ा तो किया। परन्तु बेरुखी मौसम के कारण अब बिचड़ा में दरारें पड़ना शुरू हो गया है। अब किसान करे तो करे क्या। चुकी यही हाल पिछले वर्ष का रहा था। जिसके कारण पुरे क्षेत्र में धान का फसल नहीं हो पाया था। और किसान कर्ज से लेकर खाने के लाले पड़ गया था। बता दें कि केंद्र सरकार हो या झारखण्ड सरकार किसानों के लिए अभी तक बेहतर उपज तथा बेहतर खेती के लिए कोई उपाय नहीं किया है। हाँ किसानों के लिए डोभा, कुआं और तलाबों में अरबो रूपये खर्च किया गया है। किंतु सब केवल खाना पूर्ति एवं कमीशन कमाने के उद्देश्य से इस तरह योजना का बाजबरन किसानों को थोपा गया गया। जबकि बिहार राज्य हो या उतर प्रदेश राज्य जहां हर क्षेत्र में नहरी करण किया गया है।जो बड़ी नदियों से जोड़ कर गाँव गाँव में नहर के माध्यम से किसानों के खेतों को हराभरा किया गया है। लेकिन झारखण्ड राज्य हीं एक ऐसा राज्य है जहां राजनीति ज्यादा काम कम और कमीशन ज्यादा तथा धरातल पर काम कम दिखाई देता है। आपको बता दें कि हमारे क्षेत्र से मानत नदी से लेकर फलगु नदी का उद्गम स्थल है। जहां कुछ हीं दुरी में यह नदी बड़ी नदी का रूपधारण कर लोगों को मनमोह लिया है। यदि इन दोनों नदियों पर बड़ा बाँध देकर बड़ा डेम का निर्माण किया जाय और गाँव गाँव में नहर बनाया जायेगा तो यहां के किसान अपने खेतों से भरपूर फसल ले सकेगा साथ हीं मानसून पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वहीं जल स्तर को ऊपर लाया जा सकता है।यहां के किसान हरियाणा या यूपी के किसान से कम नहीं है। चुकी यहां किसान मजबूर है तो शिर्फ़ पानी का ।जिसका आज भी किसानों का मलाल है। एक तो जगह जगह पर चापानल हो या कुआं जिससे जल स्तर नीचे चला गया है। यही कारण है कि दिनों दिन जलस्तर नीचे जाते दिखाई दे रहा है। यदि नहरी करण कर पानी को संचय नहीं किया गया तो आने वाला दिनों में पानी भी बाहर से लाकर पीना पड़ेगा।

# केन्द्र सरकार के नौ साल पुरे होने पर भाजयुमो की बाइक रैली आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य नीरज कुमार सिंह तथा आशुतोष सिंह चेरो के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के साथ कार्यकाल के दौरान महत्वाकांक्षी, कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाने को लेकर बाइक रैली के माध्यम से महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। रैली के सफल आयोजन को लेकर बरवाडीह के विजयनगर स्थित कस्तूरबा भवन के प्रांगण में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज कुमार सिंह ने बताया कि रैली की शुरुआत पुराने ब्लॉक परिसर से होगी। बरवाडीह के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए कुटमू चौक तक रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रविवार की सुबह नौ बजे पुराने ब्लॉक परिसर में उपस्थित होने की अपील की है। इस बैठक में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, अशोक प्रसाद महामंत्री हेमंत कश्यप और आनंद कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के गारू प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना का ऑनलाइन उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को मुख्यमंत्री सारथी योजना से जुड़ने का आवाह्न किया। मौके पर श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र उपाध्याय एवं श्रम विभाग के शिवम कुमार उपस्थित थे। श्रम अधीक्षक ने बताया कि उग्रवाद प्रभावित गारू क्षेत्र में 500 बेरोजगार युवक एवं युवतियों का चयनित कर मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित बिरसा योजना से जोड़ने का लक्ष्य है। इन युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार का अवसर देना है। इस योजना के लिए पात्रता सामान्य वर्ग 18 से 35 वर्ष एवं एससी व एसटी तथा ओबीसी के लिए 18 से 50 वर्ष है। प्रथम चरण में राज्य के 80 प्रखंडों में इसका शुभारंभ किया जायेगा। युवकों को प्रति माह रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में एक हजार तथा युवती, दिव्यांग व परलैंगिक को 1500 रुपये दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने पर अधिकतम एक वर्ष तक भत्ता दिया जायेगा।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, आत्महत्या या हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के चंदवा थाना अन्तर्गत भूषाड़ गांव के जंगल में एक युवक का शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीण जब जंगल में किसी कार्य के लिए जा रहे थे तभी उन्होंने वहां पर एक पेड़ से लटका हुआ युवक का शव देखा। जिसके बाद लोगों ने हल्ला करना शुरू कर दिया। उसके बाद घटना की जानकारी चंदवा थाना को दी गई। जिसके बाद चंदवा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक की हत्या की गई है। बताया कि शव को देखने के बाद उसके शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान साफ दिख रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि इस युवक की पहले कहीं और हत्या की गई है और फिर इसके बाद इसे यहां पर लाकर टांग दिया गया। बहरहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर इसे पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। इस मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि इसे हर पहलूओं से जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। शव की पचहान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी।

# नि-शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निंदिर स्कूल के प्रांगण मे शनिवार को चतरा लोक सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याषी डा.अभिषेक सिंह के द्वारा नि-शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे विशेष कर नेत्र तथा अन्य विमारी का इलाज किया गया। और निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके अभिषेक सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी स्वास्थ्य सुविधा से कोसो दूर है। ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर आयोजित की गई है।ग्रामीणों ने शिविर का भरपूर लाभ उठाया। शिविर में समाज सेवी राकेश सिंह सहित सैंकड़ों के संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर रविवार को बनेगी मानव श्रृंखला

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वोतर राज्य मणिपुर में पिछले 80 दिनों सांप्रदायिक हिंसा, जातिवाद एंव राजनीतिक उदासीनता में जल रहा। पिछले दिनों मानवता को शर्मसार करने वाली खबर आई जिसमें दो महिलाओं को सामुहिक बलात्कार करने बाद खुलेआम उपद्रवियों द्वारा नंगा कर अंगों के साथ खिलवाड़ करते हुए घुमाया गया था। जिससे लेकर विभिन्न संगठन व जाति धर्म के लोगों द्वारा सुबह 10 बजे से मिशन मोड से लेकर बिरसा मुण्डा चौक, बोहटा चौक से महुआडांड़ डाल्टेनगंज रोड, चटकपूर हामी रोड में मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# पीरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में शिक्षा की पहल कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पिरामल फाउंडेशन कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन ने एक नए कार्यक्रम शिक्षा की पहल÷ का भव्य उद्घघाटन शुभ आरंभ किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी डीई ओ दिनेश मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन दीपांशी निगम कर रही थी। इस मौके पर मुख्य अतिथि बिरजू तिवारी ने कहा कि शिक्षा के बगैर एक सभ समाज का निर्माण नही किया जा सकता है उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम को सराहते हुए कहा की शिक्षा की पहल से ही समाज में जागरूकता आयेगी। कार्यक्रम प्रबंधक गरिमा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 1- 5 से वर्ग के बच्चों में FLN (साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान) को बढ़ाना,अनामांकित बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना, वर्ष दर वर्ष प्राथमिक से माध्यमिक एवं माध्यमिक से सेकंडरी में प्रवेश दर को बढ़ाना है । इसके तहत जिले में 100 मास्टर कोच तैयार किए जायेंगे जिससे वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 125000 बच्चों के ज्ञान एवं साक्षरता को सुदृढ़ किया जा सकेगा। बाल पुस्तकालय, बाल संसद, मॉर्निंग असेंबली, विद्यालय प्रबंधन समिति आदि को मजबूत करते हुए शिक्षा की इस पहल को आगे बढ़ाए जाने का मंसूबा है। कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन की प्रतिनिधि अमृता प्रजापति ने कार्यक्रम का परिचय दिया ततपश्चात संस्था जिला प्रतिनिधि अमित भारती ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से शिक्षकों, बीपीओ, बीआरपी आदि को और बेहतर तरीके से कार्य करने के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में बीईईओ संतोष कुमार, बीपीओ ईश्वर कुमार, संदीप कुमार राहुल कुमार, अजय कुमार दास, प्राचार्य राजेश महेंद्र प्रसाद ,कुमार, मीना कुमारी, दीपक कुमार, रंजन कुमार, बैगनाथ, बीआरपी परवेज आलम, सचिदानंद, संजय कुमार सिंह, विकास कुमार कृष्ण शर्मा, सुभाष कुमार, मनोहर, अनिल कुमार गुप्ता, लोकनाथ प्रमोद यादव, अरुण कुमार, शादाब अख्तर, रविंद्र, भीम, कुंजल के अतिरिक्त शिक्षा विभाग से जुड़े बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बिचौलियों की दादागिरी जेसीबी से वन भूमि में काट दिए सैकड़ों टीसीबी

**➲ मनरेगा योजना बना कमीशन लूटेगा योजना, मजदूर पलायन को मजबूर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मनरेगा की सारी हदों को पार कर सरकारी नियम कानूनों को ताख पर रखकर बिचौलियों की अपनी दादागिरी चल रही है।तथा अपने अपने पैकेट गर्मकरने में लगे पड़े हैं।यहाँ बिचौलियों के द्वारा सरकार की योजनाओं में घोर बंदरबाट किया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय से करीब 500 सौ गज की दूरी पर स्थित मॉडल स्कूल के पास बिचौलिए के द्वारा वन विभाग की भूमि पर सैकड़ों टीसीबी जेसीबी मशीन के द्वारा काट दिया गया। तथा दो डोभा भी आसपास जेसीबी मशीन द्वारा कार्य किया हुआ देखा जा सकता है।इन बिचौलियों के लिए पैसों के सामने किसी भी नियम कानून का कोई महत्व नहीं है। मनरेगा योजना से जहाँ हर हाथ को काम देकर मजदूरों का पलायन रोकने का लक्ष्य सरकार और विभाग का है वहीं मनरेगा योजना कार्य में प्रखंड प्रशासन एवं वन विभाग के नाक के सामने जेसीबी मशीन लगाकर मनरेगा योजनाओं का बंदरबाट किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों द्वारा कहने पर बिचौलियों का कहना है कि जिसे जो करना है कर ले हम अच्छे अच्छे प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को पैकेट में लेकर घुमते हैं।अब बड़ी बात यह है कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में बिचौलियों के द्वारा इस प्रकार की दबंगई से मजदूरों का क्या होगा।वहीं बिचौलिए नें इसी जमीन पर एक ही मेढ़ में दो डोभा जेसीबी मशीन से कटवाकर भी योजना का बंदरबाट किया है।बड़ी बात तो यह है कि क्षेत्र में बिचौलियों के द्वारा धड़ल्ले से वन विभाग की भूमि पर योजनाओं का कार्य जेसीबी मशीन के द्वारा करवाया जा रहा है परंतु प्रतिनिधि और विभाग के साथ साथ वन विभाग के कर्मी भी मुकदर्शक बनकर बंदरबाट करने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# पोखरी कला में ताजिया मिलान स्थल चौफाल परिसर की गई साफ सफाई



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम धर्मावलंबियों की महत्वपूर्ण और बड़ी त्योहार मुहर्रम को सफल बनाने को लेकर तथा मुहर्रम की तिथि शुरू होते ही सभी ताजिदारो ने ताजिया निर्माण कार्य के साथ-साथ अगामी 29 जुलाई को मुहर्रम त्योहार को लेकर बनाने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा और बेतला-पोखरी कलां के ताजिया मिलान स्थल चौफाल परिसर की बेतला फलक कमिटी के युवकों के द्वारा साफ सफाई करने का काम किया इस दौरान पोखरी कलां मुहर्रम इंतेज़ामिया कमेटी के जेनरल खलीफा मोहम्मद सुभानी, बेतला हुसैनिया मुहर्रम कमिटी के जेनरल खलीफा कासीम डीलर, नायब खलीफा मनउर अंसारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह की उपस्थिति में युवकों द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान ताजिया आने जाने वाले सड़कों पर बने गड्ढे को मिट्टी मोरम से भरावट करने की बात कही गई। मौके पर नौसाद आलम, जलाल अंसारी,बहाउदीन अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जर्जर सड़क के जलजमाव में धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी की मुख्य सड़क जर्जर सड़क नाली के विरोध में शनिवार को? वहां के स्थानीय लोगों ने विरोध किया । सड़क में बारिश के पानी की जलजमाव से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसके विरोध में शनिवार को स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर जलजमाव में धान रोपनी कर विरोध किया इसका नेतृत्व युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर ने किया श्री ठाकुर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हम लोगों ने नाली सड़क बनाने को लेकर लगभग 11 किलोमीटर सांकेतिक पदयात्रा किया था और रामगढ़ की उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौंपा था आज भी सड़क की स्थिति बहुत दयनीय है लेकिन छावनी परिषद और जिला प्रशासन उदासीन रवैया से रामगढ़ शहर की नाली और सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे से कई दुर्घटना हो जा रही है जलजमाव भारी मात्रा में पानी भर जा रहा है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे से लोग काफी परेशानी हो रहा है नाली के पानी घरों में घुस जा रहा है श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ शहर के ऑटो वार्ड की नाली और सड़क की स्थिति जर्जर है लोहार टोला गोलपार्क सौदागर मोहल्ला कोइरी टोला पार सुतिया विकासनगर किसान नगर आदर्श नगर एवं रामगढ़ शहर के सभी गली मोहल्ले की सड़क और नाली की जर्जर स्थिति देखी जा सकती है हम लोग मांग करते हैं रामगढ़ शहर की सड़क एवं नालियां जल्द से जल्द बनाई जाए अन्यथा आने वाला समय में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे । इसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन और छावनी परिषद पदाधिकारियों की होगी इस धान रोपनी कार्यक्रम में अमित ठाकुर रघु रजक मनोज सोनी सुनील रजक कृष्णा पांडे रवि कुमार शंकर ठाकुर कपिल ठाकुर महेंद्र ठाकुर पवन महतो बंटी कुशवाहा दिनेश कुमार आकाश कुमार संतोष कुमार अशोक रजक अजय ठाकुर उपस्थित थे।



### श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुआ। साहेबजादा. अजीत सिंह , साहेबजादा जुझार सिंह , साहेबजादा जोरावर सिंह , साहेबजादा फतेह सिंह यह प्रतियोगिता कक्षा 1और 2 के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें जोरावर सिंह हाउस प्रथम द्वितीय अजीत सिंह हाउस ,फतेह सिंह हाउस और तृतीय जुझार सिंह हाउस । इन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया । प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।




### डूबा जंगल तिलैया डैम से अज्ञात शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को बरही थाना अंतर्गत डुबा जंगल तिलैया डैम से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। जिसका उम्र करीब 60 वर्ष है। बताया जाता है कि ग्रामीणों की सूचना पर बरही थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस शव का पहचान करने में जुटी है। इस बाबत बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि शव की पहचान अब तक नहीं हुई है। पहचान के लिए 72 घंटे के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग के शीतगृह में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि मृतक का उम्र करीब 60वर्ष, उंचाई 5 फीट 6इंच, बाल काला सफेद, उजला रंग का टी शर्ट और उजला रंग का अंडर वियर पहने हुए है व रंग सांवला शरीर साधारण पतला है।

### सरकारी कार्यालयों में जनता को परेशान करने वाली कार्यप्रणाली को बंद करे : रोशनलाल चौधरी

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को पीटीपीएस स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू पार्टी के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं की अहम बैठक हुई । जिसमें पार्टी द्वारा कई निर्णय भी लिये गए । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो व संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया । इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व केंद्रीय सचिव विजय साहू शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार और उसमें शामिल दलों ने आमजनता के साथ छल किया है।प्रखंड कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं का लाभ देने में जनता को परेशान किया जा रहा।भ्रष्टाचार हावी है क्षेत्र नेतृत्वविहीन है।हर तरफ अव्यवस्था है।जनता का कोई काम नही हो रहा।

# जल जमाव के कारण वाहन चालक व ग्रामीण परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** नईसराय-अरगड्डा सड़क पर बने हेसला रेलवे क्रॉसिंग और भूमिगत मार्ग का हाल इन दिनों लोगों के लिए काफी परेशानियों का सबब बनता जा रहा हैं। शनिवार को सुबह 8ः45 बजे हेसला रेलवे भूमिगत रास्ते में बरसात के बाद दो से तीन फीट पानी भर आया। जिससे एक सवारी टेंपो पानी में बंद हो गया, यात्री भींग गये। इससे लोगो में ओहापोह की स्थिति उत्पन्न हो गई। बात करें यदि हेसला रेलवे क्रॉसिंग के नीचे बने अंडर ग्राउंड भूमिगत मार्ग में थोड़ी सी भी वर्षा होने के बाद काफी मात्रा में जलजमाव हो जाता हैं। जिसके कारण दोपहिया, चार पहिया और बड़े वाहनों को कमर से भी ऊपर पानी में डुबकी लगाकर वाहनों के साथ अपना नईया पार लगाना पड़ता हैं। जबकि इससे बचने के लिए वाहन चालक सवार लोग यदि हेसला रेलवे क्रॉसिंग को पार करने जाते हैं, तो रेलवे क्रॉसिंग लाइन पर इतने गड्ढे बना दिए गए हैं, जिसमें दो पहिया, चार पहिया वाहन काफी मशक्कत के बाद आगे बढ़ते हैं। कभी कभार तो कुछ दो, तीन पहिया गाड़ियां फंस भी जाती हैं। जिसे लोग धक्का मारकर आगे बढ़ाते हैं। अगर देखा जाए तो ऊपर कुआं नीचे पानी का जलजला को चिरतार्थ करने वाले दृश्य हेसला के रेलवे क्रॉसिंग में दिखाई पड़ता हैं।



**ग्रामीण कहते हैं :** हेसला ग्रामीण समाजसेवी गंगा बेदिया, प्रभात बेदिया बताते हैं कि बीते करीब 3 वर्ष पूर्व रेलवे के द्वारा हेसला क्रॉसिंग के नीचे गाड़ियों के आवागमन करने के लिए रास्ता बनाया गया था। लेकिन गांव हेसला से आने वाली नाली और रेलवे अंडर ग्राउंड सड़क के आस-पास जल निकासी की समुचित व्यवस्था ठीक-ठाक नहीं की गई थी। अंडर ग्राउंड के केवल दोनों छोरों पर छोटी जालियां लगाकर छोड़ दिया गया था। सुरंग के अंदर से गुजरने वाले भारी वाहनों के वजन से जल निकासी के लिए लगाए गए जाली पूरी तरह दब कर बैठ गए। जिसके कारण अंडर ग्राउंट सड़क से जल वर्षा होने के बाद काफी देर में सूखता हैं। इससे परेशानी बढ़ रही हैं। वहीं सड़क मार्ग में तीन रेलवे क्रॉसिंग के अगल बगल रेलवे लाइन सुधारने के लिए लंबे-लंबे क्रॉसिंग के साथ गड्ढे नुमा तैयार कर दिए गए हैं। इससे भी वाहनों के गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं।

**प्लानिंग के साथ नहीं बना :** रेलवे लाइन हेसला के नीचे बने सुरंग रास्ते पर प्लानिंग और आवश्यकतानुसार कार्य नहीं दिखाई पड़ते हैं। यह बातें अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के जिला रामगढ़ अध्यक्ष सह हेसला महुआटाड़ गांव निवासी दिलीप भुईयां ने कहां। उन्होंने बताया कि बीते 3 वर्ष पहले रेलवे द्वारा वाहन मार्ग निर्माण कार्य में सुरंग के अंदर लाइट तक नहीं लगाए गए हैं। जबकि पानी निकासी के लिए बढ़िया व्यवस्था नहीं की गई हैं। रेलवे क्रॉसिंग सुधार के नाम पर ऊपर के सड़क पर गड्ढे बनाकर रेलवे द्वारा छोड़ दिया जाता हैं। जिससे आम जनता परेशानियों में पड़ जाती हैं। इसमें काफी सुधार करने की जरुरत हैं।

## टूर्नामेंट के फाईनल में एसएसवीएम पतरातू दूसरे स्थान पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार जिला स्तरीय सुब्रतों मुखर्जी फुटबाल टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे ने बताया कि शुक्रवार को विद्यालय के बच्चों का एक फुटबाल टीम रामगढ़ उक्त टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था ढ्ढ जिसमें गोला की टीम पहला और इस विद्यालय के बच्चे दूसरे स्थान पर रहे । वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षको और दीदी जी ने सभी भैया तथा खेल शिक्षक को बधाई दी

## पुलिस अधीक्षक ने की पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के द्वारा संगठित अपराधों से प्रभावित क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारीयो के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के द्वारा सभी पदाधिकारीयो को संगठित अपराधकर्मियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने हेतु निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया। 1.संगठित अपराध और अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता। 2. पांडे गिरोह , अमन साहू गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह के अपराधियों पर लगातार छापेमारी। 3. संगठित अपराध से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा एवं निस्तारण । 4. संगठित गिरोहों के अपराधियों की जमानत रद्द करने की अनुशंसा। 5. संगठित गिरोहों के फरार अपराधियों के विरूद्ध इनाम का प्रस्ताव । 6. त्वरित सुनवाई के लिए मामलों का चयन और उनकी सुनवाई की निरंतर निगरानी । 7. जेल में छापेमारी और जेल के अंदर अपराधियों द्वारा मोबाइल के उपयोग का सत्यापन। 8. संगठित गिरोहों के अपराधियों के विरूद्ध सी.सी.ए की कार्रवाई एवं डोजियर/निगरानी कार्रवाई खोलना/शुरू करना।? 9. संगठित गिरोहों के अपराधियों की चल/अचल सम्पत्ति की जब्ती/कुर्की आदि के निर्देश दिए गए इस मौके पर रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी एवं सभी सर्किल इंस्पेक्टर ,सभी थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी मौजूद थे।



## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा अडवार फूटबॉल मैदान में सुब्रोतो कप फूटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह किया गया।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या दक्षिणी प्रेरणा प्रिया, जिला परिषद सदस्या उत्तरी कुमकुम देवी,प्रमुख रेणु देवी, 20सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार, बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी,समाजसेवी सी के पाण्डेय एवं अन्य गणमान्य समाजसेवी, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर खेल प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रोशन करने की बात कही। बताया जाता है कि इस एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से दो और बालिका वर्ग से एक टीम का चयन कर जिला भेजा जाना है। जिला से सफल होने के बाद रांची भेजा जाएगा। इसके बाद सफल टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कस्तूरबा गांधी के छात्राओं का हाल चाल जाना एवं फुटबॉल वितरण किये। इस अवसर शिक्षक यमुना साव,किशुन प्रसाद, मधु यादव, महेश साव, विकास दास, प्रदीप सिंह,दीपक पाण्डेय, सहदेव साव, हरिहर दास, प्रखंड के सभी हाई स्कूल के शिक्षक,फुटबॉल प्रेमी, समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित रहें।



## बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर किया जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने शनिवार को अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त किया। जप्त तीनों ट्रैक्टरों को थाना परिसर लाया गया। राज्य के सभी हिस्सों में बालू खनन को लेकर पर्यावरण मंत्रालय द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी के नियम प्रभावी होने से नदियों से बालू का उठाव व निकासी पुर्ण रुप से प्रतिबंध है। इसके बावजूद बड़कागांव से बड़े पैमाने पर नदियों से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर कारोबार किया जा रहा है। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में निरंतर अवैध बालू कारोबार के रोक थाम के लिए करवाई की जा रही है। श्री तिर्की ने ट्रैक्टर मालिकों से कहा की गाड़ी मालिक चालान के साथ ही बालू ढुलाई करे। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उनके क्षेत्रों में अभी से ही क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाइसेंस धारी समितियों को पर्व के मद्देनजर आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के किसी भी समिति द्वारा जुलूस ना निकाला जाए वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने आवश्यकतानुसार स्वास्थ सेवाओं व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने एवं अधिकारियों को त्वरित मामलों पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देंने एवं किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार 107 सहित अन्य धाराओं से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान साफ सफाई का जायजा लेने एवं कमी पाए जाने पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य कराने का निर्देश दिया।




## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विष्णुगढ़ सीएचसी में प्रखंडस्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए शुक्रवार को एमडीए के सफल संचालन को लेकर प्रखंडस्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सीएचसी सभागार में की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने की। बैठक में 7 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष एवं 10-25 अगस्त तक चलने वाले एमडीए कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार एवं इसकी सफलता पर विचार विमर्श किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह ने कहा कि विगत दिनों किए गए नाइट ब्लड सर्वे में कई लोगों में फाइलेरिया के लक्षण पाए गए। इसकी रोकथाम को लेकर सभी लोगों को फाइलेरिया की खुराक दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत में शिविर लगाकर तथा इसके बाद डोर टू डोर जाकर सहिया एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। इसमें जनप्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणों का भी सहयोग अपेक्षित है। कहा गया कि प्रत्येक विद्यालयों में भी बच्चों को फाइलेरिया की खुराक खिलाई जाएगी। यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं प्रमाणित है। स्वस्थ व्यक्ति को भी इसका सेवन करना है। तभी प्रखंड को फाइलेरिया से मुक्त बनाया जा सकता है।

## डिग्री मॉडल कॉलेज प्रारंभ करने की मांग को लेकर जिप सदस्य व ग्रामीण ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में डिग्री मॉडल कॉलेज जल्द से जल्द शुरू करने की मांग को लेकर जिप सदस्य सुनीता देवी व ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जितना जल्द हो यूनिवर्सिटी आग्रह करेगा तो मैं जल्द एनटीपीसी आरएनआर कॉलोनी के पास बिल्डिंग में डिग्री कॉलेज प्रारंभ करने का निर्देश दूंगी। मौके पर जानिसार आलम, राजकिशोर, तीव्रकांत, राम सेवक महतो, अनिल, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

## श्रीदस में बच्चों के बीच चला जागरूकता अभियान

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह एवं भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह समाजसेवी रंजीत चंद्रवंशी के द्वारा मुख्य अतिथि बरही पश्चिमी की ज़िला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी और विहीप के ज़िला मंत्री गुरुदेव गुप्ता का स्वागत कर किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि फ्बचपन बचाओफ्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हम सभी विद्यालयों में इस कारण करवाते रहें हैं ताकि बच्चे इन सामाजिक कुरीतियों से खुद को मुक्त करें एवम् आने वाले समय में एक कुरूतियां मुक्त नए समाज की संरचना कर सके। भारत को इस रूढ़िवादिता से मुक्त करा सकें और यह तभी होगा जब हम इनको इनके बाल्यावस्था में हो रहे दुर्व्यवहार के प्रति जागरूक करें। साथ ही जिला परिषद प्रीति कुमारी ने बच्चों को बाल विवाह, बाल यौन शोषण, एवं बाल मजदूरी के प्रति सचेत करते हुए कहा कि इन सामाजिक कुरीतियों को हम सब को मिलकर मिटाना है। कार्यक्रम में बच्चों के साथ हो रहे यौन शोषण, बाल विवाह को एक चिंता का विषय बताया गया। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में उन्हें समझाया तथा बाल यौन शोषण की पहचान इसकी रोकथाम का पहला कदम है कि हम बच्चों को यौन शोषण के बारे में समझाएं ताकि बच्चा अपने साथ हो रही हिंसा की पहचान कर सके, ताकि भविष्य में यह इन से खुद को बचा सके और दूसरों एवं अपने माता-पिता को भी इन चीजों के प्रति जागरूक कर सकें। वहीं भारत को बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल मजदूरी मुक्त भारत बनाना है, इसके लिए उन्होंने विद्यालय प्रांगण में शपथ भी दिलाई गई।



# भय, भूख व भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी प्रखण्ड मुख्यालय में करेगी हल्ला बोल : विकास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखण्ड सरकार की नाकामियों को लेकर और भष्टाचार के विरुद्ध आजसू पार्टी हज़ारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के माध्यम से हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित करेगी ! सभी प्रखण्ड में बैठक आरम्भ कर दी गई है और बहुत जल्द तिथियों की घोषणा की जाएगी ! हज़ारीबाग जिला अंतर्गत आनेवाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव प्रखण्ड और केरेडारी प्रखण्ड की जिम्मेवारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को सौंपी गई है । माण्डू विधानसभा क्षेत्र के बिष्णुगढ़ प्रखण्ड, टाटीझरिया प्रखण्ड, डाड़ी प्रखण्ड और चुरचू प्रखण्ड के लिए माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो को जिम्मेवारी दी गई है । हज़ारीबाग सदर विधानसभा के सदर प्रखण्ड, दारु प्रखण्ड, कटकमसांडी प्रखण्ड, कटकमदाग प्रखण्ड और हज़ारीबाग नगर को हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा देखेंगे, बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखण्ड, बरही प्रखण्ड, पदमा प्रखंड की जिम्मेवारी बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान को दी गई और बरकट्ठा विधानसभा के ईचाक प्रखण्ड, बरकट्ठा प्रखण्ड और चलकुशा प्रखण्ड में बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता की देखरेख में हल्ला बोल का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा । आजसू पार्टी के हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है, बिना पैसे लिए कर्मचारी एक काम नहीं करते हैं । प्रखण्ड कार्यालयों के चक्कर काटते काटते ग्रामीण जनता परेशान है । आये दिन ह्त्या और लूट की घटनाएँ होती रहती है । युवा बेरोजगार होने की वजह से गलत दिशा में जा रहे हैं । झारखण्ड में भय, भूख और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी हज़ारीबाग जिला के सभी प्रखण्ड में हल्ला बोल करेगी ।



# परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में बने नए भवन में एक वर्ष बाद पड़ी दरारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का नवनिर्माण स्टेट ऑफिस शिक्षा विभाग द्वारा 65 लाख की लागत से बनाई गई । लगभग एक वर्ष पूर्व बनी बिल्डिंग अभी विद्यालय को हैंडओवर भी नही की गई है,और बिल्डिंग के चारो ओर दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारे आ गई ।इस बाबत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक विद्याभूषण मिश्रा ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व विद्यालय का नवनिर्माण हो चुका है,परन्तु अभी तक विद्यालय भवन हमलोगों को नही मिला है,हमारे विद्यालय में सैकड़ो छात्राएं अध्ययनरत है। विद्यालय भवन सुपुर्द होने से पहले ही बिल्डिंग के चारो ओर दीवारों पर दरारे आ गई है,नल और वायरिंग का काम भी नही हुआ है। भवन की कमी की वजह से कई बार ठेकेदार बिट्टू सिंह को सम्पर्क साधने की भी कोशिश की गई,परन्तु उनके द्वारा फ़ोन रिसीव भी नही किया जाता ।ऐसे में मजबूरन नए भवन के एक रूम में छात्राओ को पढ़ाने को हम सब विवश है। उपायुक्त महोदया से निवेदन है,कि इस संज्ञान पर लेते हुए कार्यवाई करें । बेड़ा हरियारा मुखिया रामचन्द्र यादव ने भी विद्यालय निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी की शिकायत की और सम्बंधित ठेकेदार पर कार्यवाई की बात दुहराई। उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए प्रखण्ड मुख्यालय में एकमात्र विद्यालय है,जिसका नवनिर्माण होने के एक साल बाद ही दीवारो पर दरारे आने लगी इस पर जाँच की आवश्यकता है।



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मुहर्रम को लेकर पिपरवार में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुहर्रम त्योहार को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे आज 5ः00 बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बैठक में मुहर्रम त्यौहार आपसी भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने इस बैठक में क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि,राजनैतिक पार्टी,सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित शांति समिति सदस्य,जुलूस लाइसेंस धारी/गैर लाइसेंस धारी सहित सभी प्रबुध्द लोगो से उपस्थित होने की अपील की है।

## विष्णुगढ़ सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भिन्न-भिन्न आयु वर्ग की टीमें बनी विजेता

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलो झारखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ़ के द्वारा 21जुलाई 23 को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा,बीडीओ संजय कुमार कोंगारी,सांसद प्रतिनिधि,विधायक प्रतिनिधि, द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुबर्टो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-17 के बालक बालिका एवं अंडर -14 के बालक भाग लिया, इसमें पहला मैच परियोजना उच्च विद्यालय बनासो एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय शारूकुदर के बीच संपन्न हुआ जिसमें परियोजना विद्यालय बनासो ने 1-0 से बढ़त बनाई दूसरा मैच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बिष्णुगढ़ एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो के बीच संपन्न हुआ जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं ने 1- 0 से बढ़त बनाया। इसी तरह कुल 12 मैच हुए और 22 जुलाई 2023 को अंडर-17 में बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विजेता घोषित हुई अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो विजेता घोषित हुए एवं अंडर -14 उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्रह्मोरिया के छात्रों ने विजय हासिल की। इन सभी प्रतिभागियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी,विष्णुगढ़ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद के द्वारा शील्ड,मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया गया अंततः प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा खेलो झारखंड का समापन किया।

## ग्रामीण महिलाएं बी.सी सखी बन सुदूर क्षेत्रों में भी बैंकिंग सेवाएं दे रहीं हैं

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंड सखी (बीसीएस) बैंकों और ग्रामीण लोगों के बीच सेतु का काम कर रही हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों में अपनी विविध सेवाओं के साथ, वे पूरी पंचायत में घर-घर जाकर बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रही हैं। राजमुनी देवी खूंटी जिला के रनिया प्रखंड के जयपुर ग्राम की रहने वाली हैं। प्रेम आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उन्हें जेएसएलपीएस की ब्लॉक टीम द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बीसीएस की भूमिकाओं व जिम्मेदारियों के सम्बंध में जानकारियां दी गयी। प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक से जुड़कर बीसी एजेंट के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाई है। पिछले साल से, राजमुनी देवी ने 75 व्यक्तिगत बैंक खाते खोले हैं और दूरस्थ आबादी को लाभान्वित करते हुए 105 लाख रुपये की राशि के 4221 लेनदेन सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। अपनी सेवाओं के लिए बैंक द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन के माध्यम से, वह प्रति माह दस हजार कमा रही हैं। राजमुनी देवी ने न केवल अपने रोजगार सृजन का मार्ग खोला है बल्कि ग्रामीणों तक भी योजनाओं को पहुंचाने का बेहतर माध्यम बनी हैं।

## कल्याणपुर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रमाण पत्र व स्वघोषणा पत्र का हुआ वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत 15 बक बत्तख चूजा वितरण योजना का क्रिया प्रमाण पत्र सह स्वघोषणा पत्र का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता टंडवा प्रमुख रीना कुमारी एवं संचालन टंडवा प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी मधु कुमारी ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा पदाधिकारी मधु कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुधन विकास योजना के तहत 15 बक बत्तख के चूजा के दर से 1700 की राशि सरकार द्वारा निर्धारित की गई है।इस योजना में एसटी/ एससी लाभुकों को राज्य सरकार 90 प्रतिशत अनुदान देगी,जिसमें 10 प्रतिशत की राशि अंशदान के स्वरूप लाभुकों से लिया जाएगा।

# नसे का कारोबार जोर शोर से जार 126 क्वींटल डोडा के साथ दो ट्रक जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में नशे का कारोबार फल फूल रहा है.आय दिन विभिन्न क्षेत्र से पुलिस डोडा की तस्करी करने वाले तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है.लेकिन पैसो के लालच में आकर युवा इस कारोबार की दुनिया में कदम रख रहे है.ऐसा ही एक मामला का खुलासा खूंटी SDPO अमित कुमार ने किया.SDPO अमित कुमार के नेतृत्व में सायको थाना क्षेत्र कुडापूर्ती जंगल में छापेमारी अभियान चलाया.जिसमें खूंटी से बाहर भेजे जा रहे 134 बोरा में 126 किउन्टल डोडा के साथ ट्रक और पिकअप जब्त किया है.तस्कर जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गए है.तस्करों की गिरफ्तारी के पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है.SDPO ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी.जिसके बाद स्कके निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई.टीम ने सायको थाना क्षेत्र के कूडा पूर्ति के जंगल में छापेमारी किया.पुलिस ने दो वाहन आता देखा जिसके बाद उसे रुकने के लिए इशारा किया.पुलिस को देखते ही तस्कर वाहन खड़ा कर जंगल का फायदा उठा कर भाग निकले.वाहन को चेक करने के बाद 126 किउन्टल डोडा बरामद किया गया है.साथ ही वाहन मालिक और ड्राइवर पर केस दर्ज किया गया है.इस छापेमारी दल में खूंटी SDPO अमित कुमार के साथ 26SSB बटालियन के इंस्पेक्टर नकुल चंद्रमंडल, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो समेत स्स्क और जिला पुलिस के जवान शामिल थे।

## लोकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता बनी चुट्टे की टीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** लोकलाल महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का छ दिवसीय टूर्नामेंट का समापन चानो स्थित फुटबॉल ग्राउंड में शानदार मुकाबले के बीच चुट्टे और बी टी पीएस बोकारो के बीच ड्रा रहा। पेनाल्टी शूट आउट से नतीजे का परिणाम निकला जिसमे एनएफसी टीम चुट्टे की टीम ने बीटीपीएस बोकारो की टीम को एक शुन्य से पराजित कर विजेता बनी।मैच का परिणाम भले जो हो परन्तु झमाझम बारिश के बीच दोनों टीमो ने जबरदस्त जोर आजमाइश की जिसका खेलप्रेमियों ने दिल खोल कर लुत्फ उठाया । टूर्नामेंट में मैच कुल 32 टीमें ने भाग लिया था। बतौर मुख्यातिथि झारखंड आंदोलन कारी नेता चन्द्र नाथ भाई पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास लिए झारखंड सरकार सिर्फ खाना पुर्ती कर रही है।जब कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं।इस मौके पर मुख्य रूप से उत्तम कुमार महतो मुखिया संघ अध्यक्ष, नारायण महतो मंडल अध्यक्ष पुर्वी भाजपा,आदि थे ।

## रामगढ़ जिले के 3 प्रखंडों में किया गया मुख्यमंत्री सारथी योजना की शुरुआत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री झारखंड, हेमंत सोरेन के कर कमलों द्वारा आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय मोराबादी, रांची में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में रामगढ़ जिले में भी मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विजिशन (बिरसा) के तहत तीन प्रशिक्षण केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया।उद्घाटन के दौरान योजना की जानकारी देते हुए जिला नियोजन सह कौशल विकास पदाधिकारी, देव कुमार प्रसाद ने बताया कि बिरसा योजना के लिए 18-35 वर्ष के उम्मीदवार पात्र हैं साथ ही आरक्षित श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी) के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवार को न्यूनतम पांचवी पास होना अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण गैर आवासीय है एवं घर से प्रशिक्षण केंद्र जाने के लिए प्रशिक्षुक को प्रतिमाह 1000 रुपये डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

## अनगड़ा के पूर्वी क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** पिछले 1 महीने से अनगड़ा के पूर्वी क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर पड़ रहा है आए दिन कुछ ना कुछ घटना घट रही है फिर भी वन विभाग के पदाधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं पिछले एक-दो सप्ताह से तीन चार लोगों को जंगली हाथियों द्वारा मारा गया है लेकिन वन विभाग चेतने को तैयार नहीं है पिछले रात को बेती के संजय बेदिया के घर छोटा हाथी घुसकर घर में रखे अनाज खा गया घर को क्षति पहुंचाया गया साथ ही गोविंद मुंडा,चूरु मुंडा का दरवाजा तोड़ा आज भी पास के पैना पहाड़ जंगल में दो हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है. शाम होते ही आसपास के लोग दहशत में रहते हैं बिजली भी नहीं रहता है इसके कारण और डरे रहते हैं . आज ग्राम वन प्रबंधन वन संरक्षण समिति बेती के अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा पीड़ित के घर जाकर उनकी जानकारी ली और वन विभाग को भी सूचना कर दिया गया है साथ ही मुवावजा का भी मांग किया गया है यदि वन विभाग भगाने का कोई उचित कदम नहीं उठाता है तो पूरे ग्रामीण के साथ वन विभाग का घेराव किया जाएगा । साथ में पंचायत समिति सदस्य मानेसर मुंडा ग्राम वन प्रबंधन संरक्षण समिति की सह सचिव गंधीया करमाली कोटवार सलुआ करमाली उपस्थिति थे ।

## सीएसआर योजना के तहत सीसीएल द्वारा पंचायतों को दिए गए फुटबॉल का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएसआर योजना के तहत पंचायतों को प्रदान किए गए फुटबॉल का पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा उतरी पंचायत के बचरा बस्ती में समारोह आयोजित कर रेनबो क्लब के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया।इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने टीम को फुटबॉल प्रदान कर उन्हें बधाई दी,साथ ही खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इधर दुसरी ओर बचरा दक्षिणी पंचायत के बचरा हाई स्कूल,वनबीआर कॉलोनी,बंसत विहार और बाजारटांड़ मे अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर टीमों के बीच फुटबॉल का वितरण किया गया।मुखिया रीना देवी ने कहा कि सीएसआर योजना के तहत स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पंचायत को फुटबॉल सौंपा गया था,जिसे टीमों के बीच वितरण किया गया,साथ ही खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने की कामना की। इस मौके पर उप मुखिया टिंकी देवी,वार्ड सदस्य रामनंदन राम,किरण देवी,सत्येंद्र प्रसाद,मान कुवंर देवी,संजय सोनी,महेंद्र पासवान सहित विभिन्न टीमों के कई खिलाड़ी मौजूद थे।

## आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह नामकुम में आयोजित

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड सिदरौल स्थित ब्लेस बैंक्विट हॉल में आजसू पार्टी प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने किया व संचालन जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया । मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान समय में राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, राज्य में शिक्षक की कमी प्रखंड व अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार सरकार की वादाखिलाफी को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना विचार रखें ।उन्होंने बताया सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की घोर कमी है सिर्फ़ बच्चे खिचड़ी खाने जातें हैं ,कॉलम पूरा करने का काम चल रहा है, गांव के ज्यादातर बच्चे दसवां के बाद पढ़ना छोड़ देतें हैं । आज गांव के लोगों का जमीन खतरा में है जमीन ही उनका पहचान है ,आज जमीन खत्म हो जाता है, तो आनेवाले वंशज को क्या जवाब देंगें ।जमीन एस टी ऐसी ओबीसी का जा रहा है । आज के समय में सी एन टी भूमि को सादा पट्टा बनाकर बेचा जा रहा है झारखंड में सादा पट्टा वाला परम्परा शुरू हो गया है। वर्तमान समय में अंचलाधिकारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को गांव जाकर जनता का हाल नहीं पूछना है इन सबों को जमीन नापने से फुर्सत नहीं मिल रहा है । बी डि ओ सी ओ को जमीन नापने में मजा आता है । मननरेगा के तहत कितना पैसा का उगाही करना है । उसका पूरा हिसाब याद रहता है गलत परम्परा समाज में जहर घोलने का काम कर रहा है । समाज आज किस ओर जा रहा है विचार करने वाली बात है । मौके पर जीप सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुंडा, आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता जितेन्द्र सिंह, खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्यासी पारसनाथ उरांव ,पूर्व जीप सदस्य नामकुम फूलकुमारी देवी,भागवत प्रकाश चौधरी जिला उपाध्यक्ष राजू नायक जिला सचिव, जिला वरीय उपाध्यक्ष जलनाथ चौधरी, मुकेश नायक कुदरत शेख, राँची जिला सचिव मुकेश नायक ,जॉन तिग्गा समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहें ।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–पूजा देवी, उम्र–24 वर्ष, रंग–साँवली, उचाँई–5 फिट, 1 ईंच, पहनावा–नीला रंग का कुर्ती एंव लाल रंग का लैगिस पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला पूजा देवी, पति–विश्वजीत कुमार उर्फ छोटु, सा0–डैम साइड खूंटा टंगरा थाना–गोन्दा जिला–राँची जो दिनांक–09.07.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में गोन्दा थाना सनहा संख्या– 09/2023 दिनांक–12.07.23 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर राँची, – 94311 02090

पु0नि0 सह थाना प्रभारी गोन्दा राँची। – 94317 06162

PR.NO.303054 Police(23-24):D

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।



## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU

(District Development Section)

Phone No.: 06562-224433 Email: ddc-pal@nic.in

**Tender Reference No:** **Date:**

Expression of Interest for Supply of Utensils for Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand.

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest for supply of Utensils for Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand |
| 2 | Period of Work | 60 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on Website | 21-07-2023 |
| 4 | Tender Cost/ Document Fee | Rs 20,000/- (In the form of DD) in favour of DMFT, Palamu, Payable at Palamu (Non-Refundable) |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,00,000/- in the form of DD (Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of DMFT, Palamu, Jharkhand |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 31-07-2023 Time: 2 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date:31-07-2023 Time: 4 PM |
| 8 | Bid submission Place | Collectorate Building, District Development Section, Block-C, First Floor |
| 9 | Bid Opening Place | Collectorate Building, Meeting Hall, Block-A, First Floor |

PR 303002 Palamu (23-24)_D

**Deputy Commissioner**
**Palamu**


## अड़की थाना क्षेत्र के हुडुवा से आठ वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापामारी कर आठ वर्ष से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ज्ञात हो फिरारीयों और वारंटियों के धर-पकड़ के खुंटी जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशानुसार अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए अड़की थाना क्षेत्र के हुडुवा गांव के मंगल सिंह मुंडा के पुत्र देवेंद्र मुंडा को गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध माननीय न्यायालय के द्वारा कांड संख्या -21/2014 धारा 364/323/34 के तहत अड़की थाना में दर्ज मामले में स्थायी वारंट निर्गत किया गया है जिसके आलोक में अड़की पुलिस के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।छापामारी दल मे मुख्य रूप से अड़की थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद इकबाल हुसैन, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज तिर्की,पुलिस अवर निरीक्षक बिरजू प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक शशि प्रकाश और अड़की थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–प्रिया टोपनो, उम्र–27 वर्ष, रंग–साँवली, उचाँई–4 फिट, 10 ईंच, पहनावा–मैरून रंग का सलवार एंव हरा रंग सुट पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता महिला प्रिया टोपनो, पति–लेनिन लियोनार्ड केरकेट्टा, पता–हाथिया गोन्दा डैम साइड़ कॉके रोड़, जिला–राँची जो दिनांक–26.05.23 को घर से बगैर बताए कहीं चली है। जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में गोन्दा थाना सनहा संख्या–13/2023 दिनांक–27.05.23 दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। –94311 02090

पु0नि0 सह थाना प्रभारी गोन्दा, राँची। –94317 06162

PR 303057 Police(23-24)D

वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची।



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–अंकित अनुराग महतो, उम्र–23 वर्ष,
रंग–गोरा, ऊँचाई – 5 फीट, 10 ईंच,
पहनावा–काला रंग का शर्ट और ट्राउजर पहने हुए है

उपरोक्त लापता पुरूष अंकित अनुराग महतो पिता–अगिएल सुकरा महतो, सा0–नागेश्वर नगर धाट रोड़ कतारी बगान, थाना–चुटिया, जिला–राँची जो दिनांक–20.06.23 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नही आए जिसके संबंध में चुटिया थाना सनहा सं0–20/23, दिनांक–28.06.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर राँची। – 94317 06139

थाना प्रभारी चुटिया, राँची। – 94317 06165

PR 303061 Police (23-24)_D

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची



## राँची समाहरणालय, राँची। (जिला भू–अर्जन शाखा)

www.dlaoranchi.in

dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com, dlao-ranchi@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

पंडरा (N.H.-75 पर) कांके (होलिडे होम SH-2 पर) पथ (कुल लंबाई–5.545 कि0मी0) के चार लेन में पुर्ननिर्माण कार्य (पुल निर्माण सहित) परियोजना अन्तर्गत मौजा–पण्डरा, मिसिरगोन्दा उर्फ पहारगोन्दा, चटकपुर, कोंगे, चन्दवे, जैपुर, नावासोसा, थाना संख्या क्रमशः–149, 191, 148, 151, 198, 189, 150, जिला–रांची, अंचल–हेहल, रातु एवं कांके में अर्जित की जानेवाली भूमि से संबंधित ग्राम सभा/जन सुनवाई का आयोजन किया जाना है, जिसकी समय एवं स्थान निम्नवत् है :–

| दिनांक | संबंधित मौजा का नाम | संबंधित अंचल का नाम | समय | ग्राम सभा/जन सुनवाई स्थल | ग्राम सभा/जन सुनवाई में भाग लेने वाले कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 28/07/2023 (षुक्रवार) | पण्डरा, मिसिरगोन्दा उर्फ पहारगोन्दा एवं भीठा | हेहल | 12:30 P.M. | अंचल सभागार हेहल | श्री चमरू महली, कानूनगो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री निरज महतो, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री सोहराई महतो, अनुसेवक |
| 01/08/2023 (मंगलवार) | चटकपुर एवं नावासोसा | रातु | 12:30 P.M. | अंचल सभागार रातु | श्री जलेष्वर उरांव, कानूनगो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री निरज महतो, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री सोहराई महतो, अनुसेवक |
| 02/08/2023 (बुधवार) | चन्दवे, जैपुर एवं कोंगे | कांके | 12:30 P.M. | अंचल सभागार कांके | श्री चमरू महली, कानूनगो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री निरज महतो, बाह्यस्त्रोत अमीन/ श्री सोहराई महतो, अनुसेवक |

अतः संबंधित मौजा के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को सभी आवश्यक कागजातों के साथ ससमय निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

PR 303012 Land Reforms(23-24)D

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी राँची।



## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (विकास शाखा)

**–: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं के प्रतिभा का विकास एवं विद्यार्थियों का मौलिक विकास हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं/ पुस्तक विक्रेताओं से ज्ञानोपयोगी पुस्तकों के क्रय/ आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | निविदा का प्रकार | विद्यालयों की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राषि | प्रतिभूति राषि (@1% of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपारण प्रखण्ड अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय। | 105 | 112 (दो सेट में) कुल 224 पुस्तक प्रति विद्यालय | 10500000.00 (प्रति विद्यालय 100000.00) | 105000.00 | 25.08.2023 till 11:00 AM | 25.08.2023 at 04:00 PM | Single Stage Two Envelope Basis |

पुस्तकों की सूची एवं विशेष जानकारी हेतु वेबसाईट www.hazaribag.nic.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–

उप विकास आयुक्त,हजारीबाग

PR 303023 (District)23-24*D

## मोबाइल चोरी के आरोप में युवक धराया, लोगों ने की पिटाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र स्टील गेट सब्जी मंडी में शनिवार की सुबह मोबाइल चोरी की एक घटना को लेकर काफी देर तक हो-हल्ला होता रहा। मौके पर भुक्तभोगी व्यक्ति ने मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के दो युवक को दबोच लिया। जिसके बाद लोगों ने आरोपी युवकों की पिटाई कर दी। बाद में आरोपी युवक ने बताया कि वह सब्जी लेने आया था। उसने मोबाइल चोरी नहीं की है। जबकि स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह में यह लड़का भी शामिल था। इस घटना को लेकर काफी देर तक लोगों का मजमा जुटा रहा और हो हल्ला चलता रहा। बाद में दोनों आरोपियों को सुधारने की नसीहत देकर लोगों ने छोड़ दिया।

## लूट प्रकरण में जोरापोखर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झमाडा जल संयंत्र केंद्र में हुई पांच लाख रुपये मूल्य के कलपुर्जे लूट प्रकरण में जोरापोखर पुलिस ने कांड संख्या 153/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ओमिनी व मोटरसाइकिल का इंजन व चेचिस नंबर लेकर डीटीओ कार्यालय से गाड़ी के मालिक की तलाश में जुट गई है। हलाकि जोरापोखर पुलिस को घटना के सम्बंध में धनबाद के कुछ लोहे गोदाम का भी पता चला है जहाँ जल संयंत्र केंद्र में लूट का माल खपाया जा रहा है। हलाकि पुलिस अभी कुछ भी कहने से परहेज कर रही है ताकि अभियुक्त क्षेत्र से फरार नही हो जाए। जोरापोखर पुलिस घटना के सम्बंध में भागा बांध ओपी से सहयोग लेकर छापेमारी में भी जुट गई है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नही हो सकी है।

## समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों के बीच किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को समस्त झारखंड समाज सेवा ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर जमुआ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परांचिडिह व उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलगा स्कूल के विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलगा मैं आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सियाटांड़ मुखिया महेंद्र वर्मा समाजसेवी सरफुद्दीन अंसारी उर्फ सेफ आलम । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भागीरथ प्रसाद वर्मा कर रहे थे वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने कहा संगठित लोगों से ही सर्व समाज का विकास होता है इसके साथ ही कहा ट्रस्ट का नेक पहल है कि बच्चे को दीजिए शैक्षणिक सामग्री वितरण करके शिक्षा के प्रति बढ़ावा देना ।इत्यादि वक्ताओं ने संगठन के प्रति एवं शिक्षा के प्रति अपना विचार प्रकट किया वहीं अंत में विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी के बीच शैक्षणिक सामग्री कॉपी ,कलम ,पेन ,पेंसिल इत्यादि वितरण करके स्थापना दिवस मनाया।मौके पर परांचिडिह मे प्रधानाध्यापक रामदेव राणा सहित प्रबंधन समिति के लोग उपस्थित रहे वही चिलगा कार्यक्रम मे चिलगा मुखिया प्रतिनिधि शुभम कुमार ,पूर्व मुखिया मैनेजर सिंह, समाजसेवी शैलेश सिंह, ट्रस्ट के अध्यक्ष वासुदेव महतो , सचिव महादेव वर्मा मीडिया प्रभारी रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा (संजू) , किशोर वर्मा इत्यादि के साथ सैकड़ों ग्रामीण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ब्लॉक ऑफिस में मुखिया व बीडीओ के बीच जमकर हुआ तू-तू मैं-मैं

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोविंदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का माहौल आज काफी गर्म रहा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार एवं बागसुमा पंचायत के मुखिया निमाई महतो के बीच पंचायत सचिव के तबादले को लेकर जहां गर्मागर्म बहस हुई वहीं अंचल कार्यालय में आजसू नेता शफीक आलम ने अंचल अधिकारी के गेट के बाहर काफी संख्या में रैयतों के भीड़ रहने के बावजूद अंचल अधिकारी द्वारा अपने कक्ष में नेताओं के साथ बैठक करने को लेकर बवाल खड़ा किया।बताया जाता है की बागसुमा पंचायत के मुखिया निमाई महतो अपने पंचायत के पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलने आये थे। बीडीओ से मिलकर पंचायत सचिव जसीम अख्तर (जनसेवक) को जनहित में वहां से हटाने की मांग कर रहे थे। मुखिया का कहना था कि पिछले छह माह से उन्हें हटाने की मांग की जा रही है। प्रमुख समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने पंचायत सचिव को तत्काल हटाने को कहा है। बावजूद आखिर क्यों नहीं हटाया जा रहा है यह सुनकर बीडीओ ने जवाब दिया की स्थापना प्रखंड कार्यालय का है मनमर्जी का पंचायत सचिव नहीं दिया जाएगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच गरमागरम बहस हुई और बीडीओ ने पंचायत के मुखिया को तमीज से बात करने की हिदायत देकर कार्यालय से बाहर जाने को कह दिया। फिर तो दोनों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुई।

## ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल का मना स्थापना दिवस

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल भारत कोकिंग कोल नृत्य संगीत एवं नाट्य संघ के काला हीरा के सातवें ऑल इंडिया मल्टी लिंगुअल डांस ड्रामा एंड म्यूजिक कंपटीशन कोयला नगर में शनिवार को द्वितीय दिन कार्यक्रम की शुरुआत हुनर संस्था आजमगढ़ की प्रस्तुति गणेश वंदना से हुई। बच्चों के प्रशंसनीय प्रस्तुतियों से उनके अभिभावक एवं अतिथि काफी गौरांवित हुए तथा दर्शकों ने काफी सराहा और तालियों से स्वागत किया। द्वितीय दिन के पुरस्कार वितरण के दौरान काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा आज कार्यक्रम के निर्णायको को पुरस्कार के निर्णय लेना बहुत ही मुश्किल रहा क्योंकि सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश की है। प्रतियोगिता में विजेता काजल प्रजापति और कामिनी प्रजापति रहे।कार्यक्रम का संचालन शिल्पा कुमारी ने बहुत ही व्यवस्थित ढंग से किया। काला हीरा कार्यक्रम के साथ साथ काला हीरा के निर्देशक राजेंद्र प्रसाद, ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के संरक्षक अवधेश सिंह, सिवान बिहार के विजय श्रीवास्तव, वाराणसी के अष्टभुजा मिश्रा, एआईटीसी के यूपी स्टेट कन्वीनर सुनील दत्त विश्वकर्मा एआईटीसी के सेक्रेटरी मो.तनवीर आलम, सुरभि जयवर्धने, क्लब इंडिया के डायरेक्टर संतोष रजक एवं अन्य अतिथियों तथा कलाकारों की उपस्थिति में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मंच पर केक काटकर मनाया गया।

## एके राय की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कामरेड एके राय की स्मृति में 14वां पुण्यतिथि के अवसर पर मैथन रक्तदान संस्थान द्वारा स्टेशन क्लब मैथन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ यू कुमार एवं पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने एके राय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में मासस कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर उपस्थित दोनों अतिथियों ने कामरेड एके राय के जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि रक्तदान करना बहुत बड़ा दान है। इससे आप तो अपने आप को स्वस्थ रखते ही हैं, साथ ही आपके दिये गए एक यूनिट रक्त के द्वारा कई लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि कामरेड एके राय की झारखंड ही नही बल्कि पूरे देश मे एक अलग पहचान थी। वे झारखंड आंदोलन के अग्रणी सिपाही रहे हैं। उन्हें शत शत नमन है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच, कोल सिटी शाखा धनबाद द्वारा पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में आयोजित 8 दिवसीय स्थापना महोत्सव के समापन दिवस पर प्रांतीय निवर्तमान अध्यक्ष सह वर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जोन -2 नन्दलाल अग्रवाल के सम्मान में स्वास्थ्य जांच से संबंधित कार्यक्रम के तहत शनिवार को अम्बे विला अपार्टमेंट, शास्त्री नगर, बैंक मोड़ धनबाद परिसर में फोर्टिस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम में पधारे बतौर मुख्य अतिथि श्याम साह पूर्व अध्यक्ष, झरिया शाखा द्वारा किया गया। इस दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल से आए विशेषज्ञों में शामिल डॉक्टर अमित गुप्ता,आदि थे ।

### मणिपुर में हिंसा के खिलाफ आप ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला

# डबल इंजन की सरकार फेल : आप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शनिवार को आप के द्वारा टावर चौक में मणिपुर सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। वही जिस देश को भारत के नौजवानों ने अँग्रेजों से लड़कर आजाद कराया , ना जाति देखी , ना धर्म देखा । उस भारत की बहन बेटियों को नंगा करके घुमाया जा रहा है। उस देश के नौजवान के माथे पर पेशाब किया जा रहा है। कितनी शर्म की बात है । और इस देश का प्रधानमंत्री विदेशी दौरे में मस्त हैं। मणिपुर जल रहा है और देश वहाँ की सरकार को ढो रहा है। उक्त बातें



आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शनिवार को मणिपुर में हो रही हिंसा के खिलाफ गिरिडीह टावर चौक पर प्रधानमंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के इस्तीफे की माँग करती है। मणिपुर की सरकार को बर्खास्त करने की मांग करती है। शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार फेल हो गई है।कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि भाजपा के 9 साल के शासन में लोकतंत्र और संविधान को ध्वस्त करने का काम किया जा रहा है। मौके पर युवा नेता आशीष भदानी, मो कैसर अली, सोशल मिडिया प्रभारी अभिषेक सिन्हा ,मो मुर्शीद मिर्जा, मो तैयब अंसारी, फुटपाथ नेता शोहराब खान, मो मुस्तकीम, मो आबिद, मो एहसान अंसारी, मो ताहिर अंसारी, मो अनउल अंसारी, मो एनुल अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, मो ताज, शाहिद अंसारी , कुदरत अंसारी ,मो कौसर सहित कई लोग मौजूद थे।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री अविलंब अपना त्यागपत्र दें : ब्रजेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आईसीसी के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि मणिपुर की घटना देश को शर्मसार करने वाली है। चुनाव के पहले प्रधानमंत्री मोदीजी ने एक चुनावी भाषण में कहा था कि मणिपुर को कांग्रेस उसके हाल पर छोड़ दिया है लेकिन देश पूछती है की जब मणिपुर जल रहा था तब आप कई विदेशो की यात्रा पर चले गए और मणिपुर पर एक शब्द भी अपना बयान नहीं दिया। जब वहां दो युवती को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमाया गया तब भी वह संसद के किसी सदनों में बयान तक देना उचित नहीं समझे।



और जब लोकसभा और राज्यसभा चल रहा है तो उसके बाहर मीडिया को संबोधित कर अपना गुस्सा जाहिर किया और घिसा पीटा बयान दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा कहकर चले गए। अभी देश की मांग है मणिपुर के मुख्यमंत्री अविलंब नैतिकता के आधार पर अपना त्यागपत्र दें ।

## बाल विवाह व बाल यौन शौषण के खिलाफ आवाज बुलन्द करें : महेश पटवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन की ओर से मध्य विद्यालय राधानगर, महुदा में शनिवार को छात्र छात्राओं के साथ बाल विवाह, बाल यौन शौषण,बाल तस्कर रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों द्वारा इससे होने वाले नुकसान के बारें में जानकारी दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि बाल विवाह होने से बच्चों को शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य का भी नुकसान होता है। कम उम्र में बच्चे की मां बन जाने से शरीर में




अनेक प्रकार की बिमारी पैदा हो जाता है। बाल विवाह एक कानुनन अपराध है। अगर घर में किसी के साथ ऐसा कार्य होता है तो तुरन्त मुखिया या थाना को सुचित करें। उसपर तुरन्त कारवाई होगी। ट्रस्ट के सचिव हलिमा एजाज ने बच्चो को एक खेल के माध्यम से बाल विवाह से होने वाले नुकसान को बताया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, फिल्ड कोर्डिनेटर नईम एजाज, फिल्ड मोबलाइजर तिलक रवानी, अशरफ आलम आदि मौजुद थे।

## तीन घरों में चोरी, जेवर सहित ढाई लाख की संपत्ति उड़ाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मानजोरी पंचायत के मंडरडीह गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात को तीन घरों में चोरी कर लाखों की संपत्ति उड़ाया। बताया जाता है कि गुरुवार देर रात को मंडरडीह निवासी अनीता देवी पति स्वर्गीय कृपा शंकर तिवारी, गणेश तिवारी और प्रकाश तिवारी के घरों में बारी-बारी से ताला तोड़कर घर में रखें जेवर व आवश्यक सामान लेकर फरार हो गया। इसकी भनक अनीता देवी को तब हुई ।जब कमरे से बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलने चाहा तो देखा कि दरवाजा बाहर से



बंद है। हो हल्ला होने के बाद पड़ोसी ने घर को खोला तो अनीता देवी ने देखा कि कमरे में रखे दो बक्से गायब है वही सामान तितर-बितर कर दिए गए है। वही घर से कुछ ही दूरी पर दोनों संदूक का ताला तोड़ जेवर सहित रुपया निकाल कर संदूक को सुनसान जगह में फेंक दिया गया था। वही गणेश तिवारी और प्रकाश तिवारी के घरों में भी चोरी करने का प्रयास किया गया । इस बावत भुक्तभोगी ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी ने बताया है कि कि इस चोरी की घटना में एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरों ने ले भागा है।इधर इस मामले में बेंगाबाद पुलिस जांच में जुटी है।

## मुहर्रम को लेकर जोरापोखर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** मुहर्रम त्योहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार कि शाम को जोरापोखर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद उरांव तथा संचालन समाजसेवी किशोर कुमार ने किया। बैठक में शामिल लोगों ने भाईचारे के साथ मिलजुल कर मुहर्रम का त्योहार मनाने का पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिया। थाना प्रभारी उरांव ने मुहर्रम कमिटी के लोगों को खेल प्रदर्शन के दौरान आपतिजनक नारा नहीं लगाने तथा घातक खेलों का प्रदर्शन नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुहर्रम के अखाड़ा जुलुश को निर्धारित रूट से समय के अनुसार आवागमन करने का भी निर्देश दिया है। थाना प्रभारी ने लोगों को अफवाह से बचने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अशांति भंग होने वाली मेसेज को नजरअंदाज करते हुए पुलिस को तत्काल सूचना देने की अपील किया है।बैठक में टिस्को के सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, पिंटू तुरी, फरीद फरीदी, दिनेश यादव, उपेंद्र विश्वकर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मनन प्रसाद यादव, नौशाद अंसारी, अलीम अंसारी, दारा अंसारी, आदि थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तीन विषय सम्मिलित थे-हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत। इस कार्यशाला में सिनीडीह संकुल के सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा ,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी एवं सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर के तीनों विषयों में 46 आचार्य एवं आचार्या सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएवी प्लस टू कतरास विद्यालय के हिंदी के विभागाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा, विद्यालय के सचिव अमरकांत झा , प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

## राजगंज में श्रीमद भागवत कथा का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजगंज :** भागवत समिति राजगंज के तत्वावधान में पूज्य सुरेन्द्र हरिदास महाराज के सानिध्य,श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, बीजीएम गार्डन राजगंज में किया गया है ।श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को जय जय राधा रमण हरी बोल भजन श्रवण कराया। साथ ही बोले अहंकार से दूर रहना चाहिए और भगवान के प्रति दीन बनके रहना चाहिए। श्रावण मास में जो भी मनुष्य हरी कथा को सुनते हैं उनके जीवन के सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं।

## वेतन को लेकर किया गया अनुबंध कर्मियों हड़ताल आश्वासन के बाद खत्म हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर अस्पताल में आउट सोर्सिंग एजेंसी बाला जी के धांधली को लेकर उसके कर्मियों ने शनिवार कक हड़ताल पर रहा। वही जब एक साथ छ सो अनुबंध कर्मियों ने सदर अस्पताल समेत पूरे जिले में काम ठप कर हड़ताल पर चले गए। इसे सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के साथ सफाई कार्य और महिला स्वस्थ कर्मियों ने भी सारे कार्य ठप कर दिए । वही सदर अस्पताल के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गए और जमकर नारेबाज़ी करने लगे । इस दौरान सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने वार्ता के लिए तुरंत कर्मचारी नेता अशोक सिंह ,



रघुनंदन को बुलाया । वही सीएस के चैंबर में लगभग आधा घन्टा तक वार्ता हुई।वही बताया की प्रतेयक माह 15 तारीख को आउट सोर्सिंग एजेंसी के कर्मियों को उनका वेतन भुगतान कर दिया जयेगा।वही वार्ता के क्रम में बताया गया कि सरकार के द्वारा फंड जारी करने के बाद भी कर्मियों को वेतन भुगतान नही किया जा रहा था। वही यह भी निर्णय लिया गया कि जिस कर्मियों का पीएफ नही कट रहा है अब उन्हे पीएफ का लाभ मिलेगा ।

## मुहर्रम को लेकर टुंडी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** मोहर्रम को लेकर टुण्डी थाना में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता टुंडी अंचलाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी ने किया एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व को भाईचारे में सौहादपूर्ण वातावरण में मनाए एवं लाइसेंस धारी ही अखाड़ा में शामिल हो और निश्चित स्थान से ही अखाड़ा निकाले एवं डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा इसके अलावा टुंडी थाना प्रभारी अनिल कुजुर ने शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व को मनाने का लोगों से अपील की मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पांडे , झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाबा मनीष



मस्तान,लोलिन बासकी, प्रवीण जायसवाल , नित्यानंद पांडेय ,तिलक मंडल , संतुलाल किसको , विधायक प्रतिनिधि फूलचंद किसको, कन्दैया मुखिया अजीमुद्दीन अंसारी ,समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

### बीसीसीएल के सीएमडी से मिले विधायक राज सिन्हा, कहा

## अस्पताल परिसर के बजाए विस्थापितों को कहीं और बसाया जाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भूली अस्पताल परिसर में विस्थापितों को बसाने के विरोध में आज धनबाद के विधायक राज सिन्हा, धनबाद भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह बीसीसीएल के सीएमडी समीरण दत्ता से मिले तथा भूली अस्पताल परिसर में विस्थापितों को नहीं बसाए जाने की मांग की। कहा की भूली में काफी जमीन है, कहीं अन्यत्र बसाया जाए। भूली अस्पताल में सैकड़ों पेड़ है। और भूली अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रमिक इलाज कराने आते हैं।धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा की भूली के विकास में जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान करके बीसीसीएल अपनी भूमिका निभाए।

## सदर अस्पताल मे एक और जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सदर अस्पताल में आज एक महिला का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि डिगवाडीह 10 नंबर के रहने वाले नरेश वर्मा की 43 वर्षीय पत्नी सीमा देवी को यूरीन करने में कठिनाई और बच्चेदानी निचे खिसकने की शिकायत थी। इससे वह पिछले कई महीनों से परेशान थी।गरीबी के कारण वह अपना इलाज नहीं करा पा रही थी। निजी अस्पताल में ऑपरेशन के लिए 40-45 हज़ार का खर्च बताया जा रहा था। मरीज में खून की कमी भी थी। वह बहुत मायूस हो गयी थी। फिर उन्हें किसी ने सदर अस्पताल में चिकित्सकों को दिखाने की सलाह दी।सदर



अस्पताल में डॉ संजीव कुमार ने मरीज को देखा और ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। मरीज के लिए सदर अस्पताल के ब्लड स्टोरेज यूनिट से खून की व्यवस्था की गयी। आज दिनांक 21/07/23 को डॉ संजीव कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ और निशेत्तक डॉ आनंद कुमार और अस्पताल के कर्मियों के सहयोग से उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

## प्रोफेसर परवेज अख्तर की बेटी को प्रधानमंत्री ने भेजा शुभकामना पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रवक्ता, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री, झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासचिव, मगध यूनिवर्सिटी शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर परवेज अख्तर की बेटी उजमा ने प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा पर भाग लिया था।प परीक्षा पर चर्चा में भाग लेने पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभकामना पत्र भेजा गया है। शुभकामना पत्र पाकर उजमा और उसके परिवार और उजमा के स्कूल प्रबंधक से लेकर छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। वहीं इस अवसर पर उजमा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। प्रोफेसर परवेज अख्तर ने बताया कि मेरी बेटी जिस स्कूल में



शिक्षा ग्रहण कर रही है, उस स्कूल में जब कभी भी किसी तरह का कोई कार्यक्रम आयोजित होता है तो वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है, साथ ही मंच का संचालन भी बड़ी खूबसूरती से करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना ही शिक्षा का उद्देश होता है, शिक्षा के साथ तरबीयत भी बहुत जरूरी है।

## दो दिवसीय सुब्रतो कप का समापन, पढ़ाई के साथ खेल में भी विद्यार्थी करें मेहनत : एसडीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में 22 जुलाई शनिवार को 02 दिवसीय सुब्रतो राय कप फुटबाल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता में 21 जुलाई को बालक-बालिका वर्ग के विभिन्न पंचायत के अंडर 17 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में उच्च विद्यालय कैरो ने नगजुआ विद्यालय को हराया। जबकि बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय कैरो ने गाराडीह को हराया। वही दुसरे दिन 22 जुलाई को बालक वर्ग मे विजेता टीम सढाबे रहा एवं उपविजेता टीम नगजुवा के खिलाड़ी रहे। सभी को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया भी किया गया। मौके पर प्रथम दिन 21 जुलाई को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीओ अरविंद कुमार लाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया था। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने कहा विद्यार्थी कड़ी मेहनत करें। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर बीडीओ पवन कुमार महतो, सीओ कमलेश उरांव,उप प्रमुख मधुलिका रानी, बीईईओ जयमंगल लोहरा, विद्यालय के प्राचार्य गणेश कुमार शास्त्री सहित बीपीओ ओम प्रकाश रंजन, खेल शिक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## केरसई थाना में मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन अंचल अधिकारी संजय सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मोहर्रम शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। अंजुमन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार मोहर्रम का जुलूस नहीं निकाला जाएगा इस दौरान अंचल अधिकारी ने कहा कि किसी का इतिहास शांतिपूर्ण रहा है मोहर्रम सहित पवित्र श्रावण मास में भी पूजा हो रही है सभी त्योहार शांतिपूर्वक मनाना है। केरसई थाना के नवनियुक्त प्रभारी मुन्ना रामानी ने कहा की पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है किसी भी प्रकार का आपका सोशल मीडिया में अपने माहौल बिगाड़ने पर ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी किसी भी प्रकार का सूचना होने पर फौरन पुलिस को सूचना दें। पुलिस उस पर त्वरित कार्रवाई करेगी मौके पर प्रखंड प्रमुख तरण भोय जीप सदस्य प्रेमा बाड़ा सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जेफरीन केरकेट्टा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार बुलेश्वर प्रसाद सुधांशू प्रसाद सुरेश प्रसाद धीरेंद्र प्रसाद बसारत अंसारी परवेज अंसारी मुख्तार अंसारी सब सेक्टर राजीव रंजन असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अवधेश प्रसाद पांडे जी मौजूद थे।

## युवा सद्भावना मंच के तहत प्रखंड प्रशासन ने कराया फुटबॉल टूर्नामेंट



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा सद्भावना मंच के तहत झलजमीरा पंचायत में आयोजित हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट प्रखंड विकास पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत ग्राम में जिला प्रशासन के निर्देज़ह पर प्रखंड प्रशासन द्वारा युवा सद्भावना मंच के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरम्भ कराया गया। खेल के दौरान दोनों टीम अच्छा प्रदर्शन करते अनुशासन का परिचय दिया। फुटबॉल टूर्नामेंट समापन के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा प्रशासन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है। गांव, समाज मे भेदभाव को मिटाना और भाईचारे के साथ एक दूसरे समुदाय के पर्व में या सामाजिक कार्य में सहयोग करना। बताते हुए उन्होंने कहा युवा सद्भावना मंच के तहत खेल में भाग लेने वाले सभी समुदाय के खिलाड़ियों को प्रखंड प्रशासन की ओर प्रोत्सान करना है। साथ ही जानकारी देते हुए कहा कि आगामी मोहर्रम पर्व में युवा सद्भावना मंच की ओर से खिलाड़ी गण समाज के लिए दर्पण का मिशाल बने इसी के साथ विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खिलाड़ी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध बालू स्टॉक की सूचना पर खनन विभाग ने किया सील, बालू माफिया के विरुद्ध कार्रवाई जारी



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डांडू में बालू माफिया के द्वारा अवैध बालू स्टॉक की सूचना पर खनन विभाग ने पुलिस के सहयोग से अवैध बालू डम्पिंग यार्ड पहुंच किया सील जांच प्रकिया आरम्भ बालू माफियाओं के विरुद्ध होगी कारवाई। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम में अवैध रूप से बालू डम्पिंग करने की सूचना जिला सहायक खनन पदाधिकारी राजराम प्रसाद को मिलते ही सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार एवं शस्त्र बल के सहयोग से डांडू ग्राम स्थित अवैध बालू डम्पिंग स्थल पहुंच स्टॉक बालू को सील किया गया। वहीं बालू माफिया के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई भी किया जाएगा। फिलहाल अवैध रूप से डम्पिंग बालू को सील कर दिया गया है। और जांच में पुलिस जुट गई है। बालू डम्पिंग किसके द्वारा कराया जा रहा था। इस मामला को लेकर स्थानीय लोग भी कुछ बोलने से परहेज कर रहें। वहीं सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि 30 से 40 ट्रैक्टर बालू स्टॉक में पाया गया। जो अवैध रूप से स्टॉक किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा खनिज संपदा चोरी एवं विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाने को लेकर उन बालू माफिया के विरुद्ध कानूनी कारवाई किया जाएगा।

## जिले के विधुत समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि ऊर्जा विभागश्रद्धानंद बेसरा जी विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मारंडी जी से मुलाकात करके कहा कि वर्तमान में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने की समस्या से गांव के ग्रामीण काफी परेशान हैं, अब शहर के लोग भी ट्रांसफार्मर खराबी के कारण परेशानी का सामना उठा रहे। विगत कई दिनों से विद्युत वर्कशॉप में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग का काम विद्युत तेल की अनुपलब्धता के कारण कार्य बाधित है। श्री बेसरा ने कहा कि लोगों को कब से ट्रांसफार्मर मिलना शुरू हो जाएगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता विश्वेश्वर मरांडी जी ने कहा कि तेल उपलब्ध हो गई है अब सोमवार दिन से रिपेयरिंग का काम आरंभ कर दिया जाएगा और संभवत , मंगलवार ,बुधवार से जिन जिन गांव शहर का ट्रांसफार्मर खराब है उन्हें रिपेयरिंग के पश्चात मिलना शुरू हो जाएगा। बेसरा जी ने कहा कि सिमडेगा शहर में 4 दिनों से दो ट्रांसफार्मर खराब है एक 200 केबी का और दूसरा 100 केवी का। गरजा ग्राम के लोग 25 केवी का ट्रांसफार्मर ले गए थे परंतु आकाशीय विद्युत तड़ित के कारण 2 दिन में ही खराब हो गया। सिमडेगा प्रखंड पंचायत कुलुकेरा करम टोली, का 25 केवी ट्रांसफार्मर खराब है । कुरडेग प्रखंड वनगांव में 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब है। कोलेबिरा प्रखंड के कोनजोबा ग्राम में 100 केवी का ट्रांसफार्मर खराब है। कैरवेड़ा पंचायत के भुम्भू ग्राम का 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब है। खराब ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग नहीं होने के कारण उपरोक्त गांव व शहर के लोग काफी परेशान है। श्री बेसरा जी ने कुरडेग प्रखंड के खिंड़ा पंचायत के कुसियार पानी के ग्रामीणों की विद्युत समस्या और केरसई प्रखंड के टैंसेर पंचायत के बिहाबेल ग्रामीणों की विद्युत समस्या के समाधान के लिए भी चर्चा हुई। जमुनाखोईर ग्राम में अधुरा विद्युतीकरण के बिषय में भी जानकारी दी। आधे अधूरे विद्युतीकरण के कारण परेशान ग्रामीणों की समस्या के विषय में कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी जी ने कहा की जिले के सभी आधे अधूरे विद्युतीकरण गांव का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में चलाया गया महाजनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में पेशरार प्रखंड के केकरांग और पेशरार बाजार में महाजनसंपर्क अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा नरेंद्र मोदी जी का समर्थन करने एवं उनके द्वारा किए गए कार्यो का पत्रक लोगों के बीच बांटने का कार्य किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान मनीर उराँव ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात यदि हम रखते हैं तो खुश का सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पेशरार प्रखंड है। आज यहां का हर एक जनता जानती है कि किस प्रकार से भाजपा के नेतृत्व में बनी सरकार ने उनकी जनसुविधा युक्त, जन कल्याणकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार मुक्त लोगों के बीच में पहुंचाया आज पेशरार में बनी सड़क, बिजली, हर घर जल नल योजना, स्वास्थ्य जांच के लिए आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच उपकेंद्र का पुनः अपग्रेडेशन, सड़क, प्रखंड कार्यालय का निर्माण, लावापानी को को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कर भययुक्त वातावरण से दूर करने का कार्य किया है। वही वर्तमान में जेएमएम एवं कांग्रेस की गठबंधन सरकार में विकास की यात्रा थम सी गई है। इनके राज्य में केवल भ्रष्टाचार, असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल गई है। लगातार घटनाएं हो रही है। मौके पर उपस्थित जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री अनिल उराँव, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष भरत किसान, नंदकिशोर पांडेय, लिनु नागेशिया, संजीव भगत, विजय नगेशिया, सहित अन्य थे।

## ग्रीन एनर्जी के कारोबार में रोहित मांझी की जीवनी में सुधार



**कोलेबिरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड में स्वच्छ ऊर्जा एवं उनके जरूरतों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। रोहित मांझी जो इंटरमीडिएट है जो अपने परिवार को भरण-पोषण करने के लिए असहाय महसूस कर रहा था। लीड्स के कार्यकर्ता अभिनाश नायक द्वारा कूड़ेकेरा में ग्राम स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन किया गया। ग्राम स्वच्छ उर्जा समिति के ऊर्जा मित्र रोहित मांझी सक्रिय रूप से नियमित तौर पर ऊर्जा समिति के बैठक में भाग लेते हैं। बैठक में रेस कार्यकर्ता के द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण एवं ग्रीन बिजनेस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिस से प्रभावित होकर एवं युवा उद्यमी का तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वयं के प्रारंभिक पूंजी से सौर ऊर्जा बिक्री सह उपकरण मरमति केंद्र खोलने का दृढ़ा संकल्प लिया। कुछ समय पश्चात ग्रीन बिजनेस चैलेंज के तहत युवा उद्यमी के रूप में उनका चयन हुआ और संस्था द्वारा असेंबली यूनिट स्थापित की गई। वर्तमान में रोहित मांझी सफलतापूर्वक असेंबली यूनिट का संचालन कर रहे हैं। और असेंबली यूनिट में 5 लोगों को रोजगार दे रहे हैं। असेंबली यूनिट में एलईडी बल्ब का नवनिर्माण एवं मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। एलईडी बल्ब का बाजार में बिक्री एवं थोक बिक्री कर आय का सृजन किया जा रहा है। रोहित मांझी अपने 6 परिवारों का भरण पोषण अच्छे से कर रहे हैं। और अपने जीवन से बहुत खुश हैं और स्वच्छ ऊर्जा एवं लीडस सस्था के बारे में ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।

## खेलो झारखण्ड के तहत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में खेलो झारखण्ड के तहत आयोजित सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामिंट का समापन किया गया। खेलो झारखण्ड के अन्तर्गत प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामिंट में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालय के 14 और 17 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं के टीम भाग लिया। वही 14 वर्ष आयु बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी का टीम बेसिक स्कूल सेन्हा को पराजित कर प्रखंड चैम्पियन बना। 17 वर्ष आयु वर्ग में बालिकाओं के फाइनल मैच नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय पेशरार के बीच खेला गया। जिसमें नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय की टीम ट्राइब्रेकर में पेशरार को पराजित कर विजयी हुए। वही 17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी और उच्च विद्यालय सीठीयो के बीच खेला गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी की टीम उच्च विद्यालय सीठीयो 3- 0 से पराजित कर प्रखंड स्तरीय विजेता बना। जानकारी के अनुसार मालूम हुआ की खेल के दौरान कमिटी की ओर से नेट, बॉल और रेफरी का व्यवस्था नही था।

## संजय बर्मन ने नगर परिषद द्वारा अप्रत्याशित वृद्धि पर राज्यसभा सांसद से न्याय की लगाई गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** परिसदन में आज झारखंड राज्य के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज साहू से व्यवसाई संजय बर्म्मन के अगुवाई में नगर परिषद द्वारा आवंटित भूखंड तथा दुकान में गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, सोमवार बाजार, पावरगंज, रेलवे साइडिंग व बरवाटोली के दुकानदारों के समूह ने मिलकर गुहार लगाई तथा बताया कि परिषद द्वारा नोटिस देखकर दुकानों के किराए में अप्रत्याशित रूप से 700/ 800 प्रतिशत की बढ़ोतरी, सफाई स्कूल के नाम पर बगैर कभी नोटिस दिए 6 साल का 500 महीना की दर से एकमुश्त 35500 जमा करने, दुकानों को सिर्फ पति पत्नी और बेटा द्वारा ही दुकान संचालित करने आदि कई तरह के कागजात जमा करने एवं सभी प्रकार के राशि 3 दिनों के अंदर जमा करने का आदेश दिया गया है,अन्यथा परिषद दुकानों को सील करके नीलाम कर देगी। भयभीत दुकानदारों ने बताया कि दुकान से बड़ा आवास होता है और उसका मासिक सफाई ?30 लिया जाता है,तथा वर्तमान में बाजार की स्थिति को देखते हुए यह किराया किसी भी दृष्टिकोण से न्यायोचित नहीं है। मंत्री रामेश्वर उरांव व सांसद धीरज साहू ने मामले की गंभीरता को लेते हुए लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी व शहरी विकास मंत्रालय के सचिव विनय चौबे से दूरभाष से वार्ता कर कहा कि लोहरदगा रांची नहीं है, तथा यह छोटा शहर है, साथ ही यहां सभी छोटे छोटे दुकानदार हैं, यहां कोई इंडस्ट्रीज नहीं है! इसलिए किराया को संशोधित किया जाए। साथ ही साथ डॉ उरांव ने दुकानदारों से कहा कि वे 25 तारीख को मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस बात का जिक्र करेंगे तथा किसी भी दुकानदार के साथ अन्याय नहीं होगा।

## प्रशिक्षित अप्रेंटिस विस्थापित युवाओं को नियोजित करे सेल प्रबंधन : अमित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन) श्री राजन कुमार से उनके एडीएम बिल्डिंग कार्यालय में मिले एवं समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की माँग की। इन जनसमस्याओं में सेल द्वारा अप्रेंटिस की ट्रेनिंग लिए विस्थापित बेरोज़गार युवाओं को नियोजित करने,सेल को प्लांट लगाने में सर्वाधिक जमीन देने वाले बालीडीह निवासी स्व. ठाकुर सरयू प्रसाद सिंह के सम्मान में प्लांट के किसी गेट का नामकरण उनके नाम पर करने,स्पोर्ट्स कोटा की बंद बहाली को प्रारम्भ करने,सेल कर्मचारियों को हुए वेतन समझौता के अनुरूप एरियर का भुगतान करने, फुटपाथ दुकानदारों को केन्द्र सरकार के स्ट्रीट वेंडर अधिनियम के तहत गुमटी लाइसेंस देकर स्थायीकरण करने,अतिक्रमित क्वार्टरों को मुक्त कर सेल के इच्छुक कर्मियों को तय शर्तों पर एक से अधिक क्वाटर देने,सेक्टर 1 बी एवं सेक्टर 9 सहित सेक्टर के शेष टुटे सड़कों को दुर्गा पूजा से पूर्व मरम्मत करने एवं सभी स्ट्रीट रोड पर लाइट लगाने, सिटी पार्क का सौंदर्यीकरण कर नागरिक सुविधा बढ़ाने, बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने और उसके परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का काउण्टर लगाने,सेल के जर्जर आवासों को शीघ्र मरम्मत करने एवं पूर्व में संचालित विद्यालयों के भवनों का सदुपयोग करने सम्बंधी माँग शामिल हैं। इसे लेकर श्री अमित ने अधिशासी निदेशक कार्मिक को एक माँग पत्र भी सौंपी। श्री राजन कुमार ने इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने आश्वासन भी दिया।

## भव्य भक्ति जागरण के साथ विशाल कांवर यात्रा




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल काँवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। काँवर यात्रा में लगभग 1500 स्व ज्यादा शिवभक्त शामिल होंगे। इस निमित शनिवार को अग्रसेन भवन में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में आयोजको ने बताया कि इस काँवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। यह कांवर यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 24 जुलाई 2023 को प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डा0 बाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक आर.रामकुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल,वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय,एस.डी.पी.ओ. वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद आदि संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी. अग्रवाल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि अजातशत्रु, अमन सिंह,सन्नी सिंह, राजीव रंजन, विजय प्रजापति,सन्नी यादव, रोहित साहू, संतोष लकड़ा होंगे। काँवर यात्रा के लिए निमंत्रण पत्र भी लोगो को भेजने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर लिया गया है। वही कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था किया जा रहा है। इस निमित गुरुवार की रात को शिवभक्तों की टोली सुल्तानगंज के लिए रवाना हुई थी। एक पिकअप व दो कार में कुल 13 लोग रवाना हुए हैं। शिवभक्त अपने साथ पानी पंप और दो हजार लीटर का टँकी और 20 लीटर वाला 25 पीस जार ले गए हैं। रवानगी से पूर्व माँ दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गई और शिवभक्तों के वाहनों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया था। रवाना होने वाले शिवभक्तों में सुनील अग्रवाल,संतोष महतो,नवीन सोनी, अनुप अग्रवाल,दीपक कुमार महतो,जगेशर साहू राहुल मेहता,टिंकू कुशवाह, दाता सिंह,संजय वर्मा, प्रमोद प्रजापति,महेंद्र प्रजापति,दीपक कुमार शामिल है। काँवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने बताया कि कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया जाना है। इसको लेकर आज हमलोग सुल्तानगंज के लिए रवाना हो रहे हैं।

## प्रबंधन का बी.जी.एच में अमृत फार्मेसी खोलने का निर्णय जनहित में स्वागत योग्य : अमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित ने बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन कुमार से मिल कर बोकारो जेनरल अस्पताल परिसर में मरिजों को सस्ते दर पर दवा उपलब्ध कराने हेतु अमृत फ़ार्मेसी का काउण्टर खोलने के प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री कुमार अमित ने बताया कि हमलोग काफ़ी दिनों से प्रबंधन से इसकी माँग कर रहे थे। यह प्रबंधन का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नीतियों के अनुरूप जनहित में लिया गया निर्णय है। अमृत फ़ार्मेसी भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का उपक्रम है यहाँ से अब मरिजों को दवा ख़रीदने पर 30त्न की छूट मिलेगी जिससे बोकारो वासियों को काफ़ी आर्थिक राहत मिलेगा। श्री कुमार अमित ने अधिशासी निदेशक को बोकारो के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर माँग पत्र भी सौंपा एवं इन समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की माँग की। इन जनसमस्याओं में सेल द्वारा अप्रेंटिस की ट्रेनिंग लिए विस्थापित बेरोज़गार युवाओं को नियोजित करने, सेल को प्लांट लगाने में सर्वाधिक जमीन देने वाले बालीडीह निवासी स्व. ठाकुर सरयू प्रसाद सिंह के सम्मान में प्लांट के किसी गेट का नामकरण उनके नाम पर करने, स्पोर्ट्स कोटा की बंद बहाली को प्रारम्भ करने, सेल कर्मचारियों को हुए वेतन समझौता के अनुरूप एरियर का भुगतान करने, फुटपाथ दुकानदारों को केन्द्र सरकार के स्ट्रीट वेंडर अधिनियम के तहत गुमटी लाइसेंस देकर स्थायीकरण करने,अतिक्रमित क्वार्टरों को मुक्त कर सेल के इच्छुक कर्मियों को तय शर्तों पर एक से अधिक क्वाटर देने, सेक्टर 1 बी एवं सेक्टर 9 सहित सेक्टर के शेष टुटे सड़कों को दुर्गा पूजा से पूर्व मरम्मत करने एवं सभी स्ट्रीट रोड पर लाइट लगाने, सिटी पार्क का सौंदर्यीकरण कर नागरिक सुविधा बढ़ाने, बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेसलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने और उसके परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का काउण्टर लगाने, सेल के जर्जर आवासों को शीघ्र मरम्मत करने एवं पूर्व में संचालित विद्यालयों के भवनों का सदुपयोग करने सम्बंधी माँग शामिल हैं। इसे लेकर श्री अमित ने अधिशासी निदेशक कार्मिक को एक माँग पत्र भी सौंपी। श्री राजन कुमार ने इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने आश्वासन भी दिया। इस मुलाक़ात में कुमार अमित ने श्री राजन कुमार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विगत नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों से भी अवगत कराया। इस दौरान भाजयुमो बोकारो नगर महामंत्री श्री लालबाबू भी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से पिछले दिनों मुलाकात की गई थी. जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुवे कहा कि केंद्रीय जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को पत्र लिख कर रौतिया जाति को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग की है. श्री मरांडी ने केंद्रीय मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि रौतिया समाज के लोग रांची, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिला में सैकड़ों वर्षो से निवास कर रहे हैं. इनका मुख्य पेशा कृषि है. कृषि के अलावा मजदूरी और पशुपालन करके ही अपना जीविकोपार्जन करते हैं. इनका कोई दूसरा पेशा नहीं है. रौतिया समाज के लोगों का रंग-रूप, रहन- सहन, खान-पान, सहन, खान-पान, वेश-भूषा, रीति- रिवाज, पूजा-पाठ तथा इनका जीवन आदिवासी समाज की तरह ही है. श्री मरांडी ने कहा कि रौतिया समाज के लोगों ने जो आवेदन दिया है कि उसमें कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा 11 मार्च, 1949 को रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया था. लेकिन अज्ञात कारणों से वर्ष 1951 में एसटी की सूची से हटा दिया गया. पुनः रौतिया समाज की मांग पर जनजातीय शोध संस्थान, रांची द्वारा उक्त जाति को एसटी की सूची में शामिल करने का अनुशंसा पत्र कई बार केंद्र सरकार को भेजा है । ज्ञात हो कि अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रतिनिधिमंडल जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष लालदेव सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, खूंटी जिला अध्यक्ष जयकुमार सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रौतिया जाति का रंग-रूप, रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा, रिति-रिवाज, धार्मिक पूजा-पाठ, देवी पूजा-पाठ, सरना पूजा, पर्व त्योहार, करम जितिया, सरहूल, दशहरा, नवाखनी, सहरई, पर्व मनाने की परंपरा तथा इनकी जीवन पद्धिती अन्य आदिवासी जन जातियों की तरह है। रौतिया जाति को भूमि संबंधी, खुटकट्टी, मुईहरी, पैनमारा, पहनाई आदि खतियानी अधिकार प्राप्त है। साथ ही उन्होंने कहा कि रौतिया जाति का मूल परंपारिक पेशा कृषि है, कृषि मजदूरी एवं पशुपालन के अतिरिक्त कोई और दूसरा पेशा नहीं है।

## चलते चलते एक नजर

### गदर 2 रिलीज से पहले अमीषा पटेल को झटका



**मुंबई** : फिल्म निर्माताओं की संस्था इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (इम्पा) ने अभिनेत्री अमीषा पटेल नोटिस भेज कर अपने ऑफिस में तलब किया है। इम्पा से जारी ये नोटिस में उन मसलों को लेकर है जिसके मुताबिक उन्होंने शिकायतकर्ता फिल्म निर्माताओं की रकम वापस नहीं की है। ऐसा ही एक नोटिस पॉर्न फिल्मों से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आई अभिनेत्री सनी लियोनी के खिलाफ भी जारी किया गया है। अभिनेत्री अमीषा पटेल और सनी लियोन को मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के मुंबई कार्यालय में उपस्थित होने के लिए तलब किया है। संस्था ने यह कार्यवाही फिल्म निर्माता हरीश पटेल और विनोद बच्चन की शिकायत के आधार पर की है। शिकायत पर अपना पक्ष रखने का ये मौका इम्पा ने दोनों को दिया है। दोनों अभिनेत्रियों की पेशी अगले हफ्ते प्रस्तावित है।

### सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में किया गया वृक्षारोपण

**लखनऊ :** मे. अंसल एपीआई सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ द्वारा 22 जुलाई को प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण 2023 के अंतर्गत सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ के सेक्टर जी पॉकेट 7 के ग्रीन बेल्ट में अंसल एपीआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षों का रोपण किया गया। साथ ही वन विभाग लखनऊ के उच्च अधिकारियों द्वारा अंसल एपीआई के विकास क्षेत्र में एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों द्वारा भी वृक्षों का रोपण किया गया।



राष्ट्रपति को सीएम ने मणिपुर में जारी हिंसा की रोकथाम को लेकर कदम उठाने हेतु लिखा पत्र

# मणिपुर में आदिवासी भाइयों-बहनों पर बर्बरता निंदनीय : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मणिपुर में जातीय समूहों के बीच जारी हिंसा और दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर मणिपुर की आदिवासी महिलाओं पर बर्बरता दिखाने वाले एक लीक वीडियो को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्र लिख कर वहाँ शांति और सद्भाव हेतु मार्मिक आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर में बढ़ती स्थिति से व्यथित और चिंतित हूं। मीडिया से मिली जानकरी के अनुसार हिंसा की वजह से पहले ही सैकड़ों निर्दोष लोगों की जानें चली गई है। साथ ही संपत्ति और सार्वजनिक बुनियादी ढाँचों का नुकसान हुआ है। क्षेत्रों में रहने वाले कई जातीय समूहों के बीच असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है।

### मिल रहा मौन समर्थन, हिंसा है जारी

पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर दो महीने से ज्यादा समय से जल रहा है। जानकारी के अनुसार, मणिपुर में बच्चों सहित 40 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं और अस्थायी शिविरों में रह रहे हैं। कुछ निहित स्वार्थों की वजह से मौन समर्थन के साथ, यह जातीय हिंसा बेरोकटोक जारी है, जो दुःखद है। मणिपुर से कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी मणिपुर में शांति बहाल करने हेतु केंद्र सरकार से अपील की है।



### मणिपुर में शांति, एकता समाप्त होने जैसा प्रतीत

मुख्यमंत्री ने कहा दो दिन पूर्व मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ जिस तरह से बर्बरतापूर्ण व्यवहार हुआ, वह अत्यंत चिंतनीय और निंदनीय है। इस घटना ने पूरे देश को अंदर तक झकझोर कर रख दिया है। भारत के संविधान में देशवासियों को प्राप्त सम्मान के अधिकार को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है।

एक समाज को कभी भी उस हद तक नहीं जाना चाहिए, जहां लोगों को उस तरह की शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक क्रूरता का सामना करना पड़े। जैसा हमने मणिपुर में देखा है। ऐसा प्रतित होता है कि मणिपुर में शांति, एकता और न्याय समाप्त होने के कगार पर है।

### कदम उठाएं महामहिम

राष्ट्रपति से मुख्यमंत्री ने पत्र में आग्रह किया है कि मणिपुर और देश के सामने संकट की इस घड़ी में हम आपको आशा और प्रेरणा के अंतिम स्रोत के रूप में देखते हैं जो इस कठिन समय में मणिपुर के लोगों को रोशनी दिखा सकतीं हैं। अतः इस विकट परिस्थिति में आगे का रास्ता दिखाने, न्याय सुनिश्चित करने और मणिपुर की शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की अपील करता हूं। हमें अपने साथी आदिवासी भाइयों और बहनों के साथ हो रहे बर्बर व्यवहार को रोकना होगा। मणिपुर की स्थिति ठीक होनी चाहिए। मणिपुर को मरहम की ज़रूरत है। एक देश के रूप में हमें आगे आकर मदद करनी होगी।

# राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का धरना प्रदर्शन जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने लगभग पंद्रह दिन से राजभवन के सामने पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रर्दशन कर रहे हैं। पांच सूत्री मांगों को अविलंब पुरा करें सरकार नहीं तो राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया है।मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राजभवन के समीप धरना स्थल पर पहुंचे। और संघ की जायज मांगों का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबसे पहले प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर वार्ता करनी चाहिए। और इनके जायज मांगों को अविलंब पुरा करना चाहिए। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए हुए है।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। हमलोगो की जायज मांगों को अविलंब पुरा करे, ताकि हमलोगों का सही तरीका से भरण पोषण हो सके। सरकार अपनी किए हुए वादे से मुकर रही है।

संघ के सदस्यों को संबोधित करते हुए पलामू जिला के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार जबतक वार्ता नही करती है, और मानदेय नहीं देती है तब तक आंदोलन चलता रहेगा। सरकार झारखंड के पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ छलने का काम कर रही है। पलामू जिला जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी, हजारीबाग के रिजवान अली ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से उनके आवास में जाकर मुलाकात किया। उन्होंने कहा कि आपकी मांगों पर विचार किया जाएगा। संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से वार्ता कराने के लिए अपील किया।

# अहमदनगर जिले में हथियारों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मुंबई :** अहमदनगर जिले के खरे करजुले गांव में पुलिस ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद किया है, जिसमें 12 बम, 25 किलो गोला-बारूद और 25 पिस्तौल की गोलियां शामिल हैं। इस मामले में पुलिस ने दिनकर शेलके को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम को खरे करजुले गांव के एक व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार रखे जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर शुक्रवार की रात में पुलिस ने छापा मारा और संबंधित घर से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपित दिनकर शेलके को गिरफ्तार किया और उस पर विस्फोटक सामग्री और हथियार रखने का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि अहमदनगर में खेरे करजुले गांव के पास ही भारतीय सेना का एक टैंक प्रशिक्षण केंद्र है। यहां टैंक प्रशिक्षण के दौरान टैंक से दागे गए बिना फटे बमों को जवान फिर से एकत्र कर लेते हैं, लेकिन इस फायर रेंज का क्षेत्र बहुत बड़ा है। साथ ही जंगली इलाका होने के कारण सेना के जवान कभी-कभी वहां नहीं पहुंच सकते। इसलिए गांव में कुछ लोग ऐसे बमों को इकट्ठा करते हैं और उन्हें खुद ही नष्ट कर कबाड़ में बेच देते हैं। हालांकि यह सब बहुत ही खतरनाक है। पुलिस दिनकर शेलके से इस तरह के विस्फोटकों और हथियारों के भंडारण के उद्येश्य का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



# भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने महिला किसानों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, स्वतंत्र निदेशक भारत सरकार सह पूर्व जिला पार्षद पांकी श्रीमती नमिता देवी उर्फ लवली गुप्ता ने नुरु पंचायत के चालीस महिला किसानों को सम्मानित किया मौके पर महिला किसान बहनों को संबोधित करते हुए श्रीमती गुप्ता ने बताया भारत की लगभग 60त्न जनसंख्या प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर आश्रित है इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में कृषि का अहम योगदान है देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता कृषि कार्यों में आने वाली असुविधाओं को दूर करने के लिए घर घर जाकर किसानों के हितों से संबंधित योजनाओं के विषय में बातचीत कर रही है व साथ ही किसानों को सम्मानित कर उनके आत्मबल को बढ़ावा दे रही है । केंद्र से संचालित होने वाले किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पशुधन बीमा योजना ऐसे तैंतालीस तरह के केंद्र से संचालित योजना है जो किसान के आय को दोगुना करने के लिए केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं।



आज किसानों के कोई दुख दर्द को समझने वाला है या किसानों के हित में कोई कार्य करने वाला पार्टी है तो वह भारतीय जनता पार्टी है झारखंड में रघुवर दास सरकार ने जेएसएलपीएस का गठन कर महिलाओं को कृषि के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का एक सराहनीय पहल किया था ।आज कई किसान बहने हैं जो उत्पाद समूह बनाकर जैविक तरीके से मिश्रित खेती कर सालाना लाखों की आमदनी प्राप्त करती हैं ,इससे महिला किसानों का आत्मबल बढ़ा है।

श्रीमती लवली गुप्ता ने किसान बहनों से मोटा अनाज जैसे ज्वार ,बाजरा, रागी, कोदो ,मडुआ आदि फसलों को उगाने का आग्रह किया व साथ ही मोटा अनाज के प्रयोग से होने वाले फायदे को भी लोगों को बताया।

मौके पर मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से चतुर्गुण साव, सतन राम, सुरेन्द्र कुमार साव ,सोनू साव, शीला देवी, रामवृक्ष भुईया, संतोष भुइया, यशवंत कुमार साव, लल्लू साव, मनीष कुमार ,भरत कुमार, निरावती देवी आदि किसान भाई बहन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने की प्रदेशवासियों से अपील, कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं

# हमारे लिए पर्यावरण की रक्षा आस्था का विषय : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने संदेश में कहा है कि हमारे लिए पर्यावरण की रक्षा आस्था का विषय है। हमारे पास प्राकृतिक संसाधन हैं, क्योंकि हमारी पिछली पीड़ियों ने इन संसाधनों की रक्षा की। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इन विचारों को आत्मसात करते हुए आज 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' थीम पर प्रारंभ हो रहे 'वृक्षारोपण जन अभियान-2023' के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। इस महाभियान की श्रृंखला में पूरे उत्तर प्रदेश में पूर्वाह्न 11 बजे तक करीब 11 करोड़ पौधों का रोपण हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि आज कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और इस लोक-कल्याणकारी मुहिम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य सहजीवन-सहअस्तिव का संदेश देती अपनी सनातन संस्कृति के जीवनदायक मूल्यों से हमारे जुड़ाव को बढ़ाने का एक महा-अनुष्ठान भी है। अतः पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकी संतुलन को सुनिश्चित करते इस ईश्वरीय कार्य में आप सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ट्वीट के जरिये अपने संदेश में कहा है कि भारतीय मनीषा ने वृक्षों को देवतुल्य सम्मान दिया है। वेदों में कहा गया है, रक्षाएं प्रकृति पातुं लोका, अर्थात प्राणि मात्र के लिए प्रकृति की रक्षा कीजिए। उन्होंने लिखा है कि वृक्ष न सिर्फ हमारे जीवन के लिए प्राणवायु आक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन में वृक्षों का अति महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे पूर्वजों ने इस महत्व को स्वीकार कर वृक्ष लगाए और उनका संरक्षण किया। आज हमारी बारी है। आइए, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण महाभियान-2023 को सफल बनाएं।

### झारखंड में पीएम कुसुम योजना के तहत 36716 योजनाओं को मिली स्वीकृति

**रांची :** पीएम कुसुम योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और पानी के सुरक्षा की गारंटी देना है। किसानों की कृषि अच्छे से हो। उनकी आय में बढ़ोतरी हो। पर्यावरण प्रदूषण से बचा जा सके। इस उद्देश्य से पीएम कुसुम योजना यानी प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान की शुरुआत की गई है। यह जानकारी केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने लोकसभा में शनिवार को दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित सवाल पूछा था। संजय सेठ के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष रूप से कृषि क्षेत्र को ऊर्जा और सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सौर ऊर्जा के माध्यम से किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सके। उनकी खेती प्रदूषण से बच सके। उनकी पैदावार ज्यादा हो।

